आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 33.5° | अधिक. 33.8° |
| न्यून. 23.6° | न्यून. 23.0° |

रांची, शुक्रवार
04 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-152, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

## 3800 करोड़ की लगत से 9 राष्ट्रीय राजमार्गों का हुआ शिलान्यास

# गडकरी के एलिवेटेड कॉरिडोर से राजधानी रांची निहाल...

मनोज मिश्रा

रांची। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गढ़वा के बाद रांची को भी गुरुवार को बड़ी सौगात दी। उन्होंने रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इससे पहले रांची पहुंचने पर नितिन गडकरी पर फूलों की बारिश की गई। इस स्वागत से केंद्रीय मंत्री अभिभूत दिखे। रातू रोड एलीवेटेड कॉरिडोर के निर्माण पर करीब 560 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। नितिन गडकरी ने आज झारखंड में 6300 करोड़ रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

**नितिन गडकरी ने कहा- सालों पहले सीपी सिंह ने की थी फ्लाईओवर की मांग :** एलीवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करने के बाद नितिन गडकरी ने कहा कि सालों पहले सीपी सिंह ने मुझे इस रास्ते पर लाकर कहा था कि यहां फ्लाईओवर बनाने की जरूरत है। इसके बाद संजय सेठ लगातार मेरे पीछे लगे रहे। अधिकारियों ने मुझसे कहा कि यह सड़क शहर के बीचोबीच है, इसलिए इस काम को राज्य सरकार या नगर निगम को करना चाहिए। हालांकि, बाद में हमने संजय सेठ के दबाव में इस फ्लाई ओवर को बनाने का फैसला किया और अब यह बनकर तैयार है। इस फ्लाईओवर से रांची में प्रदूषण कम होगा और लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

**रांची में इलेक्ट्रिक बस और आउटर रिंगरोड की घोषणा की :** नितिन गडकरी ने कहा, 'नागपुर के बाद रांची देश का दूसरा शहर होगा, जहां इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। ये बसें डीजल बसों की तुलना में 30% सस्ती होंगी।' उन्होंने रांची में आउटर रिंगरोड निर्माण को मंजूरी देने की घोषणा की और रातू रोड फ्लाईओवर के सौंदर्यीकरण के लिए आर्ट कॉलेज के छात्रों के सहयोग की बात कही। गडकरी ने बताया कि झारखंड में एक लाख करोड़ रुपये से सड़क निर्माण कार्य होगा, जिसमें कई परियोजनाएं शामिल हैं।

**रांची-वाराणसी कॉरिडोर और अन्य परियोजनाएं :** गडकरी ने बताया कि 413 किमी लंबा रांची-वाराणसी इकोनॉमिक कॉरिडोर साढ़े चार घंटे में तय होगा, जिसका 60% निर्माण पूरा हो चुका है। शेष पेज 11 पर



**नितिन गडकरी ने इन योजनाओं का किया लोकार्पण :** नागा बाबा खटाल से नितिन गडकरी ने झारखंड को 6300 करोड़ रुपए का तोहफा दिया। उन्होंने 1900 करोड़ की लागत से पलमा से गुमला तक बने फोर लेन सड़क, 560 करोड़ रुपए की लागत से रांची शहर में रातू रोड पर बने एलिवेटेड कॉरिडोर, 70 करोड़ की लागत से बने बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर के चौड़ीकरण शेष पेज 11 पर



**संजय सेठ और बाबूलाल मरांडी ने एयरपोर्ट पर गडकरी का किया स्वागत :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट से सीधे गडकरी गढ़वा के लिए रवाना हो गए, जहां वे रेहला फोर लेन सड़क का उद्घाटन किया। इसके बाद वह रांची लौटे।



**रांची का तीसरा फ्लाइओवर देखने को उमड़ी जनता, लगा गाड़ियों का तांता :** रांची के तीसरे रातू रोड फ्लाइओवर को देखने के लिए गुरुवार शाम में लोगों का हुजूम नागाबाबा खटाल के पास उमड़ पड़ा। लोग फ्लाइओवर के पास जाकर सेल्फी लेते दिखे। वहीं, कई लोग घंटों केंद्रीय मंत्री को देखने के लिए भी आए थे। मौसम खराब होने की स्थिति में भी लोग घंटों खड़े रहे। वहीं, नागाबाबा खटाल समीप बेरीकेटिंग कर दी गई शेष पेज 11 पर

**₹6000** करोड़ से बनेगा रांची का आउटर रिंग रोड

**राजधानी को जाममुक्त करने का 4 दशक पुराना सपना हुआ पूरा**

**घंटों का सफर अब मिनटों में होगा पूरा**

### 40 साल से रातू रोड का सपना था फ्लाईओवर : सेठ

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन गड़करी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शेरशाह सूरी के नाम को सदा सदा के लिए मिट्टी में मिला दिया गया है। रांची के लिए 40 साल से रातू रोड का सपना था फ्लाईओवर। लाल मिट्टी से लेकर कालीकरण के लिए आंदोलन करना पड़ता था लोगों को जाम से जूझना पड़ता था। शेष पेज 11 पर

### फ्लाइओवर बनने से राजनेताओं ने जताई खुशी...

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इन परियोजनाओं को झारखंड के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा, '2014-19 के दौरान डबल इंजन सरकार ने सड़क यातायात को सुगम बनाने की योजनाएं बनाई थीं, जो आज पूरी हुई हैं। साहिबगंज सड़क निर्माण ने संताल की दूरी को कम किया है।' बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शेष पेज 11 पर

### रांची में केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की घोषणा

- आउटर रिंग रोड, रांची के डीपीआर को मंजूरी दी गई। **₹6000 करोड़** की लागत से बनेगा आउटर रिंग रोड।
- रातू रोड में नवनिर्मित एलिवेटेड कॉरिडोर के सभी पिलर पर सोहराई पेंटिंग को तत्क्षण स्वीकृति।
- रांची-सिल्ली-मुरी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करते हुए गति शक्ति के तहत इसके निर्माण की संभावना तलाशेंगे।
- नागपुर की तर्ज पर रांची और जमशेदपुर में ई बस के परिचालन का ट्रायल करवाया जाएगा।
- एकचारी से मेहगामा खंड का 4-लेन निर्माण **₹1300 करोड़** की लागत।
- कोडरमा-मेघातारी खंड का 4-लेन निर्माण को मंजूरी। लागत **₹900 करोड़** इससे रांची और पटना के बीच बेहतर संपर्क प्रदान करेगा। दोनों क्षेत्र में यात्रा समय 1 घंटे से घटकर 30 मिनट होगा। दुर्घटनाओं और यातायात संकुलन को कम करेगा।
- पाकुड़ शहर में **₹450 करोड़** की लागत से 20 किमी लंबा बाइपास निर्माण।
- हंटरगंज में बाईपास निर्माण **₹150 करोड़** की लागत से 7 किमी लंबा होगा यह बाईपास।

**5000+**

**₹500 करोड़** रुपए सीआरएफ (केंद्रीय सड़क फंड) के किए मंजूरी।

### ऑपरेशन सिंदूर जाबांज जवानों की ताकत

राष्ट्रीय नवीन मेल




पूनम सिन्हा भाव शिखा

मिशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, हमारे देश के महापराक्रमी, जांबाज जवानों की ताकत है और पहलग़ाम की वादियों में निर्दोष, मासूम प्रयटकों के खून बहाने वालों के बिरुद्ध प्रतिशोध की ज्वाला है।

धर्म और जाति के नाम पर पाकिस्तान के क्रूर आतंकवादियों ने सिंदूरी खून से मेहंदी के रंग को फीका क़र दिया, माता की गोद को सूना कर किया, बच्चों के सर से पिता का साया छीन लिया और पत्नि के मांग की सिंदूर मिटा दी। अब यही हिंदुस्तानी सिंदूर ऑपरेशन सिंदूर के नाम से पाकिस्तानी आतंकवाद का नामोनिशान मिटा देने का संकल्प ले चुका है। आज हमारे जवानों का शौर्य उनपर इस प्रकार कहर बन ढा रही है कि आज उनके लाशों को कन्धा देने वाला कोई नहीं। आज ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमारे देश के बहादुर सैनिकों ने अपना इतिहास रचने वाला अनोखा शौर्य दिखला क़र दुश्मनों के सारे मनसूबे को ध्वस्त क़र, देश का गौरव बढ़ाया है इसके लिए हम भारतवासी उन्हें बधाई देत्ते है। आज पूरा विश्व इस ऑपरेशन सिंदूर की भूरी-भूरी प्रशंसा क़र रहा है।

हमारे वैज्ञानिक भी कंधे से कंधा मिला कर श्रेष्ठ और सटीक हथियार तैयार कर रहें हैं जिसका उपयोग हमारे बीर सैनिक बखूबी करते हुए पूरे संसार को अचँभित कर रहें हैं।

हमारे दुश्मन थर्र थर्र कांप रहें हैं अब उनके दुर्दिन सामने हैं।

नमन है हमारे माँ भारती के रक्षक, अपने कुल के गौरव, मनु वंशज, और मानवता के रखवाले वीर जवानों को।

**भारत माता की जय, जय हिन्द, जय हिन्द की सेना**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

## सीएम के निर्देश पर दुबई में फंसे झारखंड के मजदूर लौटेंगे स्वदेश





नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद दुबई में फंसे गिरिडीह, हजारीबाग और धनबाद के 15 मजदूरों के वतन वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मजदूरों ने वीडियो जारी कर राज्य सरकार से वतन वापसी में सहयोग की अपील की थी।

मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग और राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को मजदूरों के सुरक्षित वतन वापसी और बकाये पारिश्रमिक का भुगतान कराने का निर्देश दिया था। सभी 15 कामगार दुबई स्थित मसाई कान्ट्रैक्टिंग एलएलसी कंपनी में कार्यरत हैं। शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया, कहा

## हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध अनानास से भी ज्यादा मीठी

अकरा(आईएएनएस)

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मैं घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करके बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है, जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं 1.4 बिलियन भारतीयों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और सद्भावना लेकर आया हूं।



उन्होंने कहा कि जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं, जो साहस के साथ खड़ा है- एक ऐसा राष्ट्र, जो सम्मान और शालीनता से हर चुनौती का सामना करता है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। आपका राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं इसे हमेशा संजोकर रखूंगा। उन्होंने कहा कि भारत को अक्सर लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। हमारे लिए लोकतंत्र केवल शासन की व्यवस्था नहीं है, यह जीवन जीने का एक तरीका है, जो हमारे मौलिक मूल्यों में गहराई से निहित है। हजारों वर्षों से हमने लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखा है। वैशाली के प्राचीन गणराज्य से लेकर दुनिया के सबसे पुराने शास्त्रों में से एक ऋग्वेद के ज्ञान तक, जिसमें कहा गया है, 'सभी दिशाओं से अच्छे विचार हमारे पास आएं।' विचारों के प्रति यह खुलापन हमारे लोकतांत्रिक लोकाचार के मूल में है। आज भारत में 2,000 से अधिक राजनीतिक दल, 22 आधिकारिक भाषाएं और हजारों बोलियां हैं। यह विविधता कोई चुनौती नहीं है। यह हमारी ताकत है। यही कारण है कि सदियों से भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपकी अनुमति से मैं कह सकता हूं कि हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी ज्यादा मीठी है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ मिलकर हम अपने संबंधों को एक व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि कितना सुखद संयोग है कि भारत के कई गौरव भरे क्षणों में अफ्रीका जुड़ा हुआ है। जब भारत ने चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड किया तो उस दिन भी मैं अफ्रीका में था और आज जब एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री मानवता के लिए स्पेस स्टेशन में एक्सपेरिमेंट कर रहा है तो भी मैं अफ्रीका में हूं।

उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम का हब है। हम नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरे हैं और हमें गर्व से दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता है।

**इंडिया**

## भ्रष्ट आइएएस की बढ़ती संख्या से नौकरशाही की गिरती प्रतिष्ठा

25 साल का होने जा रहा झारखंड अपनी खनिज संपदा और प्राकृतिक सौंदर्य से भरे पर्यटन स्थलों से अधिक कथित भ्रष्ट बड़े अधिकारियों के कारण चर्चा में है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों विनय कुमार चौबे,



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

छवि रंजन और पूजा सिंघल की गिरफ्तारी और आरोपों ने न केवल सुर्खियां बटोरीं बल्कि राज्य की छवि को भी धूमिल किया। भ्रष्टाचार के आरोप में फंसने वालों में 1999 बैच के आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को राज्य सरकार के एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में उन पर आरोप है कि उन्होंने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग का सचिव रहते हुए शराब नीति में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं कीं, जिससे छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट को लाभ पहुंचा। इस घोटाले से राज्य को 38 करोड़ रुपये से अधिक के सरकारी राजस्व का नुकसान हुआ। एसीबी ने चौबे और संयुक्त आबकारी आयुक्त गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया, जो इस मामले में एक और कड़ी हैं। यह आरोप नौकरशाही, राजनीति और निजी क्षेत्र की सांठगांठ से ही संभव है। हजारीबाग में उपायुक्त रहे श्री चौबे पर आरोप है कि हजारीबाग के खासमहाल की 2 I75 एकड़ जमीन का फर्जी दस्तावेज के आधार पर 23 निजी लोगों को निबंधित कर दिया था। इससे पहले 2011 बैच के आईएएस अधिकारी छवि रंजन को ईडी ने रांची में सेना की जमीन से संबंधित अवैध खरीद-बिक्री के मामले में गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने रांची के उपायुक्त पद पर रहते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 4 I55 एकड़ सैन्य भूमि की बिक्री में सहायता की। रांची के बरियातू और चेशायर होम रोड जैसे क्षेत्रों में जमीन घोटाले में उनकी संलिप्तता सामने आई। ईडी की जांच में पता चला कि छवि रंजन ने जमीन माफिया व बिचौलियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की, जिससे सरकारी और आदिवासी जमीनों का दुरुपयोग हुआ। छवि रंजन अभी भी जेल में हैं और इन आरोपों ने श्रेष्ठ माने जाने वाली नौकरशाही की गरिमा को प्रभावित किया है। 2000 बैच की आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल 21 साल की उम्र में ही भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चयनित हुई थीं और सबसे कम उम्र की आईएएस के तौर पर उनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में अंकित है। पर 2022 में मनरेगा घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में उनकी गिरफ्तारी हुई। खूंटी की उपायुक्त रहते हुए उन्होंने 2008-10 के दौरान 10 I16 करोड़ रुपये की अनियमितता की। ईडी ने उनके ठिकानों पर छापेमारी में 19 I31 करोड़ रुपये नकदी और 150 करोड़ की अघोषित संपत्ति के दस्तावेज बरामद किए। उनके सीए सुमन कुमार के घर से भी भारी मात्रा में नकदी मिली। पूजा सिंघल को दिसंबर, 2024 में जमानत मिली और उन्हें दोबारा पोस्टिंग भी दी गई। राज्य में भ्रष्टाचार के कारणों की बात करें तो यहां के लोगों का जागरूक नहीं होना और अरबों की खनिज संपदा इसके मूल कारण हैं। विकास योजनाओं से लेकर खनन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायतें आती हैं।



जमीन की हेराफेरी और शराब नीति में मनमानी ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए भ्रष्ट अधिकारी तक साक्ष्य के अभाव में और प्रभावशाली लोगों के कारण छूट जाते हैं जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इन घोटालों ने झारखंड को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। ऐसे मामलों से राज्य की छवि को धक्का लगा है। एंटी करप्शन ब्यूरो लगातार रिश्वत आदि की मिलने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करती है, लेकिन यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय बढ़ रही है। कई सरकारी पदाधिकारियों और कर्मियों के पास आय से काफी अधिक धन है, जिसे लक्ष्य बनाकर कार्रवाई की जाए लोकपाल को सक्रिय किया जाए तो भ्रष्टाचार की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सकता है। टेंडर में मनमानी पर रोक के लिए प्रक्रिया को अधिकाधिक पारदर्शी बनाने से ऐसी शिकायतों में कमी आ सकती है। टर्न ओवर की बड़ी राशि जैसे मनमाने शर्तों के आधार पर पदाधिकारी पहले से ही यह तय कर लेते हैं कि अमुक एजेंसी को टेंडर देना है। ऐसे में सक्षम कंपनियों को तकनीकी खामी बताकर छांट दिया जाता है। इससे भ्रष्टाचार का पोषण होता है। शीर्ष स्तर पर भ्रष्टाचार के इस खेल में चौबे अंतिम कड़ी नहीं हैं। आगे भी इस कड़ी में कई नाम जुड़ेंगे क्योंकि राज्य सरकार इस पर रोक के लिए तत्पर दिख रही है। 180 देशों की लिस्ट में भारत 96वें पायदान पर है जो पिछले 10 सालों में भारत की सबसे खराब रैंकिंग है। 2023 में भारत की रैंकिंग 93 थी यानी नए इंडेक्स में भारत की रैंकिंग में 3 पायदान की गिरावट आई है। वैसे सिर्फ नौकरशाही को भ्रष्ट नहीं कहा जा सकता क्योंकि वे इस तंत्र के एक महत्वपूर्ण पुर्जे की तरह होते हैं जो फ़ैसले लेते हुए दिखते हैं पर असल फैसले वो नहीं करते बल्कि पूरे तंत्र का नेतृत्व करने वाले नेता लेते हैं जो एक ओर इन्हें बढ़ावा देते हैं तो दूसरी ओर ईमानदार को किनारे कर देते हैं।

**झारखंड रेल हादसा...**

## साहिबगंज में मालगाड़ी की 18 बोगी पटरी से उतरी



नवीन मेल संवाददाता

साहिबगंज। साहिबगंज में गुरुवार सुबह बड़ा रेल हादसा हो गया। इसमें पत्थरों से लोड एक मालगाड़ी बेपटरी हो गयी, जिससे कई बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन रेलवे को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

इस दुर्घटना में मालगाड़ी की करीब 18 बोगियां पटरी से उतरकर नीचे गिर गईं हैं। मालदा डीआरएम घटनास्थल का मौका-मुआयना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है।


साहिबगंज के बरहरवा हिल अपर साइड में गुरूवार की सुबह पत्थर चिप्स लोडेड एक मालगाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे मालगाड़ी के डिब्बे घनी आबादी की तरफ आ गिरे लेकिन इस घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी पहाड़ पर थी। जब मालगाड़ी पहाड़ से ढलान की तरफ आने लगी तो वह अनियंत्रित होकर सरकने लगी। शेष पेज 11 पर

## स्वागत



**केंद्रीय** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर परिवार के साथ सड़क परिवहन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास उपस्थित रहे।

## लगा जाम



**उद्घाटन** के बाद एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपर युवाओं से लेकर परिवारों के साथ घूमने वाले लोगों की भीड़ लगी हुई थी जो पार्कों की तरह बीच-बीच में खड़ा होकर बोल बतिया रहे थे या सेल्फी ले रहे थे।

## विमल लकड़ा का हाल जानने अस्पताल पहुंचे राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचकर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से श्री लकड़ा के उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि विमल लकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। सम्पूर्ण राज्यवासी उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रही है।

## विमल लकड़ा को फिलहाल ऑपरेशन की जरूरत नहीं : डॉ इरफान अंसारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को अस्पताल जाकर पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मंत्री ने डॉक्टरों की टीम को स्पष्ट निर्देश दिया कि उनके इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

उन्होंने उनकी पत्नी और परिजनों से मुलाकात कर भरोसा दिलाया कि अब उनकी स्थिति स्थिर है। डॉक्टरों की राय में फिलहाल ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं है। झारखंड सरकार का पूरा स्वास्थ्य विभाग उनके साथ खड़ा है। हर जरूरत का ख्याल रखा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि वह खुद उनके उपचार का निजी रूप से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आवश्यकता पड़ी तो देश-विदेश के सर्वश्रेष्ठ न्यूरो सर्जन से उनका इलाज करवाया जाएगा।

## देव शयनी एकादशी 6 जुलाई को



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी अत्यंत पुण्य दायिनी मानी जाती है। यह दिन भगवान विष्णु के शयन करने और चातुर्मास के आरंभ का प्रतीक है। इस वर्ष देवशयनी एकादशी 6 जुलाई दिन-रविवार को मनाई जाएगी। देव शयनी एकादशी को 'हरि शयनी एकादशी' 'पद्मा एकादशी' और 'आषाढ़ी एकादशी' के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीर सागर में शेषनाग की शैया पर योगनिद्रा में चले जाते हैं। यह निद्रा चार महीनों तक रहती है, जिसे चातुर्मास कहा जाता है। इस अवधि में भगवान विष्णु का उत्तरायण से दक्षिणायन गमन होता है, और यह काल तपस्या, व्रत, संयम और भक्ति का होता है। इस एकादशी को समस्त जगत के पालनकर्ता श्री हरि विष्णु जी की विधिवत पूजा कर शयन कर दिया जाता है, चातुर्मास में श्री विष्णु योग निद्रा में चले जाएंगे, भगवान के शयन के साथ ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन जैसे शुभ एवं मांगलिक कार्यों पर अस्थायी रोक लग जाती है।

### झारखंड सरकार का बड़ा कदम

# पंचायत सचिवालयों में होगी आधार सेवा केंद्रों की स्थापना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। आज राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग तथा कॉमन सर्विस सेंटर - स्पेशल परपज़ व्हीकल (सीएससी-एसपीवी) के बीच एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते के तहत राज्य के पंचायत सचिवालयों में स्थायी आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की स्थापना की जाएगी। यह सुविधा अब ग्रामीण जनता को उनके स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी, जिससे उन्हें आधार से संबंधित सेवाओं के लिए दूरस्थ शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। यह कदम समय, श्रम और संसाधनों की बचत के साथ-साथ डिजिटल समावेशन को भी बढ़ावा देगा।

यह पहल झारखंड वित्त नियमावली के नियम 245 के अंतर्गत विशेष स्वीकृति के तहत संभव हो पाई है, जिसमें राज्य सरकार ने सीएससी-एसपीवी को पंचायत भवन में आधार सेवाएं संचालित करने की अनुमति प्रदान की है।

झारखंड की ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने इस अवसर पर कहा,

"यह समझौता झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को डिजिटल पहचान से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी प्रयास है। इससे न केवल आधार सेवाएं सुलभ होंगी, बल्कि पंचायत सचिवालय डिजिटल सेवा केंद्रों के रूप में सशक्त बनेंगे।"

पुराने सभी इकरारनामों को रद्द कर अब यह नई व्यवस्था यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित इन-हाउस मॉडल के अंतर्गत लागू की जाएगी। इस समझौते के तहत जल्द ही पूरे राज्य में आधार पंजीकरण और उससे जुड़ी सेवाएं पंचायत सचिवालयों से प्रारंभ कर दी जाएंगी।

यह कदम झारखंड सरकार के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के संकल्प को गति देने के साथ-साथ डिजिटल भारत के विज़न को जमीनी स्तर तक साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## नागरमल मोदी सेवा सदन में 'डॉक्टर्स डे' मना

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नागरमल मोदी सेवा सदन में 'डॉक्टर्स डे' समारोह मनाया गया। चिकित्सा अधीक्षक व सभी चिकित्सकों के साथ दीप प्रजवलित करते हुए समारोह का शुभारम्भ किया गया। समारोह में सदन के अध्यक्ष अरुण कुमार छावछरिया ने सभी चिकित्सकों का स्वागत करते हुए भारतरत्न डॉ. विधानचन्द्र राय की चर्चा की तथा कहा कि चिकित्सक दिवस एक दिन का सम्मान न रहे, हमें हर कदम पर चिकित्सकों को सम्मान, सुरक्षा और समर्थन देना है।

उपाध्यक्ष रेखा जैन एवं सदस्या कविता मितल ने इस वर्ष के थीम "बियोंड द मास्क केयरिंग फॉर केयर गीवर्स " के आधार पर मनोरंजन कार्यक्रम का संचालन किया। परस्पर सामंजस्य वृद्धि हेतू खेल खिलाया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। डॉ. रमन कुमार एवं डॉ. नीशा माहेश्वरी ने संगीत प्रस्तुत किये। हार्ट सेन्टर के श्री ठाकुर जी ने कविता पाठ किया। डॉक्टर्स डे के अवसर पर तनिष्क ज्वेलर्स (हरमू रोड) द्वारा सभी चिकित्सकों को अभिनन्दन स्वरूप उपहार दिया गया। कार्यक्रम संयोजक आलोक तुलस्यान ने तनिष्क के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि तनिष्क का अर्थ होता है तन के लिए सोने का गहना किन्तु तन का असली गहना तो स्वास्थ्य ही है इसे चिकित्सक ही पहनाते हैं।



## राज्यपाल ने गडकरी का आभार प्रकट किया

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने राज्यवासियों को रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं गढ़वा-रेहला फोरलेन बाईपास समर्पित करने के साथ-साथ राज्य में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात देने के लिए केंद्रीय मंत्री के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों से न केवल राज्य में आवागमन की सुविधा में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।

## केंद्र सरकार झारखंडवासियों पर टोल टैक्स थोपकर छलावा कर रही है : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की गढ़वा और रांची में सड़क परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने गुरुवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि हेमंत सरकार ने कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण सड़कें बनाईं, वह भी बिना किसी टोल के जबकि केंद्र सरकार महंगे ठेके देकर गरीबों से टैक्स वसूलती है। भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंडवासियों पर टोल टैक्स थोपकर और ज्यादा लागत दिखाकर छलावा कर रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सरकार ने कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर सिर्फ 580 करोड़ रुपये में बनवाए, जबकि केंद्र ने सिर्फ रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर पर ही 558 करोड़ खर्च कर दिए। सुप्रियो ने कहा कि गढ़वा बाइपास का उद्घाटन नहीं हुआ, क्योंकि वहां पहले से ही टोल वसूला जा रहा था।

## न्यूज बॉक्स

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला 22 से

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण का सावन मेला 22 , 23 , 24 जुलाई को अग्रसेन भवन में लगेगा। शाखा अध्यक्ष ने कहा कि समाज में बहुत सी महिलाए घर में कुछ सामान तैयार करती हैं , उनको सेल करने के लिए शाखा उन्हें एक प्लेटफार्म देती है, ताकि महिलाएं अपने रोजगार को आगे बढ़ा सके। मेले में राखी, कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम वगैरह के स्टॉल रहेंगे। मेले में शॉपिंग के अलावा फूड स्टॉल एवं गेम्स भी रहेगा। स्टॉल की बुकिंग लगभग पूरी हो गई है। शाखा ने सभी रांची वासियों से मेले में विजिट करने का आग्रह किया है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कहा मेले से संबंधित कोई भी जानकारी के लिए संयोजिका से संपर्क करें।

### माइकल राज एस झारखंड पुलिस के प्रवक्ता नियुक्त



**रांची।** आईजी अभियान माइकल राज एस को झारखंड पुलिस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले माइकल राज एस बोकारो जोनल आईजी के पद कर पदस्थापित थे। बीते दिन हुए आईपीएस के ट्रांसफर-पोस्टिंग के दौरान सरकार ने इन्हें आईजी अभियान के पद पर पदस्थापित किया है।

### भाजपा की नीतियों के विरोध में झामुमो ने किया पुतला दहन



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर हुई घटना और भाजपा की आदिवासी-विरोधी नीतियों के खिलाफ फिरायालाल चौक स्थित अल्बर्ट एक्का चौक पर भाजपा का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने किया। इस अवसर पर मुस्ताक आलम ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा झारखंड को अस्थिर करने की साजिश रच रही है। भोगनाडीह में साड़ी, पैसा और हथियार बांटकर जनता को उकसाया गया ताकि संथाल परगना को मणिपुर जैसा बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह विरोध झारखंड के 24 जिलों में हो रहा है और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित है। मौके पर कई अन्य झामुमो नेताओं ने कहा कि वे झारखंड में शांति और सामाजिक समरसता के पक्षधर हैं। किसी भी तरह की सांप्रदायिक या विघटनकारी साजिश को सफल नहीं होने देंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, अंतू तिर्की, जनक नायक, कलाम आजाद, आदिल इमाम, संजय राय, रमेश साहू, फरीद खान, आफताब आलम, जीत गुप्ता, महावीर विश्वकर्मा, अरुण वर्मा, लालजी रमण, मृत्युंजय सिंह, आशुतोष वर्मा, मो निजाम, सुनील साहू, सुजीत कुजूर, शिवनंदन मिश्रा, सुजीत उपाध्याय, परवेज आलम गुड्डु, बबलू राम, अजीत नायक सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जीएसटी घोटाला : शिवकुमार की जमानत पर सुनवाई 15 को

**रांची।** 800 करोड़ रुपये से अधिक के बहुचर्चित जीएसटी घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी कोलकाता कारोबारी शिवकुमार देवड़ा की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 15 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए दो जुलाई को याचिका दाखिल की है। ईडी ने उक्त आरोप में बीते 9 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। आरोपी फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी मामले में शिवकुमार देवड़ा, जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया, कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा जेल में हैं।

### शिबू सोरेन की सेहत में सतत सुधार

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य में लगातार सुधार देखा जा रहा है। दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती 81 वर्षीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की हालत स्थिर है।

## सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान का उद्घाटन आज

- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय शुक्रवार को रांची में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के एक नए क्षेत्रीय केंद्र के उद्घाटन होगा। संस्थान को पहले एनआईपीसीसीडी के नाम से जाना जाता था। इस नए केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी करेंगी। उद्घाटन समारोह में महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप और हटिया निर्वाचन क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु लड़कियों के साथ बातचीत, अनुभव साझा करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने वालों के लिए नौकरी के प्रमाणपत्रों का वितरण भी शामिल होगा। इस कार्यक्रम में संस्थान के "नए लोगो" का शुभारंभ भी किया जाएगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र भारत के पूर्वी क्षेत्र में क्षमता निर्माण प्रयासों को विकेंद्रीकृत करने और सेवा वितरण में सुधार करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह नया क्षेत्रीय केंद्र विशेष रूप से मंत्रालय की प्रमुख पहलों- मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इसमें झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योगदान करने और केंद्रीय योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नया क्षेत्रीय केंद्र बाल मार्गदर्शन और परामर्श में उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी प्रदान करेगा और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त होगा।

### प्रदेश कांग्रेस का आरोप: उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्र ने संघीय ढांचा पर किया प्रहार

# झारखंड को उसके जायज हक़ से रखा जा रहा दूर : केशव महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

- आज समय है कि राज्य के साथ दोहरे मापदंड से परे हटकर झारखंड में विकास की योजनाओं के लिए केंद्र सहयोग करे



**रांची।** रातू रोड फ्लाईओवर सहित अन्य सड़कों के उद्घाटन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने झारखंड की जनता को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का हम स्वागत करते हैं और इसके लिए झारखंड सरकार तत्पर रहती है लेकिन रातू रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन कार्यक्रम में केंद्र द्वारा संघीय ढांचा प्रणाली पर प्रहार किया गया। राज्य के सहयोग को नजरअंदाज करने की पुरानी आदत केंद्र की भाजपा सरकार की रही है, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्यक्रम में आने में असमर्थता जताकर तिथि आगे बढ़ाने का आग्रह किया था लेकिन उनके आग्रह को ठुकरा कर केंद्र सरकार ने अपनी हठधर्मिता दिखा दी। यह भाजपा की सोच का परिणाम है इस तरह का व्यवहार दिखाया गया जबकि राज्य सरकार की योजनाएं जब धरातल पर उतरती है तो दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी को सम्मान देती है।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने पूरे देश की योजनाएं झारखंड के लोगों को गिना दी लेकिन जहां पर वह सभा को संबोधित कर रहे थे वहां से प्रारंभ हुये उन्हें रांची बीजूपाड़ा कुड़ु फोरलेन की गुणवत्ता के बारे में भी अवश्य कहना चाहिए था, जो योजना अभी तक पूरी नहीं हुई है उसके लिए टोल टैक्स की वसूली चालू है, मांडर के निकट पुल बना नहीं है उसमें गिरकर कई लोगों की मौत हो चुकी है, महज 4 वर्षों के अंदर एन एच 75 की सड़क गढों में तब्दील हो गई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा भले रातू रोड फ्लाईओवर योजना की स्वीकृति की वाह वाहि लूटने की कोशिश करे लेकिन सच्चाई है कि विकास के लिए दृढ़ संकल्पित महागठबंधन सरकार ने योजना को धरातल पर उतारने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से पूरा सहयोग किया। आज समय है कि राज्य के साथ दोहरे मापदंड से परे हटकर झारखंड में विकास की योजनाओं के लिए केंद्र सहयोग करे। झारखंड सरकार समयबद्ध और त्वरित कार्य संपादन के लिए हमेशा आशावादी सोच के साथ खड़ी रहेगी।

राज्य के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार राज्य के साथ समन्वय बनाकर विभिन्न क्षेत्रों के लिए सहायता प्रदान करे लेकिन वर्तमान में यह परिलक्षित होता है कि झारखंड की पूरी तरह से उपेक्षा की जा रही है। आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सहायता और संसाधन उपलब्ध कराना तो दूर झारखंड को उसके जायज हक से भी वंचित रखा जा रहा है।

## रांची की जर्जर सड़कों को लेकर हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** राजधानी रांची की मुख्य सड़कों को छोड़कर अन्य जर्जर सड़कों की मरम्मत को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एसएम रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शुभम कटारूका ने अदालत को बताया कि रांची की कई सड़कें मामूली बारिश में भी तालाब बन जाती हैं। सेवा सदन के सामने की सड़क और तपोवन मंदिर के पास की सड़क की हालत बरसात में अत्यंत दयनीय हो जाती है। रोजाना जान-माल की खतरे का सामना करना पड़ता है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मरम्मत का दावा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की रिपोर्ट परस्पर विरोधाभासी हैं।



## एलिवेटेड कॉरिडोर से गदगद रांचीवासी, चार दशकों का सपना हुआ पूरा

# दुकानदारों ने कहा कुछ नुकसान है तो कुछ फायदा भी






**का**जल मेहता। रांची। रातू रोड़ के लोगों की वर्षों की मांग अब पूरी होगी। रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर अब बन कर तैयार हो गया है। इससे क्षेत्र का जनता में काफी खुशी है कि अब जाम से मुक्ति मिलेगी। वहीं समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच पाएंगे। इस कॉरिडोर के बनने से छात्र भी काफी खुश है कि अब समय से स्कूल व घर पहुंच पाएंगे। वहीं रातू में व्यवसाय करने वाले लोगों ने कहा कि विकास समय की मांग है। एलिवेटेड कॉरिडोर जरूरी था लेकिन अब हमारे व्यवसाय पर असर पड़ेगा। व्यवसाय मंदा हो जाएगा।

### बीच सड़क घेरने से व्यवसाय पर होगा असर : चतुरगुण सोनी



जूलरी विक्रेता चतुरगुण सोनी चार से पांच सालों से दुकानदारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर से फायदा है कि जाम से निजात मिली है। लेकिन सड़क को बीच में घेरने से जनता इस पार से उस पार नहीं कर पाएंगे। इससे व्यवसाय पर असर पड़ेगा। शहर का विकास हो रहा है राजधानी वासियों के लिए यह बेहतर सौगात है।

### रातू रोड होगा जाम मुक्त अब दुकानदारी करना होगा आसान : डोली कुमारी



डोली कुमारी ने कहा कि केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रातू रोड फ्लाईओवर का उद्घाटन किया है। इससे हमें बहुत खुशी मिल रही है। रातू रोड में जाम की वजह से दुकानदारी पर भी असर पड़ता था। जिससे अब राहत मिलेगी। उन्होंने कहा जैसे इसे बनाया गया है उसी अनुसार साफ सफाई भी रखा जाए।

### रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर हम सभी के लिए सौगात साबित होगा : प्रीति सिन्हा



प्रीति सिन्हा ने कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन से काफी खुशी हो रही है। यह सौगात हम सभी के लिए खुशी का पल लेकर आया है। रांची के रातू रोड के लिए यह बहुत जरूरी था। उन्होंने कहा कि पहले जाम की वजह रातू रोड से गुजरने में डर लगता था कि जाम की वहह से कहां घंटे भर रुकना पड़ जाए। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### जनता को जाम से मिलेगी मुक्ति : गौरव अग्रवाल



ओटीसी ग्राउंड निवासी गौरव अग्रवाल ने कहा कि रातू रोड के जाम से जनता काफी परेशान रहती थी। अब सभी को काफी आराम मिलेगा। हमारे लिए भी खुशी की बात है कि रातू रोड के जाम से राहत मिलेगी। 10 साल पहले इतना जाम नहीं होता था लेकिन वक्त के साथ गाड़ियों की संख्या बढ़ती गई और जाम लगता गया। बढ़ते वक्त के साथ इस कॉरिडोर का होना काफी जरूरी हो गया था।

### एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से गौरव महसूस हो रही हूं : रचना त्रिपाठी



रचना त्रिपाठी ने कहा कि रातू रोड में रहती हूं। एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से काफी गौरव महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक हमारे सगे संबंधी यहां आने से कतराते थे। कहते थे कि रातू रोड जाम रहता है। जम में फंस जाएंगे। वहीं अब उन्हें रातू रोड आने के लिए जाम नहीं मिलेगा।

### ब्रिज से दुकानों में बिक्री कम हो जाती है : श्याम

1964 से तजुर्बा है कि ब्रिज बनाने से जितने नीचे की दुकान है सबकी बिक्री कम हो जाती है। बस लोग अपने किसी न किसी जरिए से कमा ही लेते हैं। दुकानों के सामान अब लोग देखेंगे नहीं तो बिकेगा कहां से। उन्होंने जिगर स्टूडियो का उदाहरण देते हुए कहा कि रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर के नीचे हुआ करता था वो जीता जगता उदाहरण है। फ्लाई ओवर के कारण धंधा मंदा हो गया। उन्होंने कहा कि विकास के नजर से फ्लाईओवर और अन्य चीजों का होना सही है। श्याम लाल 15 वर्षों से कपड़े का व्यवसाय कर रहे हैं।

### अब स्कूल समय पर जा पाएंगे : अयाज



छात्र अयाज ने कहा कि रातू रोड काफी जाम रहता था। इससे काफी परेशानी होती थी। कभी स्कूल समय से नहीं पहुंच पाता था तो भी स्कूल से घर समय पर नहीं पहुंच पाते थे। एलिवेटेड कॉरिडोर के बन जाने से अब जाम से मुक्ति मिलेगी। वहीं स्कूल जाने में भी कोई परेशानी नहीं होगी।

### फ्लाईओवर से फायदा व नुकसान दोनों है : मुकेश वर्मा

15 वर्षों से दुकानदारी कर रहे हैं।



मुकेश वर्मा का कहना है कि फ्लाई ओवर आम जनता के लिए तो बेहतर है। उन्हें जाम मुक्त रास्ता मिल गया लेकिन व्यवसाई मार खा गया। एलिवेटेड कॉरिडोर से नुकसान और फायदा दोनों ही होगा।

### स्कूल जाने में अब जाम में नहीं फंसेंगे : आयुष्मान सिन्हा



रांची। छात्र आयुष्मान सिन्हा ने कहा कि अब आसानी से स्कूल जा पाएंगे, जाम में नहीं फसेंगे। इससे पहले घर से समय पर निकलते थे, पर समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते थे। वहीं स्कूल से समय पर घर नहीं पहुंच पाते थे। घंटों जाम में फंसा रहना पड़ता था।

### दुकानदारी में कोई खास असर नहीं पड़ेगा : आशीष भट्ट



आशीष भट्ट ने कहा कि फ्लाई ओवर के बनने से राजधानी जाम मुक्त हो रही है। हालांकि दुकानदार होने के नाते यह कहना है कि क्षेत्र जाम मुक्त हो चुका है। इसलिए दुकानदारी पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

### लंबे समय से था इंतजार हुआ पूरा : समृद्धि त्रिपाठी



समृद्धि त्रिपाठी ने कहा कि काफी लंबे समय से इंतजार था कि इस फ्लाईओवर का उद्घाटन हो। काफी खुशी हो रही है। अब जाम से मुक्ति मिलेगी। केंद्र और राज्य सरकार दोनों को धन्यवाद है कि आज हमें यह सौगात मिली है।

### आम लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति : विशाल कुमार



अधिवक्ता विशाल कुमार ने कहा कि अब आम लोगों को जाम की परेशानी नहीं होगी। रातू रोड में रहने वाले और यह से गुजरने वालों को अब जाम का सामान नहीं करना पड़ेगा।

## खराब मौसम के कारण उद्घाटन के लिए समय पर नहीं पहुंच पाए गडकरी

# कॉरिडोर के कई काम अभी भी बाकी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** फ्लाई ओवर का उद्घाटन निर्धारित तारीख तीन जुलाई को होने की पूरी तैयारी हो चुकी है। हालांकि तीन बजे का समय दिया गया था लेकिन मौसम में बदलाव के कारण नितिन गडकरी स समय नहीं पहुंच पाएं जिस कारण उद्घाटन में विलंब हुआ। हालांकि कॉरिडोर का कुछ काम बाकी है। निर्माण कंपनी ने दावा किया था कि तीन जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा, लेकिन अभी भी कई काम बाकी है।

## परंपरागत ध्वनियों से गूंज उठा पूरा वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन के मौके पर राजभवन के पास



सांस्कृतिक उल्लास और परंपरागत ध्वनियों से पूरा वातावरण गूंज उठा। झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करने के लिए खूंटी से आई फगुवा मुंडा सांस्कृतिक टीम ने अपने नृत्य और संगीत से समा बांध दिया। राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन गडकरी के आगमन और एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण से पहले राजभवन के सामने ढोल-नगाड़ा, मांदर, झांझ और घंटा की गूंज सुनाई दी।

## खराब मौसम के चलते गडकरी का हेलिकॉप्टर डायवर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर उद्घाटन कार्यक्रम के समय में गुरुवार को बदलाव किया गया। खराब मौसम के चलते गडकरी के हेलिकाप्टर के रूट को डायवर्ट करना पड़ा। वे झारखंड के गढ़वा से पहले बिहार के गया गये हैं और फिर वहां से विशेष विमान से वे कुछ देर पूर्व रांची पहुंचे हैं। तय कार्यक्रम के मुताबिक, गडकरी को दोपहर 2:30 बजे गढ़वा से उड़ान भरकर रांची पहुंचना था।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मौसम की दिक्कत के कारण केंद्रीय मंत्री गडकरी करीब दो घंटे तक

**● गढ़वा से गए गया फिर पहुंचे रांची**

यहां फंसे रहे। रांची एयरपोर्ट के एटीसी ने खराब मौसम के चलते उनके हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं दी। इसके कारण केंद्रीय मंत्री हेलिकॉप्टर से गया चले गये। गडकरी को रांची के रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करना है, लेकिन गया चले जाने के कारण उनका कार्यक्रम का समय बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि गडकरी 4:30 बजे गया से रांची के लिए उड़ान भरे थे। कुछ देर पहले ही केंद्रीय मंत्री रांची एयरपोर्ट पर पहुंचे हैं। इसके बाद वह बिरसा मुंडा चौक पर माल्यार्पण कर एलिवेटेड कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना हो गए।

## रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर विकास का नया आयाम : अजय राय



रांची। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अजय राय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा रांची के रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर और गढ़वा स्थित रेहला फोरलेन सड़क परियोजनाओं की सौगात दिए जाने का स्वागत किया है। वहीं कहा कि यह झारखंड के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उसका प्रभाव झारखंड में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। अजय राय ने कहा कि झारखंड की जनता लंबे समय से बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं की अपेक्षा कर रही थी, जिसे मोदी सरकार ने प्राथमिकता देते हुए साकार किया है। नितिन गडकरी द्वारा दिए गए ये दोनों परियोजनाएं राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगे। उन्होंने अंत में कहा कि यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं, बल्कि झारखंड के भविष्य की दिशा में रखा गया मजबूत आधार है।



# डाक विभाग के कर्मचारी की संदिग्ध मौत

नवीन मेल संवाददाता



लापुंग। लापुंग थाना क्षेत्र के दानेकेरा टोंगरी टोली निवासी और डाक विभाग के कर्मचारी 52 वर्षीय चंद्रमोहन मुंडा की गांव में संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। उन्हें अपने घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। चंद्र मोहन मुंडा का पैर जमीन पर टिका हुआ था और गले में रस्सी की फंदा लटकी हुई थी। उसकी जीभ भी बाहर निकली हुई थी। जबकि उसके परिजन और गांव वाले कह रहें हैं कि चंद्रमोहन मुंडा कभी फांसी लगा कर आत्महत्या नहीं कर सकते। उधर पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम के रिपोर्ट सब चीज का खुलासा हो जाएगा। चंद्रमोहन मुंडा की पत्नी आंगनबाड़ी सेविका मोनिका बरला ने रोते बिलखते हुए कहा कि उनके पति ऐसा कर ही नहीं सकते एवं उनकी बेटी प्रियंका मुंडा ने भी कहा कि उनके पापा सुलझे हुए व्यक्ति थे सभी लोगों की समस्याओं का समाधान करते थे। समाज को लेकर चलते थे। उल्लेखनीय है कि टोंगरी टोली में चंद्र मोहन मुंडा के घर से 200 मीटर की दूरी पर जोसेफ आईंद के पुआल के माचा में कम ऊंचाई पर एक लंबी सी प्लास्टिक रस्सी के फंदे पर उनका शव झुलता हुआ पाया गया है। इस दौरान उनका पैर जमीन पर सटा हुआ पाया गया। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा किया फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। देर शाम शव के पोस्टमार्टम से आने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन उनके घर पहुंचे। सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, असमुद्दीन मियां, दानेकेरा पंचायत के मुखिया धुचला मुंडा सहित कई विशिष्ट लोग मौके पर पहुंचे।

## मुखिया मो. बारीक अंसारी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल

**बेंगाबाद।** लुप्पी पंचायत के मुखिया मो. बारीक अंसारी गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, मुखिया अपने बुलेट मोटरसाइकिल से अपने घर से करणपुरा जा रहे थे। इसी दौरान बेंगाबाद एनएच-114 पर चौक के पास मधुपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुखिया सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से मुखिया को तत्काल बेंगाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, इस दुर्घटना में मुखिया का बायां पैर दो जगह से और दायां हाथ टूट गया है। घटना के बाद कार चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद कार को करणपुरा के पास ओवरटेक कर चकमा देकर भागते देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया के परिजन अस्पताल पहुंचे और उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले जाया गया। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार कार चालक की तलाश जारी है।

## झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिले



**हजारीबाग ।** विभागीय पदाधिकारी की बैठक के पश्चात झारखंड अल्पसंख्यक आयोग ज्योति मथारू तथा आयोग के सदस्य बरकत अली ने अल्पसंख्यक तथा कांग्रेसियों के साथ अहम बैठक कर उनके जनसमस्याओं से अवगत हूए और सम्बन्धित पदाधिकारीगण को तौरीक तौर पर समाधान करने के निर्देश दिया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, मिडिया अध्यक्ष निसार खान, प्रदेश सचिव विनोद सिंह, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष साजिद अली खान,रेणू देवी,यासीन खान, मनिषा टोप्पो, गुड्डू सिंह, जमशेद खान साजिद हुसैन,शाहिद शेख, मनोज नारायण भगत, परवेज अहमद, दिलदार अंसारी,दिलीप रवि,मुस्ताक अंसारी, तस्लीम अंसारी,सरदार चरणजीत सिंह, मो.वारिस, विजय कुमार सिंह, रिंकू कुमार,सोनू ईराकी, शिवनदन साहू, भैया असीम, हैदर अंसारी मौजूद थे।

### आकांक्षी प्रखंडों के योजनाओं की समीक्षा बैठक का हुआ समापन

# डीसी ने योजनाओं की प्रगति पर दिखाई गंभीरता, कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को कोडरमा जिला अंतर्गत आकांक्षी प्रखंडों–जयनगर एवं मरकच्चो में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सभी प्रमुख सूचकांकों (इंडिकेटर) पर बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिन योजनाओं में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, उनमें कार्यों को गति देते हुए समयबद्ध ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने माइक्रो प्लान बना कर इंडिकेटरों को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से मासिक बैठक आयोजित कर योजनाओं की समीक्षा करें एवं निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु विभागीय समन्वय को और सशक्त बनाएं। बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, जल-जीवन मिशन, ग्रामीण विकास, एवं कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में हो रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि आकांक्षी प्रखंडों में संचालित योजनाएं आमजन की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी हैं। अतः इनकी गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, मरकच्चो के प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, जयनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## चारों ने पांच क्वार्टरों का तोड़ा ताला तोड़कर की चोरी

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत करकट्टा-विश्रामपुर कालोनी में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने पांच क्वार्टरों के ताले तोड़ दिए। चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए पहले घरों के खाली होने की पुख्ता जानकारी जुटाई और फिर घटना को अंजाम दिया। वहीं आसपास के अन्य क्वार्टरों में बाहर से कुंडी लगाकर लोगों को घरों में ही बंद कर दिया गया। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई। जिन पांच क्वार्टरों के ताले टूटे हैं, उनके मालिक फिलहाल बाहर हैं। ऐसे में चोरी गए सामान का सही आकलन तब तक संभव नहीं है, जब तक वे लौटकर स्वयं नहीं देख लेते। कालोनीवासियों ने बताया कि घटना की सूचना क्वार्टर मालिकों को दे दी गई है। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ पड़ोसियों ने टूटे ताले हटाकर नए ताले भी लगा दिए हैं। घटना के बाद भी कालोनीवासियों ने खलारी थाना पुलिस को अब तक कोई सूचना नहीं दी है। लोग घर के मालिकों के लौटने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सही जानकारी के साथ शिकायत दर्ज की जा सके। गुरुवार देर शाम तक किसी भी क्वार्टर मालिक की वापसी नहीं हो पाई थी। पुलिस को भी फिलहाल इस घटना की जानकारी नहीं मिल सकी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की गुहार लगाई है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और कालोनी में सुरक्षा बनी रहे।

## कंपनी में चोरी करते धराया पूर्व चौकीदार, गया जेल

**पूर्वी सिंहभूम।** सुंदरनगर थाना क्षेत्र स्थित भोगल इंजीनियरिंग कंपनी में चोरी करते हुए कंपनी के पूर्व चौकीदार को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान नाथु तियू के रूप में हुई है, जिसे कंपनी मालिक लखबीर सिंह भोगल ने खुद पकड़कर पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया गया कि नाथु तियू कंपनी में चौकीदार के पद पर कार्यरत था, लेकिन 25 अप्रैल को उसे काम से हटा दिया गया था। कंपनी वर्ष 2022 से ही बंद है। इसके बावजूद बीते दो जून को दिन के तीन बजे कंपनी मालिक ने देखा कि नाथु तियू कंपनी के अंदर से सामान चुरा कर अपनी स्कूटी में लादने की कोशिश कर रहा था।

## न शुल्क, न लंबी न्यायिक प्रक्रिया विवाद का समाधन सरल तरीके से : राजेश कुमार सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को रूगढ़ीगढ़ा मधुकम क्षेत्र में डालसा टीम ने विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, ममता कुमारी, सुरज कुमार वर्मा, एनजीओ के रीतू खलखो एवं सन्नी कुमार राम तथा अन्य उपस्थित थे। नशा उन्मूलन 'डॉन पर फोकस करते हुए राजेश कुमार सिन्हा ने एनडीपीएस एक्ट पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण करना ही डालसा का एकमात्र उद्देश्य है। इसके तहत डालसा समय-समय पर गली, मुहल्लों व कस्बो में कैंप लगाकर निरंतर लोगों को जागरूक कर रहें है। युवा एवं बच्चे नशे से दूर रहे। नशीले पदार्थों के सेवन के आदि लोग मानसिक रोगों के शिकार हो जाते है और अंततः जघन्य अपराध की ओर अग्रसर हो जाते है। साथी अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि निराश्रित व बेसहारा बच्चों को आश्रय दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची भरसक प्रयास करेगा। अगर आपलोगों के समुदाय में कोई निराश्रित या बेसहारा बच्चा है, तो उन्हें चिन्हित कर हमें सूचित करें, डालसा उन्हें सहायता करेगा।

## राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



**रांची।** पंजाब के पटियाला में प्रतिष्ठित नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस) में आज एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ चौथे राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025-26 की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के ओएसडी, यंग प्रोग्रेसिव सिख फोरम (वाईपीएसएफ) के अध्यक्ष और शाइनिंग सिख यूथ ऑफ इंडिया के लेखक डॉ. प्रभलीन सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। उन्होंने महत्वाकांक्षी कोचों को दिए गए अपने प्रेरक संबोधन से सप्ताह भर चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए एक प्रेरणादायी माहौल तैयार किया। योगाचार्य महेश पाल ने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्व योगासन और योगासन भारत के माननीय महासचिव योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है और यह 2 से 8 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में भारत भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 150 प्रशिक्षु कोच भाग ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष विदेशों से भी प्रशिक्षु कोच भाग ले रहे हैं।

### सीयूजे में 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की काउंसलिंग का प्रथम चरण का हुआ समापन

# सीयूजे में 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 460 सीटों के काउंसलिंग के लिए 2300 अभ्यर्थी पहुंचे



**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में 2025-26 सत्र में 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन एवं आफलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हुआ। 30 जून से 03 जुलाई तक चले इस प्रक्रिया में कुल 460 सीटों के लिए चयन प्रक्रिया चली। नामांकन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रो. जी पी सिंह ने कहा कि इस वर्ष झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुल 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (कोर्सों) के 460 सीटों के लिए कुल 3384 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया। जिनमें से ऑफलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए कुल 2300 विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में रिपोर्ट किया। पीजी एडमिशन के संयोजक, डॉ. हृषिकेश महतो ने 13 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के बारे में बताया जिसके लिए काउंसलिंग की गई। डॉ महतो ने बताया कि रिपोर्ट किए हुए अभ्यार्थियों के डाक्यूमेंट की रिवेरीफिकेशन के बाद मेरिट के आधार पर उपलब्ध सीटों पर 7 जुलाई से आवंटन किया जाएगा। जिन अभ्यार्थियों को सीट आवंटन की जाएगी, उन्हें 36 घंटे के अंदर फीस भरकर अपने एडमिशन की पुष्टि करनी होगी। यदि अभ्यार्थी एडमिशन की पुष्टि नहीं करते है तो मेरिट के वेटिंग लिस्ट में उपलब्ध अभ्याथियों को सीट दे दिया जाएगा। सारे विद्यार्थी मेरिट लिस्ट के लिए सीयूजे वेबसाइट देखते रहें।

# 10 किग्रा गांजा के साथ दो लोग पुलिस की हिरासत में

नवीन मेल संवाददाता



**मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत बुधवार के दिन नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम हेतु मुरी स्टेशन पर सघन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के प्रभारी संजीव कुमार कर रहे थे। इसी क्रम में ट्रेन संख्या 15027(संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस) ट्रेन में दो व्यक्तियों को भारी ट्रॉली बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठे पाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम आजाद कुमार(23) एवं अविनाश चौहान(19) गोरखपुर, उत्तर प्रदेश का निवासी बताया। पुलिस द्वारा तलाशी देने पर उनके बैग से 10 किग्रा गांजा पाया गया जिसकी कीमत लगभग एक लाख आंकी गई। पुलिस द्वारा गांजे से संबंधित कागजात मांगने पर वे कोई वैध कागजात उपलब्ध नहीं करा पाए। तत्पश्चात एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धाराओं के तहत पुलिस द्वारा गांजा को जप्त किया गया। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने बताया कि यह गांजा उड़ीसा के संबलपुर से खरीद कर गोरखपुर ले जाया जा रहा था। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को जप्त गांजा के साथ गुरुवार के दिन राजकीय रेल थाना मुरी को अग्रतर कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया। इस जांच अभियान में पोस्ट के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक,सहायक अवर निरीक्षक एम के जायसवाल,कुमार कौशल, राजकुमार,दिनेश कुमार एवं प्रदीप समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## जमशेदपुर में 16 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**पूर्वी सिंहभूम, 3 जुलाई (हि.स.)।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयुष पांडेय ने बुधवार की देर रात जिले के कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के तहत कुल 16 पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए थाना में पदस्थापित किया गया है। स्थानांतरण आदेश में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सभी अधिकारी तत्काल अपने नव पदस्थापन स्थल पर योगदान दें और अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करें। जारी आदेश के अनुसार पुलिस निरीक्षक सचिन कुमार दास को पुलिस केन्द्र गोलमुरी से स्थानांतरित कर एमजीएम थाना का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस निरीक्षक अविनाश कुमार को पुलिस केन्द्र गोलमुरी से तबादला करते हुए परसुडीह थाना का प्रभारी, पुलिस निरीक्षक बैजनाथ कुमार को घाटशिला अंचल के अंचल निरीक्षक के पद से हटाकर जुगसलाई थाना प्रभारी,पुलिस निरीक्षक मो. फैज अहमद को परसुडीह थाना से हटाकर सीसीआर बनाए गए।

## दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**अड़की।** अड़की के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय मैदान में दो दिवसीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड के स्कूली स्तर की प्रतिभाओं ने अपना जौहर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया।अंडर 17 बालक वर्ग में राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोटा और राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय हूंट संयुक्त विजेता रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय अड़की विजेता और राजकीय उत्क्रमित +2 विद्यालय सिंदरी उपविजेता रही। अंडर 15 बालक वर्ग में सिंदरी विजेता और राजकीय मध्य विद्यालय अड़की उपविजेता रही।सफल टीमों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ जीतने के जज्बे के साथ खेलने को प्रेरित किया। मंच संचालन अरविंद गुप्ता और शिक्षिका सुचिता होरो ने किया। खेल संचालन शिक्षिका स्टेला टोपनो और शिक्षक संजय यादव ने किया। सफल आयोजन के लिए बीआरपी राजकिशोर प्रसाद, विपुल हालदार, अकाउंटेंट मुकेश कुमार, कर्मी नवल किशोर, अमित मुंडा और विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### केनरा बैंक के 120वें स्थापना दिवस पर हुआ पौधरोपण



**सिल्ली।** श्री धर्मस्थल मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान, सिल्ली में केनरा बैंक के 120वें स्थापना दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 120 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार,निदेशक संजीत कुमार,नेहा तिर्की, केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक, प्रखंड कृषि विकाश पदाधिकारी के द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।मुख्य अतिथि ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। इस अवसर पर रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण से हमारा जीवन स्वस्थ और उम्र लम्बी होती है। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार,जगदीश महतो,दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा,डीएसटी मेघा रॉय समेत सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पौधों की सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया।

### सड़क निर्माण को लेकर आजसू पार्टी ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के बिभिन्न क्षेत्र के लाइफ लाइन माने जाने वाले प्रमुख सड़कों का निर्माण को लेकर आजसू पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी तमाड़ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से एनएच 33 रायडीह मोड़ तमाड़ भाया लुंगटु पथ पर तमाड़ और रायडीह मोड़ के बीच तलाव पर टूटे जगह का निर्माण। सालगाडीह से उलीलोहर तक केनल पथ का निर्माण ।सालगाडीह से बारिगाड़ा तक केनल पथ का निर्माण। तमाड़ बस स्टैंड से हॉस्पिटल (पीएससी )तमाड़ तक पथ का निर्माण। प्रेम नगर से लोवाडीह तक पथ का निर्माण व भुंयाडीह से पानला तक पथ का निर्माण शामिल है। उपरोक्त सभी सड़कों का स्थिति काफ़ी जर्ज़र है क्षेत्र के लोगों को आवागमन मे काफ़ी दिक्कत हो रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी सावित्री ने उपरोक्त सड़कों की स्थिति की विशेष जानकारी उपायुक्त महोदय को देने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य सह संयोजक प्रभारी तमाड़ के हीरालाल दास, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, तमाड़ पूर्वी प्रभारी अनिल कुमार महतो, तमाड़ पश्चिमी प्रभारी धनेश्वर महतो, सह प्रभारी पंकज महतो, गुलाम महतो आमलेशा पंचायत प्रभारी जीवन महतो, आजसू के वरिष्ठ नेता शक्तिपद महतो और विश्वनाथ महतो शामिल थे।

### 15 वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी शुरू 28 टीम ले रही है भाग

**रांची।** हॉकी इंडिया, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में 03 से 14 जुलाई तक 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल का उद्घाटन गुरुवार को मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पर्यटन , कला संस्कृति , खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार जी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद पास कर किया। इस मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने मंत्री को अंग वस्त्र, मोमेंटो और बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में कुल 28 टीम भाग ले रही है जिनका 3 डिविजन में मैच होगा , ए डिविजन जिसमे 12 टीम, बी डिविजन जिसमे 09 टीम और सी डीविजन जिसमे कुल 07 टीम भाग ले रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुभद्रा प्रधान, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीस कुमार , कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, माइकल लाल, धर्मेंद्र कुमार, जयंत केरकेट्टा, रणधीर कुमार, गुरमीत सिंह राव, सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में प्रतिध्वनि -2025 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल राँची में 3 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय अंतर-विद्यालय कला संगोष्ठी, प्रतिध्वनि-2025 के तीसरे संस्करण का शानदार उद्घाटन हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम ज्ञान संसाधन क्यूरेटर श्री मुखर्जी पी. की देखरेख में आदिवासी जननायक एवं क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष को समर्पित था। उद्घाटन समारोह में देशभर के 30 से अधिक विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों की सहभागिता रही। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) गोपाल पाठक, महानिदेशक, सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची रहे, जिन्होंने समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी उपस्थित रहीं, जिनमें श्री राजेश पिल्लई (प्राचार्य, कैरली स्कूल), श्रीमती प्रेमलता (प्राचार्या, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल), डॉ. सुभाष कुमार (प्राचार्य, सेंट माइकल्स स्कूल) तथा श्रीमती शालिनी विजय, प्राचार्या, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, रांची सम्मिलित थीं। इस अवसर पर श्री अभिनव चटर्जी, श्री देवांशु सेनगुप्ता, श्री विश्वजीत दास और श्री पार्थ बनर्जी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत एक सुमधुर स्वागत गीत से हुई, जिसने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था 'उलगुलान आंदोलन' पर आधारित एक विशेष नृत्य-नाटिका। इस प्रस्तुति ने 'धरती आबा' बिरसा मुंडा के योगदान की स्मृति को पुनर्जीवित किया और यह दर्शाया कि समाज की प्रगति में विद्यार्थियों के बीच सहयोग और समन्वय कितना महत्वपूर्ण है।

# मृत व्यक्तियों के नाम पर जमीन की हेराफेरी को लेकर न्यायालय में दायर किया परिवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**इचाक, हजारीबाग।** जिले में इन दिनों भू-माफियाओं की चांदी हो गई है। सदर प्रखंड से लेकर कटकमदाग और अब इचाक भी भू-माफियाओं की नजरों में चढ गया है। खतियानी परिवार मुआवजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष महंत विजयानंद दास एवं महामंत्री कुणाल दूबे के द्वारा ईचाक प्रखंड के अंचलाधिकारी के खिलाफ न्यायालय में एक परिवाद पत्र दायर किया गया है। दायर किए गए परिवार में आरोप लगाया गया है कि इचाक में भूमि माफिया अंचल कार्यालय में अपना दबदबा बनाकर मृत व्यक्तियों के नाम पर ज़मीन की हेराफेरी और बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इस मामले में दामोदर मेहता, बिसून गुप्ता, अंचलाधिकारी रामजी गुप्ता, अंचल निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मठ की खतियानी ज़मीन की खरीद-बिक्री 1980 में मृत व्यक्ति बाढो कांडू के नाम पर ऑनलाइन चढ़ाकर की जा रही है, जिससे आम जनता ठगी महसूस कर रही है। वहीं जमीन की गलत हेराफेरी से करोड़ों रुपये का घोटाला किया जा रहा है। आवेदक ने यह भी कहा है कि लक्ष्मी नारायण स्वयं ईश्वर हैं और कानून की नजर में महंत उनके प्रतिनिधि हैं, जो ईश्वर के सेवक हैं। वहीं बताया गया कि महंत को हुकूमनामा पट्टा जारी करने का अधिकार नहीं है। यदि ऐसा किया भी गया है, तो 80-90 साल बाद मृत व्यक्ति के नाम पर ऑनलाइन हेराफेरी करना कहीं से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है।

## गरीबों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं से किया जा रहा है खिलवाड़

**गोला।** गोला द्वारिका पैलेस में आजसू के युवा नेता व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पुत्र पीयूष चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन कर सीएचसी की महिला डॉ अपराजिता कुमारी पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आजसू के युवा नेता ने बताया कि बीते 27 जून 2025 को लिपिया गांव की मोनिका कुमारी का प्रसव पीड़ा होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। उस दिन ड्यूटी में तैनात डॉ अपराजिता कुमारी ने महिला का इलाज किया। 11 बजे रात के करीब जब महिला प्रसव पीड़ा से बहुत ज्यादा बेचैन हो गई तो सदर अस्पताल रामगढ़ रेफर कर दिया गया। आजसू के युवा नेता ने महिला डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए कहा कि लिखित तौर पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन महिला के पति को यह कहते हुए डराया गया कि सदर अस्पताल ले जाने में देर होगी। इस बीच कुछ भी हो सकता है। इसलिए गोला नर्सिंग होम ले जाएं, वहां हर तरह की सुविधा उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय स्तरीय तिलावत-ए-कुरआन प्रतियोगिता में झारखंड की टीम थर्ड टॉपर

**बरकाकाना।** किशनगंज बिहार में 29 जून को एसएसएफ के बैनर तले होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय तिलावत-ए-क़ुरआन प्रतियोगिता में 17 राज्य के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें पहले स्थान पर केरल, दूसरे स्थान पर कर्नाटक और तीसरे स्थान पर झारखंड मदरसा अहले सुन्नत नूरुल इस्लाम के शिक्षक और ख़िदमत ए इंसानियत फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी क़ारी मुनव्वर सैफी ने बताया कि 17 राज्यों में झारखंड आठवें पायदान पर रहा। झारखंड से आठ बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें से चार बच्चे रामगढ़ बरकाकाना अंतरंग मदरसा अहले सुन्नत नूरुल इस्लाम अंसारा आबाद दुर्गी के छात्र शामिल थे। जिसमें हाफ़िज़ तनज़ीम रज़ा ने सब से अच्छा प्रदर्शन किया। जिसकी वजह से झारखंड तीसरे स्थान पर आया।

# मृत व्यक्तियों के नाम पर जमीन की हेराफेरी को लेकर न्यायालय में दायर किया परिवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

इचाक, हजारीबाग । जिले में इन दिनों भू-माफियाओं की चांदी हो गई है। सदर प्रखंड से लेकर कटकमदाग और अब इचाक भी भू-माफियाओं की नजरों में चढ गया है। खतियानी परिवार मुआवजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष महंत विजयानंद दास एवं महामंत्री कुणाल दूबे के द्वारा ईचाक प्रखंड के अंचलाधिकारी के खिलाफ न्यायालय में एक परिवाद पत्र दायर किया गया है। दायर किए गए परिवार में आरोप लगाया गया है कि इचाक में भूमि माफिया अंचल कार्यालय में अपना दबदबा बनाकर मृत व्यक्तियों के नाम पर ज़मीन की हेराफेरी और बड़े पैमाने पर खरीद-बिक्री कर रहे हैं। इस मामले में दामोदर मेहता, बिसून गुप्ता, अंचलाधिकारी रामजी गुप्ता, अंचल निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मठ की खतियानी ज़मीन की खरीद-बिक्री 1980 में मृत व्यक्ति बाढो कांडू के नाम पर ऑनलाइन चढ़ाकर की जा रही है, जिससे आम जनता ठगी महसूस कर रही है। वहीं जमीन की गलत हेराफेरी से करोड़ों रुपये का घोटाला किया जा रहा है। आवेदक ने यह भी कहा है कि लक्ष्मी नारायण स्वयं ईश्वर हैं और कानून की नजर में महंत उनके प्रतिनिधि हैं, जो ईश्वर के सेवक हैं। वहीं बताया गया कि महंत को हुकूमनामा पट्टा जारी करने का अधिकार नहीं है। यदि ऐसा किया भी गया है, तो 80-90 साल बाद मृत व्यक्ति के नाम पर ऑनलाइन हेराफेरी करना कहीं से न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है।

### विधायक का पद्मश्री पुरस्कार विजेता से आत्मीय भेंट

## ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य के रूपरेखा पर हुई चर्चा

**बरही ।** ग्रामीण क्षेत्र में विकास की किरण जगाने वाला स्वयं सेवी संस्थान के संचालक पद्मश्री विजेता डॉ अशोक भगत से स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने रांची आत्मीय भेंट किया. मौके पर वाराणसी के पूर्व एमएलसी व वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ यादव, शशिभूषण यादव आदि कई गणमान्य उपस्थित थे. इस दौरान विधायक ने ग्रामीण क्षेत्र में एनजीओ विकास भारती के किए गए कार्यों की जानकारी लिया. बरही विस क्षेत्र में विकास भारती के कार्यों को कैसे अमल किया जाए. इसका आम जन को क्या लाभ मिलेगा इत्यादि विभिन्न महत्वपूर्ण में पहलू पर चर्चाएं हुई. विधायक ने बताया को डॉ भगत झारखंड के ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं. उन्होंने अपना जीवन राज्य के दूर-दराज के गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आजीविका के क्षेत्र में सुधार के लिए समर्पित कर दिया है. जनसमर्पण की भावना के कारण हीं भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2015 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## एसवीएम गिद्दी में छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया

गिद्दी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती में गुरुवार को छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। रेलीगढ़ा कोलियरी प्रबंधन ने विद्यालय में खदान सुरक्षा के संबंधित विषय पर स्लोगन और चित्रकला प्रतियोगिता स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया। रेलीगढ़ा परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार, अर्द्धेंदु मिश्रा, कुलविंदर सिंह और विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर मोहन ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया।

### मुहर्रम को लेकर उपायुक्त की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# बिना पुष्टि के किसी भी वीडियो व फोटो को शेयर ना करें, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई

- **किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सभी को आगामी मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पर्व के आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना पुष्टि के किसी भी वीडियो एवं फोटो को शेयर ना करें, नहीं तो पता चलने पर वैसे लोगें पर होगी कड़ी कार्रवाई।

मौके पर उपायुक्त ने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए ताकि ससमय उसपर कार्रवाई की जा सके। सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई भी गतिविधि ना हो तथा किसी भी प्रकार की अखबार सामने आने पर तुरंत इसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम अथवा नजदीकी प्रशासन को देने की अपील की। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के दौरान जो भी जानकारी उन्हें दी जा रही हैं उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों व अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

# मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं:पुलिस अधीक्षक



## किसी प्रकार की सूचना मिल पर संपर्क करें

कंट्रोल रुम मो0 नं0-9262998529, मीडिया सेल मो0 नं0-9162388444, पुलिस उपाधीक्षक (मु0)-9631076117, अनु0पु0पदा0, रामगढ़-9431706300, अनु0पु0पदा0 पतरातू-9430165994, थाना/ओ0पी0 प्रभारी मो0 नं0- रामगढ-9431706319, रजरप्पा-9631077069, माण्डु-9431706324, गोला-9693016686, बरलंगा-8294965715, पतरातू-9431706322,बासल-9934307206, कुज्जु 6205271895, वेस्ट बोकारो-8527940406, भुरकुण्डा-7858882353, बरकाकाना-9572640635, भदानीनगर-7858848572 है।

**नवीन मेल संवाददाता**

- **मुहर्रम के दौरान रामगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है,**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस आप सभी जिला वासियों से अपील करती है कि मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। साथ ही मुहर्रम के दौरान सामाजिक व सांप्रदायिक सौहार्द के साथ विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यह बात गुरूवार को जारी विज्ञप्ति में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जिला वासियों से कही। उन्होंने कहा कि जुलूस केवल निर्धारित मार्गों से ही निकालें एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के उत्तेजक, आपत्तिजनक या भड़काऊ गानों, नारों या भाषणों का प्रयोग नही करें। किसी भी प्रकार के तथ्यहीन, भ्रामक, गलत सूचना/फोटो/विडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया फेसबुक/टवीटर(एक्स)/वाटसअप/इंस्टाग्राम/यू टयूट आदि पर शेयर/अपलोड करने से बचें एवं किसी भी तरह के अफवाहों पर ध्यान न दें। मुहर्रम के दौरान रामगढ़ पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है, उल्लंघन करने वाले लोगों के विरूद्ध विधि-सम्मत् कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आप सभी से यह अनुरोध है कि किसी भी अप्रिय घटना या असामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना हमारे कन्ट्रोल रूम का मोबाईल नं0-9262998529 एवं मीडिया सेल मो0नं0-9162388444 पर दें अथवा 112 पर कॉल करें। समाज में शाति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए रामगढ़ पुलिस आप सभी से सहयोग की अपेक्षा रखती है और आशा करती है कि आप मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

## एक माह में ठाकुरगोड़ा से छोटकाचुंबा तक बनी सड़क उखड़ने लगी

**गिद्दी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से एक माह पहले ठाकुरगोड़ा से कंजगी भाया छोटकाचुंबा तक सड़क बनाई गई है। जिसका पिच उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने इस पर विरोध जताया है और जिला प्रशासन से इसकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया ठाकुरगोड़ा से कंजगी भाया छोटकाचुंबा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से लगभग 11 किलोमीटर सड़क बनी है। इस पर 4.84 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं। पर यह सड़क एक माह के अंदर उखडंने लगी है। ग्रामीणों ने कहा कि कंजगी गांव के पास सड़क की पिच अभी से ही उखड़ रही है। मुखिया राजेंद्र कुमार प्रसाद उर्फ राजू महतो ने कहा कि इस सड़क को लेकर प्रधानमंत्री से लिखित शिकायत की जायेगी। एक माह के अंदर सड़क का टूट जाने यह तो सवाल खड़े करने वाली बात है। इससे लोगों को परेशानी बढ़ की बात कही जा रही हैइसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और अभिकर्ता पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। विरोध जताने वालों में राजेंद्र गोप, रामगुलाम गोप, अनिल सोनी, राजेश बेदिया, आदित्य, मदन कुमार, ललन का नाम शामिल है।

# जल जमाव वाले इलाकों का सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या-6 अंतर्गत गौशाला गेट के दर्जनों लोगों ने क्षेत्र में उत्पन्न जलजमाव की समस्या को लेकर भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस को एक लिखित आवेदन सौंपा। लोगों ने बताया कि हल्की बारिश में भी सड़कें एवं घरों के आसपास पानी भर जाता है, जिससे न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। इस समस्या से बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को विशेष परेशानी हो रही है। धनंजय कुमार पुटूस ने जनता दरबार में आवेदन प्राप्त करते ही गंभीरता से इस विषय पर संज्ञान लिया और मौके पर जाकर स्वयं स्थिति का मुआयना किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से बात कर उचित कार्रवाई करवाई जाएगी। धनंजय कुमार पुटूस ने आगे कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए मैं हमेशा तत्पर हूँ। किसी भी आम नागरिक को तकलीफ हो, यह स्वीकार्य नहीं है। हर वार्ड, हर मोहल्ला, हर गाँव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही मेरा लक्ष्य है। मौके पर उमेश कुमार,अनीता देवी, सुमित्रा कुमारी, मनबोधन भगत, सुनील कुमार, राकेश राम आदि उपस्थित थे ।

### श्री ज्वेलर्स सहित अन्य व्यवसायियों से रंगदारी मांगने का था आरोप

# जिला पुलिस को मिली बड़ी सफलता उत्तम यादव गिरोह के नौ सदस्य धराए

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** अब से करीब एक सप्ताह पूर्व शहर के गोला रोड स्थित श्री ज्वेलर्स पर दो अज्ञात युवकों के द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर रंगदारी मांगने की बात सामने आने से शहर का माहौल तनावपूर्ण हो गया था। वहीं इस बीच अपराधियों ने अन्य व्यवसायियों को भी मैसेज भेज कर रंगादारी देने का निदेZश दिया गया था। वहीं इन सभी घटनाओं के पीछे कुख्यात अपराधी उत्तम यादव का नाम सामने आने के बाद पुलिस के उपर अपराधियों की गिरफ्तारी का दबाव बढने लगा था। साथ ही सांसद मनीष जायसवाल ने भी इस संबंध में एसपी से मुलाकात कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। इस सिलसिले में एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए उत्तम यादव गिरोह के नौ सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने गुरूवार को अपने कायाZलय कक्ष में आयोजित प्रेस वाताZ में दी। वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद सभी पैदल मार्च कराते हुए समाहरणालय परसिर से कोर्ट तक ले जाया गया। इस दौरान कई अपराधी अपना चेहरा छिपाते दिखे। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को विगत दो जुलाई को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधी उत्तम यादव के गिरोह के दो लडके काला रंग के पल्सर मोटरसाईकिल पर हथियार के साथ एवं एक ग्रांड विटारा कार में अपने अन्य 5-6 साथियों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए शहर के संत कोलंबस कॉलेज रोड में घुम रहे है । सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ अमित आनंद सदर के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाइ करने का निदेZश एसपी ने दिया। निदेZश के आलोक में विशेष छापामारी दल ने शहर के कार्मेल स्कूल मोड़ के पास एंटी क्राईम चेकिंग प्रारंभ किया। इस बीच पुलिस को काला रंग का पल्सर पर सवार दो युवक एवं उसके पीछे एक ग्रांड विटारा कार आती दिखी। पुलिस बल के द्वारा दोनों गाड़ी को रोकने का इशारा करने पर वे लोग गाड़ी के साथ वेल्स ग्राउण्ड के पीछे झाड़ी की ओर कच्चे रास्ता में भागने लगे।

# ममता वाहन संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन, भाड़ा यथावत रखने की मांग

- **अस्पताल से वापस घर ले जाने के लिए ममता वाहन का संचालन कर रही है। सभी ममता वाहन का संचालन कॉल सेंटर से होता है**

**गोला।** राज्य में जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं और एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को अस्पताल पहुंचाने व अस्पताल से वापस घर ले जाने के लिए ममता वाहन का संचालन कर रही है। सभी ममता वाहन का संचालन कॉल सेंटर से होता है। स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग ने लाभुकों को 6 किमी की दूरी में 500 रुपए व उससे अधिक दूरी होने पर प्रति किमी 13 रुपए अतिरिक्त भुगतान कर रही थी। 5 जून 2025 को पत्रांक संख्या 9/आरसीएच 326/22-502 के आलोक में अभियान निदेशक रांची ने प्रत्येक लाभुक के लिए 6 किमी की दूरी पर 300 रुपए और इसके अतिरिक्त प्रति किमी में 9 रुपए के दर से भुगतान करने का पत्र जारी किया गया है। इसका ममता वाहन संघ ने विरोध करते हुए भाड़ा को यथावत रखने की मांग करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के नाम विधायक ममता देवी को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि पिछले 13 वर्षों से ममता वाहन के माध्यम से प्रत्येक पंचायत की गर्भवती माताओं, धात्री माताओं व बीमार नवजात शिशुओं को उसके घर से अस्पताल पहुंचाने व ईलाज या प्रसव के बाद अस्पातल से घर तक पहुंचाया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा में दो अलग अलग स्थानों पर हुई चोरी, जांच में जुटी पुलिस




**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग स्थानों में चोरी का मामला सामने आया है। पहला मामला परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय गैड़ा का है। इस संबध में प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत रविदास ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि विद्यालय खोलने के दौरान मुख्य दरवाजा टूटा हुआ पाया। साथ ही कार्यालय एवं प्राचार्य कक्ष का दरवाजा समेत सभी अलमीरा का लॉकर तोड़ दिया गया। उनमें रखे सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया।अज्ञात चोरों ने दो प्रिंटर सेट, विद्यालय के पंजी, नामांकन से प्राप्त 50हजार की राशि समेत अन्य की चोरी हुई है। दूसरा मामला चुगलामों निवासी विनोद महतों की अम्बा बगिया स्थित मुर्गा दुकान में चोरी का है। दुकान से एक क्विंटल 40 किलो० मुर्गा समेत 2हजार 4सौ साठ रुपए चोरी हुई है। पुलिस दोनों से मिले आवेदन पर तहकीकात कर रही है।

### नम आंखों से भरत कपूर को दी गईं विदाई




**रामगढ़ ।** राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर उम्र का गुरुवार को अंतिम संस्कार बोरोबिंग स्थित दामोदर नदी के तट पर हुआ । उनके पुत्र आदित्य कपूर ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग मुरुबंदा स्थित आवास पर पहुंचे। बुधवार की सुबह हैदराबाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। निधन की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार रात को जैसे ही पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी, झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य, दर्जा प्राप्त मंत्री फागू बेसरा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों को ढाढ़स बंधाया। भरत कपूर अपनी पत्नी कंचन देवी, एक बेटा आदित्य कपूर, एक बेटी ऋतिका कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। भरत के बड़े भाई सह मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मँझले भाई चित्रगुप्त महतो, भतीजा विनय कपूर सहित अन्य लोगों ने उनकी अर्थी को कंधा दिया.

### पिकअप वैन की टक्कर से सब्जी विक्रेता की हुई मौत



**रामगढ़ ।** कुजू ओपी अंतर्गत नयामोड़ आरा हिरक मार्ग के सरना स्थल के समीप गुरुवार की दोपहर मालवाहक पिकअप वैन की चपेट के आकर मोपेड लूना सवार सब्जी विक्रेता की मौत मौके पर हो गयी। घटना के बाद कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में कर ओपी ले आये। जानकारी के मुताबिक बोकारो जिला के जगेसर दनिया निवासी गेंदलाल यादव (47 वर्ष) बसकरील (सब्जी) बिक्री के लिए अपने मोपेड लूना संख्या जेएच09ए क्यू-2541 पर सवार होकर कुजू बाजार जा रहे थे। इसी बीच सरना स्थल के समीप मालवाहक पिकअप वैन संख्या जेएच02जेड-4761 ने टक्कर मार दिया। जिससे गेंदलाल यादव की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

### लघु उद्योग भारती ने डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट को किया सम्मानित




**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती की रामगढ़ जिला इकाई ने डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट डे धूमधाम से मनाते हुए डॉक्टर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट को सम्मानित किया । यह सम्मान समारोह होटल शिवम इन के सभागार में संगठन के सदस्यों के बीच डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड एकाउंटेंट डे के अवसर पर आयोजित किया गया। रामगढ़ से संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सदस्यों ने विजय मेवाड़ को बधाई दी। मौके पर मौजूद चार्टर्ड एकाउंटेंट अमन कौर को संगठन के अध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा और जन्मेजय प्रताप ने पुष्प गुच्छ और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया । वहीं, डॉ शरद जैन को वरीय सदस्य संतु भाई माणेक ने प्रतीक चिन्ह और निवर्तमान अध्यक्ष अनिल गोयल ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया । डॉ अभिषेक अग्रवाल को निवर्तमान अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने प्रतीक चिह्न और जिला इकाई के उपाध्यक्ष उमेश राजगढ़िया ने पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया । डॉ इंद्रनाथ प्रसाद को वरीय सदस्य आनंद चौधरी ने प्रतीक चिह्न और अमित साहू ने पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया । डॉ ठाकुर मृत्युंजय सिंह को प्रांतीय अध्यक्ष विजय मेवाड़ ने प्रतीक चिह्न और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया । अन्य सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ सौम्या जैन , डॉ निधि बजाज , डॉ अनुपमा सिंह , चार्टर्ड अकाउंटेंट शेखर शरद , चार्टर्ड अकाउंटेंट रक्षा अग्रवाल शामिल थे।

## आदिवासियों का दमन कर रही राज्य सरकार : प्रवीण

**रामगढ़।** हूल दिवस के अवसर पर भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज के ऊपर लाठीचार्ज का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राज्य की विपक्षी दलों ने पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया है। इसके तहत मुख्य विपक्षी दल भाजपा की ओर से सुभाष चौक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। नेतृत्व कर रहे रहे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भोगनाडीह में पुलिसिया जुल्म की कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं। कहा कि पुलिस की ओर से लाठी चार्ज के साथ आंसू गैस के गोले भी दागे गए हैं। यह अंग्रेजी हुकूमत की याद ताजा करती है। पूरे प्रदेश में घुसपैठियों का बोलबाला है।

### सिमडेगा उपायुक्त ने केन्द्र प्रायोजित राज्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

# योजनाओं में तेजी लाने के दिए गए निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को उप विकास आयुक्त कार्यालय अंतर्गत संचालित केन्द्रीय राज्य योजनाएं प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट , रूर्बन मिशन, सांसद आदर्श ग्राम योजना एवं आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का समावेशी विकास है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। योजनाओं से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी आशा मैक्सिमम लकड़ा, सहायक परियोजना पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, रूर्बन मिशन के तकनीकी विशेषज्ञ उमाशंकर प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जाति प्रमाण पत्र व सड़क निर्माण पर भी आवेदन मिले

सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने समाहरणालय परिसर में गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। समाहरणालय के ग्राउंड फ्लोर में मुख्य द्वार के पास टेबल-कुर्सी लगाकर जनता की शिकायतों को सीधे सुनवाई की गई। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेंद्र, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्रीमती सरोज तिर्की समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।जनता दरबार में कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें विभिन्न प्रकार की समस्याएं रखी गईं। इनमें आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन से संबंधित नियुक्ति पत्र दिलाने, 15वें वित्त आयोग की योजना के अंतर्गत नाली निर्माण के नाम पर बिना निर्माण योजना के पैसे की निकासी की जांच करने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि के बदले भूमि उपलब्ध कराने, गंभीर बीमारी के इलाज हेतु आर्थिक सहायता, अवैध भूमि बिक्री पर रोक, विद्युत आपूर्ति बहाल करने, और बिजली बिल माफी जैसे मुद्दे शामिल रहे।इसके अतिरिक्त ओड़गा बाजार टांड़ से रेलवे स्टेशन तक सड़क निर्माण, कोलेबिरा प्रखंड के बोंगराम पंचायत में आदिम जनजाति के बुधन बिरहोर एवं छोटी कुमारी के जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने में आ रही समस्याओं के समाधान, जमीन के आपसी बंटवारे, अनुकंपा पर नियुक्ति तथा राशन कार्ड में नाम जोड़वाने जैसे विषयों पर भी आवेदन प्राप्त हुए।उपायुक्त श्रीमती सिंह ने सभी मामलों की बारी-बारी से समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी मामलों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से किया जाए और आवेदकों को इसकी सूचना भी दी जाए। उपायुक्त की यह पहल जनता के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ाने में सहायक साबित हो रही है।




## झामुमो जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर राज्य में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आज सिमडेगा में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन 30 जून को भोगनाडीह में हुल दिवस के दिन हुई अशांति और झारखंड की परंपरा के अपमान के विरोध में किया गया।झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि हुल दिवस जैसे पवित्र दिन पर भोगनाडीह की घटना झारखंड के शहीदों और आदिवासी-मूलवासी समाज की आत्मा को ठेस पहुंचाने वाली है। यह राज्य में अस्थिरता फैलाने की एक सुनियोजित साजिश है, जो भाजपा के इशारे पर रची गई। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और दोषियों पर जल्द सख्त कार्रवाई होगी।जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि "यह घटना झारखंड को मणिपुर जैसा बनाने की कोशिश है। भाजपा सत्ता की लालच में किसी भी स्तर तक जा सकती है। कोई भी जिम्मेदार राजनीतिक कार्यकर्ता हथियार लेकर राजकीय कार्यक्रम में नहीं जाता ऐसे लोग निश्चित तौर पर अपराधी हैं।प्रदर्शन में जिप अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेन,जिला उपाध्यक्ष सरफराज अहमद, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज़ अली, केंद्रीय सदस्य प्रोफुलित डुंगडुंग, मो शहीद, अनिल तिर्की, ओस्कर डांग, मो अनस आलम,साबिर अंसारी, किशोर डांग, वसीम खान, मो सकील अख्तर,जैनुल अंसारी, जाफर खान, , मो तनवीर हुसैन, अमित बॉडिंग, कल्याण मिंज, मिन्हाज राजन, देवेंद्र साहू, प्रकाश बागे, मो मिन्हाज, पुनीत तिर्की, सुमन मिंज, एल्विन कुजूर, मासी दास कुल्लू, प्रेम धनी हेमरॉम, सुमन हेमरॉम,अनास्तासिया हेरेंज, बर्दानी हेमरॉम, दानिश कुरेशी, संदीप मिंज, कुंदन कुमार रजक और भारी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### सिमडेगा में राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान की समीक्षा बैठक

## न्यायिक अधिकारियों को अधिकतम मामलों को सफल बनाने के लिए न्यायिक निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** नालसा और झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा एक जुलाई से सात अक्टूबर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं की बैठक पीडीजे के प्रकोष्ठ में हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि मध्यस्थता अभियान एक जुलाई से शुरू किया गया है,जो 90 दिनों तक चलेगा। इस दौरान मध्यस्थता के माध्यम से आपसी समझौते के आधार पर मामलों का निष्पादन किया जायेगा। पीडीजे ने अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से निष्पादन करना है। बैठक में पीडीजे ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस विशेष अवधि में अधिकतम मामलों की पहचान कर उन्हें मध्यस्थता के लिए भेजें। पीडीजे ने प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम को निर्देश दिया कि सभी मध्यस्थ को नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं सेवाएं प्रदान करने को कहा जाए। साथ ही जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर आम जनता को इस अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने की व्यवस्था करें। पीडीजे ने बताया कि वैवाहिक विवाद,दुर्घटना दावा मामले,घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस,व्यावसायिक विवाद,सेवा से संबंधित विभाग,आपराधिक समझौता योग्य मामले,उपभोक्ता विवाद,ऋण वसूली,बंटवारा, बेदखली मामले सहित अन्य सिविल मामलों का निष्पादन किया जायेगा। पीडीजे ने कहा कि आगामी 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उसे सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। पीडीजे ने 14 जुलाई से प्री काउंसलिंग बैठक शुरू करने को कहा। सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक मामलों की पहचान कर उन्हें लोक अदालत के लिए सूचीबद्ध करें एवं संबंधित लोगों को समय रहते नोटिस जारी करें,ताकि आगामी लोक अदालत में अधिकतम मामलों का समाधान किया जा सके। बैठक में एडीजे नरंजन सिंह, सीजेएम निताशा बारला, एसडीजेएम सुमी बीना होरो,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव,उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष,बार के सचिव प्रदुम्न सिंह,अधिवक्ता बसंत कुमार,शमीम अख्तर,संजय महतो,विजय बख्शी,सगीर अहमद सहित कई अधिवक्ता, बीमा कंपनी के अधिवक्ता,मध्यस्थ आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीण 9 दिन से गायब बिजली के विरोध में करेंगे चक्का जाम

- दुकानें बंद कर सहयोग करने का निर्णय लिया गया
- चक्का जाम की सूचना प्रखंड प्रशासन को दी गई

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा में बिजली के ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण कोलेबिरा के आधे हिस्से में 25 जून 2025 से बिजली नहीं है।बिजली के ट्रांसफार्मर के लिए स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा पिछले 9 दिनों तक विद्युत विभाग के पदाधिकारीयो के चौखट पर माथा टेका गया।इसके बावजूद विभाग के पदाधिकारी के द्वारा बार-बार केवल आश्वासन ही मिला।जिससे नाराज होकर कोलेबिरा विद्युत उपभोक्ता संघ एवं स्थानीय ग्रामीणों ने आगामी 5 जुलाई दिन शनिवार को कोलेबिरा रण बहादुर सिंह चौक परिसर में सुबह 8:00 बजे से अनिश्चित चक्का जाम का ऐलान किया है। जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग की होगी। ग्रामीणों ने अभी बतलाया कि विभाग के कहने पर वे लोग स्वयं चंदा इकट्ठा करके जला हुआ ट्रांसफार्मर को सिमडेगा भिजवाए । ग्रामीणों ने इस चक्का जाम में प्रभावित क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को निश्चित रूप से भाग लेने की अपील किया है उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग के बगैर कुछ भी नहीं होता। प्रभावित क्षेत्र के उपभोक्ता जो अगर दुकान करते हैं तो उसे दिन वह अपने दुकान बंद कर चक्का जाम कार्यक्रम में भाग लेंगे।यह जानकारी विनोद कुमार एवं श्यामलाल प्रसाद ने संयुक्त रूप से दिया. चक्का जाम की लिखित सूचना कोलेबिरा प्रखंड प्रशासन को दिया जाएगा।

## सहायक उप निरीक्षक बिलास चन्द्र नायक का सेवानिवृत्ति सम्मान

**सिमडेगा।** पुलिस केन्द्र सिमडेगा में आज सहायक उप निरीक्षक पुअनि बिलास चन्द्र नायक के सेवा निवृत्ति के अवसर पर विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने की।बिलास चन्द्र नायक ने वर्ष 1986 से अपनी पुलिस सेवा की शुरुआत की थी और 2025 तक लगभग 39 वर्षों तक बिहार व झारखंड के विभिन्न जिलों में ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य किया। उनके दीर्घकालिक योगदान को स्मरण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा बिलास चन्द्र नायक ने पुलिस विभाग को अपनी प्रतिबद्धता और मेहनत से गौरवान्वित किया है। उनका अनुशासन और अनुभव हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। मैं उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करता हूँ।अपने विदाई संबोधन में बिलास चन्द्र नायक ने कहा, पुलिस सेवा मेरे लिए एक जिम्मेदारी और गर्व का विषय रहा। विभाग से जुड़ी स्मृतियाँ हमेशा मेरे साथ रहेंगी।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भोगनाडीह हूल दिवस हिंसा को बताया सोची समझी साजिश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमडेगा जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं जिला सचिव मो. सफीक खान ने गुरुवार को सिमडेगा परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में भोगनाडीह में 30 जून 2025 को हुए हूल दिवस हिंसा को एक सुनियोजित षड़यंत्र बताया। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि हूल दिवस जैसे पवित्र दिन पर भाजपा द्वारा संथाल परगना क्षेत्र को अस्थिर करने के लिए यह घटना रची गई। उन्होंने इसे झारखंड के शहीदों और आदिवासी-मूलवासी समाज की आत्मा को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया और कहा कि यह राज्य में अशांति फैलाने एवं लोकप्रिय सरकार को बदनाम करने की साजिश थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों का खुलासा किया है और उन्हें कानून व्यवस्था पर पूर्ण भरोसा है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि भाजपा सत्ता पर कब्जा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी राजनीतिक नेता या कार्यकर्ता अवैध हथियार लेकर सरकारी कार्यक्रम में नहीं जाता, ऐसे लोग अपराधी ही होते हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, नगर अध्यक्ष अनस आलम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।झामुमो नेताओं ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## मुहर्रम जुलूस को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को सेंट्रल मुहर्रम कमिटी, सिमडेगा तथा सभी अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मुहर्रम जुलूस को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने उपस्थित समिति सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मुहर्रम जैसे धार्मिक अवसर पर सभी समुदायों के बीच आपसी भाईचारे एवं समरसता को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, अंचल अधिकारी सिमडेगा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सिमडेगा, थाना प्रभारी सिमडेगा सहित सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष व सचिव तथा सभी अखाड़ा समितियों के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित थे।

**परेशानी** | जंगली हाथियों ने विधवा महिला का घर किया ध्वस्त, अनाज और सामान बर्बाद

# ग्रामीणों ने विधायक से सुरक्षा की लगाई गुहार

- लगातार बारिश के कारण महिला को खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ा
- मुखिया लोरेन्स बागे ने सुबह 5 बजे घटना की सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को दी



### ग्रामीणों में हाथी से बचाव की सामग्री बांटी गई

**बानो।** प्रखण्ड में हाथियों के बार बार आने से ग्रामीणों व विभाग भी परेशान हैं। जंगली हाथियों के आने के कारण बन विभाग की ओर से ग्रामीणों के बीच हाथी से बचाव सामग्रियों का वितरण किया गया। ग्राम लोवासोकरा व बांस पहार के ग्रामीणों ने बीच मशाल ,छड़, जुट बोरा ,जला मोबिल ,टोर्च आदि सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर वनपाल विवेक कुमार ,लखिन्द्र सिंह ,दिलीप खड़िया व ग्रामीण मौजूद थे। वनपाल विवेक कुमार ने बताया कि प्रखण्ड में दो जगह अलग अलग हाथी घूम रहा है इस लिये ग्रामीण सावधान रहें।

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु पंचायत अंतर्गत ग्राम गटिबांदु में बुधवार की रात्रि जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार, झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने विधवा महिला बिरसी कुल्लू के घर पर धावा बोलते हुए उसे चारों ओर से तोड़ डाला। हाथियों ने घर में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन, किताबें व कॉपियों को भी पूरी तरह बर्बाद कर दिया।घटना के दौरान जब हाथियों ने दीवार तोड़ी, तो मलबा गिरने से महिला का पुत्र घायल हो गया, हालांकि चोटें सामान्य हैं। लगातार बारिश के चलते घर क्षतिग्रस्त होने से महिला को खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर होना पड़ा है।घटना की सूचना ग्राम मुखिया लोरेन्स बागे को सुबह 5 बजे मिली, जिन्होंने तत्काल झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन, पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, सचिव अमित बड़िंग और तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को मामले से अवगत कराया। के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी से मिलकर पीड़ित परिवार को त्वरित सहायता राशि दिलाने की मांग की गई।मुखिया लोरेन्स बागे, उप मुखिया हेरमन सुरिन, वार्ड सदस्य संदीप समद सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और तत्काल सूखा राशन सामग्री महिला को उपलब्ध कराया।वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षति का आकलन शुरू कर दिया है। ग्रामीणों में हाथियों के लगातार उत्पात से भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन



**सिमडेगा।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में गुरुवार 64वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमडेगा के उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी मौजूद रहे कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन के साथ की गई, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। अपने उद्बोधन में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि खेल में अनुशासन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बचपन में खेले गए खेलों को याद करते हुए कहा कि सरकार ऐसे आयोजनों के माध्यम से खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान कर रही है, ताकि वे आगे चलकर राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें।उन्होंने कहा फुटबॉल का खेल एक आपसी समन्वय स्थापित करने वाला खेल है जहां पर बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास के साथ बहुत तरह की इसमें सीखने को मिलता है।वहीं उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिमडेगा को फुटबॉल नगरी के रूप में पहचान मिली है और यहां के खिलाड़ी निरंतर अपने प्रदर्शन से जिले को गौरवान्वित कर रहे हैं।

### सर्पदंश रोकने के लिए जनता से सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत घुटबहार पंचायत के बिझियाबांध पतराटोली गांव में विषैले सांप के काटने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान एमन कण्डुलना (उम्र 64 वर्ष) और उनकी पत्नी सुलेहन कण्डुलना (उम्र लगभग 60 वर्ष) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, दोनों दंपति बीती रात अपने घर में जमीन पर सो रहे थे, तभी एक विषैला सांप घर में घुस गया और दोनों को डस लिया। सांप के काटने से एमन कण्डुलना की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर स्थिति में सुलेहन कण्डुलना को सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। मृतक एमन कण्डुलना कई वर्षों से लकवा ग्रस्त थे।घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को अवगत कराया। विधायक ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अपने प्रतिनिधियों शामी आलम, रावेल लकड़ा व प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को शोकग्रस्त परिवार से मिलने और हर संभव सहायता पहुंचाने का निर्देश दिया।विधायक ने सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए आम लोगों से अपील की है कि "जमीन पर न सोएं, मच्छरदानी का उपयोग करें और घरों में ऐसे उपाय अपनाएं जिससे सांप प्रवेश न कर सके।

### बानो: महबुवांग में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**बानो।** थाना क्षेत्र के महबुवांग में गुरुवार को दो ट्रैक्टर को अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए आयुष्मान आरोग्य केंद्र, एला के पास पकड़ा गया। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर एवं अवैध बालू को जब्त कर लिया गया इस संबंध में महबुवांग थाना कांड संख्या 06/25, के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 317(5)/3(5), खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4/21, झारखंड खनिज अनुज्ञा नियमावली 2004 की धारा 4/54 एवं झारखंड खनिज ( अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम) नियमावली 2017 की धारा 9/11 के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया है। जिसमें जुनुल बड़िंग सोय सिजांग तथा सोमा लोहरा बानो, जिला सिमडेगा। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

### कानारोवां पंचायत भवन सभागार में शोक सभा का हुआ आयोजन

**बानो।** प्रखण्ड के कनारोवा पंचायत भवन में पूर्व मुखिया कानारोवां व पूर्व बानो प्रखंड प्रमुख रह चुकी स्वर्गीय सेवानी बरजो का आकस्मिक निधन हो गया है। जिसके आलोक में आज कानारोवां पंचायत सभागार में 2 मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। मुखिया मिन्सी लीना तिर्की एवं ग्राम सभा मोबाइलाइजर विकाश मघईया ने कहा कि हमारे पंचायत की पहली सीढ़ी के रूप में मुखिया के पद पर रह कर प्रगति की ओर बेहतर दिशा देने का कार्य की ।उन्होंने पंचायत में कई बिकास योजनाओं को गाँव तक पहुचाई।वे समाज सेवा में दूसरी बार प्रमुख रहकर बानो प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दी थी । उनके सुंदर कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों ने भी उनके कार्यकाल को याद कर भावुक हुए। आज के बैठक में पंचायत सचिव देवीलाल ओहदार, बेंजामिन लुगुन। तुरलेन लुगुन , गोस्नर बरजो, सनातन समद, वीएलई गौरीगणेश सिंह, कमला देवी, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### जेएसएलपीएस ने किसानों को जैविक खाद और दवा निर्माण का दिया प्रशिक्षण

**बानो।** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में बानो प्रखंड के जमताई सीएलएफ परिसर में किसानों को जैविक खाद व दवा निर्माण का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य रासायनिक खाद के बजाय प्राकृतिक और किफायती जैविक विकल्प को अपनाने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करना था।एफटीसी रूपा कुजूर ने किसानों को गोबर, नीम की पत्तियां, गुड़, दीमक मिट्टी, बेसन आदि से अग्नास्त्र, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र, घन जीवामृत जैविक डीएपी जैसी जैविक दवाएं और खाद तैयार करने की विधि बताई।विशेषज्ञों ने समझाया कि जैविक खेती से मिट्टी की उर्वरता, फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में वृद्धि होती है और यह पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए भी सुरक्षित है।प्रशिक्षण में सीएलएफ से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्याएं, एलएच बीआरपी, एलएच सीआरपी, एफटीसी, आईएफसी एंकर, आजीविका कृषि सखी, बागवानी सखी, पशु सखी सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।जेएसएलपीएस कर्मियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण जल्द ही प्रखंड के अन्य सीएलएफ बांकी बानो और सोय में भी आयोजित किया जाएगा।

### तोरपा विधायक ने किया बानो प्रखंड का दौरा, शोक संतप्त परिवारों से मिले

**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बानो प्रखंड का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने स्वर्गीय जोन कंडुलना (टोनया) के कब्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और परिजनों से मिलकर दुःख की इस घड़ी में सांत्वना दी।इस अवसर पर उनके साथ बानो प्रखंड सचिव अमित बड़िंग, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे, पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, सदस्य संतोष जोजो, निजी सचिव अरमान तोपनो व अनूज गुड़िया उपस्थित थे।इसके पश्चात विधायक बानो मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रखंड प्रमुख स्व. सेवानी बरजो के अंतिम संस्कार में भाग लिया और परिजनों को ढाढस बंधाया।दौरे के क्रम में वे भगवान बिरसा मुंडा खेल समिति की बैठक में शामिल हुए तथा बानो चौक में कार्यकर्ताओं से भी भेंट की। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष बिदेशी बड़ाईक, उपाध्यक्ष मनीर खान, सोय मुखिया सोमारी कैथवार, उकौली मुखिया कृपा हेमरोम, कोनसोदे मुखिया सीता कुमारी सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, सिविल सर्जन ने बच्चों के भोजन की गुणवत्ता परखी

**कोलेबिरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत लरबा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए तैयार किए गए भोजन को स्वयं खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली सभी सुविधाएं बच्चों को समय पर और पूर्ण रूप से मिलनी चाहिए ताकि उनके पोषण में कोई कमी न आए। डॉ. पासवान ने यह भी निर्देश दिया कि क्षेत्र में जितने भी कुपोषित बच्चे हैं, उन्हें शीघ्र चिन्हित कर सिमडेगा सदर अस्पताल में संचालित कुपोषण उपचार केंद्र में भेजा जाए ताकि उनका समुचित इलाज हो सके।निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभुकों से बातचीत की और ओआरएस तथा जिंक टैबलेट के उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि दस्त जैसी बीमारियों की रोकथाम में इनका नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी की अन्य व्यवस्थाओं की भी विस्तार से जानकारी ली और सुधार के आवश्यक निर्देश दिए।

# भाकपा माले ने अंचल कार्यालय में दिया धरना उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**



तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में गुरुवार को भाकपा माले ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव मुन्ना राणा और संचालन मुन्ना दयाल ने किया. इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से तिसरी बीडीओ,सीओ,पंचायत सचिव सहित सभी कर्मचारियों को कमिशन देना बंद करने और प्रखंड मुख्यालय का सारा काम कैंप लगाकर करने की मांग की. कहा कि अगर एक सप्ताह में सुधार नहीं हुआ तो भाकपा माले के बैनर तले घेरा डालो - डेरा डालो अभियान के तहत अनिश्चितकालीन धरना देगी. जबतक गिरिडीह उपायुक्त न्याय नहीं करेंगें तबतक धरना जारी रहेगा. वहीं प्रखंड कार्यालय और अंचल को उपायुक्त के नाम 24 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए बरसात माह में बालू डंप करा कर मजदूरों को बालू उपलब्ध कराने,कैम्प लगाकर दाखिल खारिज व बंदोबस्ती करने,डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य जल्द चालू कराने,सीएमआई जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने,मनरेगा योजना में स्वीकृति के नाम पर 5% कमीशन लेना बंद किया जाए,किसानों को मुफ्त खाद बीज की व्यवस्था किया जाए, सभी विद्यालयों में बच्चों के अनुपात शिक्षक की व्यवस्था करने सहित अन्य मांगे की. मौके पर मुन्ना राणा, राजेश यादव, लालो राय, उपेंद्र शर्मा बालेश्वर यादव, राजकुमार यादव मौजूद थे.

## ग्राम प्रशासन में पांच नए मुंडाओं की हुई नियुक्ति



**पश्चिम सिंहभूम।** जिले में ग्राम स्तर की प्रशासनिक व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी चंदन कुमार ने गुरुवार को पांच ग्राम मुण्डाओं की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की है। यह नियुक्तियां संबंधित ग्रामसभाओं के चयन और अंचल अधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर की गई हैं। मंझगांव अंचल के मौजा बेताजोरी से नरायण चातर, बंदगांव अंचल के मौजा कुन्द्रुगुटू से सनिका पुरती और मौजा खण्डा से जुरा हेमरोम शामिल हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि नियुक्त व्यक्ति तभी तक पद पर बने रहेंगे, जब तक वे रैयतों के हित में कार्य करेंगे, उन्हें अनावश्यक तकलीफ नहीं पहुंचाएंगे।उनका चाल-चलन दोषमुक्त रहेगा और वे अपने मौजा में निवासरत रहेंगे। मालगुजारी की वार्षिक किस्त का भुगतान न करना, कर्तव्य में अयोग्यता, गांव की घटनाओं की सूचना पुलिस को नहीं देना अथवा प्रशासनिक सहयोग नहीं देना, इन सभी स्थितियों में उनकी बर्खास्तगी तय होगी।

## न्यूज बॉक्स

### चोरी की दो वारदातों से दहशत, दुकान और गोदाम को बनाया निशाना

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सुंदरनगर थाना क्षेत्र के जोंड्रागोड़ा में बुधवार देर रात चोरों ने एक मनिहारी दुकान की छत का एसबेस्टस तोड़कर 80 हजार रुपये मूल्य के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी गुरुवार सुबह तब हुई जब दुकानदार गीता देवी के परिवार के सदस्य हरेंद्र सिंह को पड़ोसियों ने सूचना दी। रात 9.30 बजे दुकान बंद करने के बाद सुबह देखा गया कि छत टूटी हुई थी और भीतर से सामान गायब था। सूचना पर सुंदरनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इधर बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के लाल बाबा फाउंड्री के निकट एक गोदाम से भी चोरी की घटना सामने आई है। यहां रात में चोरों ने केआर मेटल इंटरप्राइजेज के गोदाम से करीब तीन से पांच लाख रुपये मूल्य का लोहा, स्टील और अन्य धातुओं का स्क्रैप चुरा लिया। गोदाम मालिक रामजीत राय को घटना की जानकारी अगले दिन सुबह मिली थाने में मामला दर्ज कराया। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया है। वहीं चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से व्यवसायियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है।

### सयूम अंसारी बने सेंट्रल मुहर्रम कमेटी खूंटी के अध्यक्ष



**खूंटी।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी खूंटी की गुरुवार को जन्नत नगर मदरसा में हुई। बैठक में सेंट्रल मुहर्रम कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अंजुमन इस्लामिया खूंटी के निर्देशानुसार शमीम राईन कि अध्यक्षता में मुहर्रम कमेटी की नए पदाधिकारी का चुनाव हुआ। नई कमेटी में अध्यक्ष सयूम अंसारी को बनाया गया। उपाध्यक्ष शमीम राईन, सचिव नईम अंसारी, उपसचिव तस्लीम राईन, कोषाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी और महबूब अंसारी चुने गए। इनके अलावा कार्यकारिणी के 21 सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर सभी अखाड़ा के पदाधिकारी मौजूद थे। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि मोहर्रम सात जुलाई को नवमी एवं आठ जुलाई को पहलाम मनाया जाएगा। खूंटी में मुहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा, जो पूर्व निर्धारित रूट पर ही जाएगा। मौके पर आमिर, पिंटू अंसारी, एहतेशाम अंसारी, छोटू अंसारी, शहंशाह खान, साबिर अंसारी, फिरोज अंसारी, इमरान अंसारी, सोहेल खान, महबूब अंसारी, आलम होवारी आदि उपस्थित थे।

## आंदोलनकारी धनेश्वर मंडल की पुण्यतिथि मनाने को लेकर बैठक आयोजित




**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के मरगोडीह गुरुरुवार को झामुमो प्रखंड कमेटी ने स्व धनेश्वर मंडल की 7 वीं पुनः तिथि को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को स्व मंडल के पैतृक गांव मरगोडीह में गुरुवार को बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने की। जिसमें धनेश्वर मंडल के पुण्यतिथि कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया बैठक में मौजूद आंदोलनकारी हलधर राय ने कहा कि झामुमो हमेशा शहीदों का सम्मान करती रही है। 9 जुलाई को दिवंगत धनेश्वर मंडल की 7वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। कहा कि स्व धनेश्वर मंडल ने शुरुआती दौर में जिले के कई प्रखंडों में संगठन को मजबूत करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि धनेश्वर मंडल के पार्टी के प्रति त्याग और समर्पण की जानकारी पार्टी के युवा कार्यकर्ता को होनी चाहिए। पुण्यतिथि कार्यक्रम में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता समेत झामुमो केन्द्रीय कमेटी के कई सदस्य शामिल होंगे। मौके पर मुखिया दशरथ किस्कू,बैजनाथ राणा,भागवत सिंह,रवि वर्मा, अरुण पाठक, दिलीप मंडल, राजेश सिंह ,साबिर अंसारी,हीरालाल टुडू,रितेश पाठक, पिंटू यादव,शिवाजी मुर्मू, सनातन चोडे,जितेंद्र मंडल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मनरेगा में मिली अनियमितता मामले में बीडीओ, बीपीओ समेत 11 पर गिरी गाज

# उपायुक्त ने जुर्माना भरने का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



| | | | |
|---|---|---|---|
| [illegible] पंचायत—भेलवाघाटी, प्रखण्ड—देवरी। | 11,000.00 | 65,222.00 | 76 |
| [illegible] पंचायत सचिव, पंचायत— भेलवाघाटी, प्रखण्ड—देवरी। | 11,000.00 | 65,222.00 | 76 |
| [illegible] मुखिया पंचायत—भेलवाघाटी, प्रखण्ड— देवरी। | 11,000.00 | 65,222.00 | 76 |
| संबंधित कम्प्यूटर सहायक, पंचायत— भेलवाघाटी, प्रखण्ड—देवरी। | 11,000.00 | 65,222.00 | 7[illegible] |
| संबंधित Account Assistant पंचायत— भेलवाघाटी, प्रखण्ड—देवरी। | 3670.00 | 21740.00 | [illegible] |
| संबंधित BFT Mate पंचायत—भेलवाघाटी, प्रखण्ड— देवरी। | 3670.00 | 21740.00 | [illegible] |
| Supplier/ Vendor पंचायत—भेलवाघाटी, प्रखण्ड— देवरी। | 3670.00 | 21740.00 | [illegible] |

अतः सभी संबंधित उपरोक्त पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है [illegible] अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि पत्र प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर प्रखण्ड नजारत [illegible] तय सीमा के अन्दर नहीं जमा करने की स्थिति में आपके विरुद्ध विधिसम्मत [illegible] [illegible]नात्मक कार्रवाई की जायेगी।

गिरिडीह। जिले के देवरी प्रखंड के भेलवाघाटी पंचायत में मनरेगा के तहत हुए 14 योजनाओं में अनियमितता मिलने पर और उक्त योजनाओं में प्राक्कलित राशि से अधिक निकासी किए जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। विभाग ने उक्त मामले में देवरी बीडीओ, बीपीओ समेत कुल 11 पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ 6 लाख से अधिक का अर्थदंड लगाया है। इस मामले में गिरिडीह उपायुक्त ने एक माह का समय सभी लोगों को दिया है। इसे लेकर उपायुक्त कार्यालय की ओर से एक पत्र भी जारी किया गया है। बता दें जारी पत्रांक में लिखा गया है कि विभागीय पत्र-381 (अनु०) राँची 30 जनवरी 2024 के द्वारा अनुसमर्थन दल-09 द्वारा जुलाई महीने 2023 में गिरिडीह जिला के भ्रमण के उपरांत भेलवाघाटी पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित 14 योजनाओं के समर्पित जाँच प्रतिवेदन में अनियमिततायें परिलक्षित की गई है। उक्त के आलोक में देवरी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का पत्रांक-2849 5 अक्टूबर 2024 के द्वारा उपलब्ध कराया गया और प्रतिवेदन विभाग को समर्पित किया गया। विभाग के द्वारा समीक्षोपरांत परिलक्षित अनियमितताओं के संदर्भ में दोषी पदाधिकारी/ कर्मियों के विरूद्ध में मनरेगा अधिनियम के धारा 2005 के कंडिका 25 एवं विभागीय पत्र 978, राँची 23 अगस्त 2027 के कंडिका-5.10 (किये हुए कार्य से अधिक भुगतान किया जाना) के प्रावधानानुसार अर्थदण्ड अधिरोपित की गई है। बता दें इस मामले में देवरी बीडीओ, देवरी बीपीओ, देवरी एई, देवरी जेई, भेलवाघाटी मुखिया,भेलवाघाटी रोजगार सेवक, भेलवाघाटी पंचायत सेवक, संबंधित कंप्यूटर सहायक, प्रत्येक को 76 हजार 422 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। वहीं संबंधित अकाउंट असिस्टेंट, संबंधित bft मेट एवं संबंधित वेंडर, प्रत्येक को 25 हजार 410 रुपए का अर्थदंड लगाया गया। मामले को लेकर गिरिडीह उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेश दिया है कि उनके विरूद्ध अधिरोपित अर्थदण्ड की राशि पत्र प्राप्ति के 30 दिनों के अन्दर प्रखण्ड नजारत में जमा करें अन्यथा तय सीमा के अन्दर नहीं जमा करने की स्थिति में आपके विरूद्ध विधिसम्मत कानूनी एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## विशेष टिकट चेकिंग अभियान के तहत 52 यात्रियों बिना टिकट पकड़ाया



**डुमरी।** पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।इस अभियान में 52 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा गया तथा उनसे 20015 रूपए जुर्माने के रूप में राशि वसूली की गई। रेलवे अधिकारियों ने रेलवे यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे हमेशा उचित टिकट लेकर प्लेटफॉर्म पर प्रवेश करे एवं यात्रा करें। उक्त जानकारी बड़ा बाबु रेलवे अविनाश कुमार ने दिया है।

## अबुवा और पीएम आवास में मनरेगा से मजदूरी की भुगतान जल्द से जल्द कराए बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय प्रखंड के सभागार में बीडीओ निशांत अंजुम ने प्रखंड के सभी पंचायतों के पंचायत सेवक , रोजगार सेवक के साथ बैठक की बैठक में मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा किया गया । बीडीओ ने कहा कि अबुआ आवास और पीएम आवास में मजदूरी मद के तहत की जाने वाली भुगतान को लेकर योजनाओं में जल्द से जल्द मजदूरी की भुगतान के लिए डिमांड करें । मजदूरी मद के लिए जो आवास ओनगोइंग नहीं हुआ है उसे जल्द से जल्द ओनगोइंग करें। बीडीओ ने वित्तीय वर्ष में संचालित बिरसा आम बागवानी योजना की प्रगति रिपोर्ट 5 जुलाई तक जमा करने का निर्देश दिया ।बीडीओ ने पुरानी योजनाओं को बंद करके नये योजना को संचालित करने , मनरेगा एक्ट में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं और आदिवासी जांब कार्डधारियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिया । बैठक में बीपीओ मनोज मुर्मू सहित सभी पंचायत के पंचायत सेवक , रोजगार सेवक , जेई सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

## झरिया में काम के दौरान मजदूर की मौत, मकान मालकिन फरार

धनबाद। झरिया के इंदिरा चौक के समीप स्थित मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर किशोर भुइयां की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. वह लोदना 12 नंबर का रहने वाला था. किशोर भुइयां पिछले एक वर्ष से इंदिरा चौक फूलारिबाग स्थित खोखन दा के घर में घरेलू कामगार के रूप में कार्यरत था. घटना के बाद मकान मालकिन घर में ताला बंदकर फरार हो गई. घटना की खबर पाकर मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर स्थानीय लोगों के साथ इंदिरा चौक पर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया. इससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया.

## दुबराजपुर में धान रोपनी शुरू, कृषि में पुरुषों का हाथ बंटाती हैं महिलाएं



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले से सटे पश्चिम बंगाल की सीमा और पहाड़ों की गोद में बसे चाकुलिया प्रखंड के चालुनिया पंचायत अंतर्गत दुबराजपुर गांव में कान्हाईश्वर पहाड़ पूजा के बाद धान की रोपनी का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। यह पूजा हर वर्ष कृषि समृद्धि और अच्छी वर्षा की कामना के साथ की जाती है। गुरुवार को गांव के बड़ाघाट टोला में रिमझिम बारिश के बीच महिलाएं कीचड़ भरे खेतों में धान की रोपनी करती नजर आईं। यह क्षेत्र धान की खेती के लिए प्रसिद्ध है और इसे धान का कटोरा कहा जाता है। यहां हर साल भरपूर पैदावार होती है, जिसके कारण इस इलाके में कई राइस मिल स्थापित हैं। इलाके के खेतों में पहाड़ों और जंगलों से बहकर आने वाले पानी के चलते पर्याप्त जलभराव हो चुका है। इससे रोपनी कार्य सुगमता से हो रहा है। किसानों ने समय रहते बीज की बुवाई कर दी थी, जिसके कारण बिचड़े पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। स्थानीय किसान बसंती हांसदा, जामूदा हो और प्रकाश गोप ने बताया कि यहां के किसान वर्षा पर निर्भर होने के साथ-साथ पहाड़ी जलस्रोतों का भी उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि हर साल बारिश के साथ सबसे पहले रोपनी का कार्य इसी क्षेत्र में शुरू होता है। गांव की महिलाएं मेहनत और लगन की मिसाल बन रही हैं। वे न सिर्फ खेती में बराबर की भागीदारी निभा रही हैं बल्कि पूरे परिवार की आजीविका की रीढ़ भी हैं।

## दुष्कर्म का फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही ।** बरही थाना कांड संख्या 225/25 के दुष्कर्म के आरोपी पुरहरा निवासी अजीत कुमार दास पिता हुलास कुमार दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी पर शादी का लोभ देकर एक युवती के साथ यौन शोषण को लेकर मामला दर्ज था. जो पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था.

### मुहर्रम की सप्तमी पर पढ़ी गई फातिहाखानी

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल के समीप स्थित हुसैन नगर कोनरा स्थित इमामबाड़े में अदब से फातिहाखानी का आयोजन किया गया. जिसमें हुसैन नगर सहित आसपास के कई लोग शामिल हुए और फतिहा पढ़ी. फातीहाखानी के साथ हीं वेज बिरयानी, खीर, शर्बत, दूध इत्यादि के साथ लंगरखानी भी चलाया गया. जिसे फातिहा के बाद लोगों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया. राजा होम्योपैथी के संचालक डॉ मुख्तार अली हैदर ने बताया कि मुहर्रम का महीना चल रहा है. जो मुस्लिम धर्मालंबियों के लिए गम के माह के रूप में जाना जाता है. इस माह की पहली से दसवीं तारीख तक विशेष आयोजन के तहत अपने परिवार के मृतात्माओं की शांति के लिए फतिहा पढ़ी जाती है. फातिहा, कुरान के पहले अध्याय (सूरह अल-फातिहा) का पाठ है, जिसे मुस्लिम प्रार्थनाओं में अनिवार्य और स्वैच्छिक रूप से पढ़ते हैं.

# गिरिडीह से चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान दीपू कुमार मंडल उर्फ दीपक कुमार मंडल, छोटी मंडल उर्फ छोटे लाल मंडल, श्रवण राय और मोहित कुमार मंडल बताई गई है। साइबर डीएसपी आबिद खान ने बरवाडीह साइबर थाना में प्रेस वार्ता में बताया कि इन चार अपराधियों में से दो अपराधी अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बुधुडीह से और बाकी दो को गिरिडीह बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया हैं। गिरफ्तार अपराधियों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज पाये गये है। छोटे लाल मंडल के खिलाफ तेलंगाना के हैदराबाद में 65 मामले दर्ज हैं। दीपक मंडल के खिलाफ अहिल्यापुर थाना में मामला दर्ज है। साथ ही एनसीसीआरपी में भी शिकायत दर्ज है। वहीं, श्रवण राय के खिलाफ साइबर थाना में मामला दर्ज है। पूछताछ मे चारो अपराधियों ने कबूला की साइबर अपराध के जरिए लोगों को ठगने का काम करते हैं। अपराधियों ने बताया कि केवाईसी अपडेट करने के नाम पर , आधार अपडेट करने के नाम पर और दिल्ली जल बोर्ड का फर्जी लिंक भेजकर लोगो को उनके बैंक खाते से ठगी करते हैं। डीएसपी ने बताया की गिरफ्तार अपराधी दीपक मंडल के पिता हल्दी के कारोबार करते थे। बेटा अपने इन साथियों के साथ साइबर अपराध में शामिल हो गया ।इसके खिलाफ अहिल्यापुर मे एनसीसीआरपी मे केस दर्ज हैं। जबकि छोटी मंडल के खिलाफ ही देवघर के साथ तेंलगाना और हैदराबाद मे 65 केस दर्ज हैं । वही श्रवण राय के खिलाफ साइबर क्राइम मामले में कई थानों मे केस दर्ज हैं।

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया

**रामगढ़।** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ अवेयरनेस लेक्चर और रैली का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से वातावरण में होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना है। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को अंतराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जबकि सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग खाद्य श्रृंखला के लिए एक गंभीर खतरा है।

# तीन अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत तीन घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में बीती रात से गुरुवार की अहले सुबह तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 1 व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं। बताते चलें कि कोडरमा थाना क्षेत्र के कोडरमा घाटी में गुरुवार की अहले सुबह कोडरमा से बिहार की ओर जा रही ऐश लोड एक हाईवा पलट गई। जिससे हाईवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा (बिहार) निवासी 35 वर्षीय मुकेश यादव पिता बच्चू यादव के रूप में हुई है। घटना को लेकर कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि कोडरमा घाटी में एक हाईवा पलट गई है और ड्राइवर की मौत हो चुकी है। जिसके पश्चात कोडरमा पुलिस को घटनास्थल पर भेज कर मृतक चालक के शव को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिल रही है कि उक्त हाईवा का ब्रेक फेल हो जाने के कारण वह सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई है। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में आवागमन प्रभावित नहीं हुआ है। जहां बीती रात महाराणा प्रताप चौक पर एक भयानक सड़क हादसा हुआ। वहीं गुरुवार की अहले सुबह तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो के समीप भी एक भयानक सड़क हादसा हुआ है। हालांकि इन दोनों सड़क हादसे में कार सवार बाल-बाल बच गए हैं। दोनों घटना सड़क पर विचरने वाले पशु की वजह से हुई है। महाराणा प्रताप चौक पर हुई घटना की जानकारी देते हुए कार सवार किशोर अग्रवाल ने बताया कि वे झुमरीतिलैया के जवाहर मार्केट की ओर से दूध लेकर अपनी बेटी के साथ अपने कार से झलपो स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच महाराणा प्रताप चौक के समीप एनएच 20 पर कुछ गौ वंश अचानक से कार के सामने आ गए। जिससे बचने के लिए जब उन्होंने ब्रेक लगानी चाही तो कार गौ वंशों से जा टकराई और 3-4 बार पलटी मार कर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। जिससे गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में बैठी उनकी बेटी घायल हो गई, जबकि इन्हें भी हल्की चोटें आई हैं। वहीं कार से टक्कर होने के कारण दो गौ वंशों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## निश्चितपुर जाने वाले मार्ग अंदर से हुआ खंडहर, खतरे की संभावना



**बरही ।** गौरियाकरमा पंचायत अंतर्गत अंबेदकर चौक से निश्चितपुर जाने के क्रम में लखन ठाकुर के आवास के समीप मार्ग के अन्दर का कुछ हिस्सा में खंडहर में तब्दील हो गया है. जो खतरे की घंटी बजा रहा है. इसी मार्ग से कई छोटे बड़े वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं. ग्रामीणों के अनुसार उक्त मार्ग पीएमजीएसवाई के तहत करीब एक दशक पूर्व बनाया गया था. इसके बाद मार्ग पर मरम्मती नही हुआ है. यह खंडहर जानलेवा है जिससे कभी भी हादसा हों सकते हैं. स्थानीय निवासी लखन ठाकुर ने बताया कि यह खंडहर एक वर्ष से है, जिसपर विभाग की ओर से अब तक कोई कारवाई नहीं की गई है. ग्रामीणों में विभाग को इसकी सूचना पूर्व में कई बार दिया है.


कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)
पता- ब्लॉक रोड, बुण्डू, पिन – 835204
Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com

अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या – 08/25-26

कार्यालय का नाम – नगर पंचायत ,बुंडू
विज्ञापनदाता का पदनाम – कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर पंचायत ,बुंडू (रांची)
कोटेशन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 11-07-2025 को 2:00 बजे अपराह्न
कोटेशन खोलने की तिथि – दिनांक 12-07-2025 को 3:00 बजे अपराह्न

सामाग्री की विवरणी

| SN | Particulars | Tender Fee | Rate OF Single Item |
|---|---|---|---|
| 01 | LED 110 W | 10000.00 | |
| 02 | Rope Light 15 M | | |
| 03 | Rope Light Driver | | |
| 04 | MCB 10 A | | |
| 05 | Main Switch | | |
| 06 | Contractor | | |
| 07 | MCB 4 Pole | | |
| 08 | Digital Timer | | |
| 09 | 4- Core Cable 25 Sq. MM | | |
| 10 | Wire 1.5 Sq. MM | | |
| | High Must LED Light Items | | |
| 11 | LED 400 W | | |
| 12 | Digital Timer | | |
| 13 | Contractor | | |
| 14 | MCB 32A Double Pole | | |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट / विभागीय Website www.udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, बुण्डू

PR.NO.356453 Urban Development(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेम, ध्यान और आत्मबोध पर केंद्रित हैं। वे जीवन को पूरी तरह से जीने, सामाजिक बंधनों से मुक्त होने और वर्तमान क्षण में रहने की सीख देते हैं। उनके अनुसार, सच्चा धर्म भीतर से आता है। -ओशो

# संपादकीय


## कट्टरपंथी बांग्लादेश के संदेश

कहा जाता है आप पड़ोसी बदल नहीं सकते पर यदि पड़ोसी बदल कर हिंसक धार्मिक कट्टरपंथी मार्ग पर चलने लगे तो मूकदर्शक बने रहने से भविष्य में खतरनाक परिणाम हो सकते हैं। भारत पर मामूली बातों को लेकर हमलावार कथित बुद्धिजीवी इस मुद्दे पर चुप हैं और पड़ोसी पाकिस्तान को मोहरा बना रहा अमेरिका तो दूसरी ओर चिर शत्रु चीन दोधारी तलवार की तरह काम कर रहा है एक ओर कपड़ा उद्योग में अग्रणी बांग्लादेश की बर्बादी को हवा दे रहा है तो दूसरी ओर कट्टरपंथी शक्तियों परोक्ष सहायता देकर भारत को चुनौती दे रहा है। बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में पिछले दिनों एक हिंदू महिला के साथ क्रूर दुष्कर्म और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर फैलाने की घटना से एक बार फिर साबित हुआ है कि वहां हिंदुओं पर हमलों का सिलसिला थमा नहीं है। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं के खिलाफ लक्षित हमलों में जिस तरह से तेजी आई है, और ताजा घटना में भी आरोपियों ने जिस जघन्यता के साथ अपराध को अंजाम दिया, वह बताता है कि अंतरिम सरकार में कट्टरपंथी ताकतों को किसी प्रकार का डर ही नहीं रह गया है। अपराधियों ने हिंदू महिला के साथ हुई क्रूरता का वीडियो जिस तरह से युद्ध की ट्रॉफी वाले अंदाज में डाला, कम से कम उससे तो यही जाहिर होता है। अब तक जिन पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें मुख्य आरोपी फजोर अली भी शामिल है, जो बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़ा बताया जा रहा है।मामले के तूल पकड़ने के बाद बेशक बांग्लादेश हाईकोर्ट ने वायरल वीडियो को तुरंत हटाने और पीड़िता की सुरक्षा व चिकित्सा सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं, लेकिन घटना की एफआईआर दर्ज करने में देरी, पहले 24 घंटों के भीतर चिकित्सा जांच न कराना और पीड़िता के अधिकारों के प्रति जिस तरह का उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया गया, वह व्यवस्थागत लापरवाही का ही उदाहरण है।

*बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में पिछले दिनों एक हिंदू महिला के साथ क्रूर दुष्कर्म और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर फैलाने की घटना से एक बार फिर साबित हुआ है कि वहां हिंदुओं पर हमलों का सिलसिला थमा नहीं है।*

बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों के लिए मानवाधिकार कांग्रेस (एचआरसीबीएम) की रिपोर्ट तो और भी दहलाने वाली है, जिसके अनुसार कुमिल्ला जिले में हिंदू महिलाओं के साथ दुष्कर्म का यह कोई पहला मामला नहीं है। अप्रैल के बाद से अब तक इस तरह के तेरह मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, लड़कियों के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन इत्यादि की जो खबरें मिल रही हैं, उन पर प्रशासन के रवैए से तो यही पता चलता है कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार इसे कोई मुद्दा ही नहीं मानती। यह स्थिति बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता और हिंसा के माहौल को दर्शाती है।गौरतलब है कि बांग्लादेश में इस वक्त आठ फीसदी से भी कम हिंदू हैं और उनकी आबादी लगातार घटती जा रही है। अंतरिम सरकार के गठन के समय से लेकर अब तक इसके प्रमुख मोहम्मद यूनुस का जो रवैया रहा है, उसे देखकर हिंदू महिला के साथ हुई ज्यादती पर उनकी चुप्पी अप्रत्याशित नहीं लगती। लेकिन जब बांग्लादेश ने दूसरा पाकिस्तान होने की ठान ही ली है, तो जरूरी हो जाता है कि भारत कूटनीतिक व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को इस तरह उठाए कि बांग्लादेश पर जवाबदेही का दबाव बने।

# महिला एवं बाल विकास में तकनीकी परिवर्तन का एक दशक



सशक्तिकरण की शुरुआत पहुंच-अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुंच से होती है । बीते दशक में, अधिक समावेशी और डिजिटल रूप से सशक्त भारत का निर्माण करने पर केंद्रित मोदी सरकार की प्रतिबद्धता के माध्यम से इस पहुंच को नए सिरे से परिभाषित किया गया है और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय इस परिवर्तन में सबसे अग्रणी रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 के विजन से निर्देशित, मंत्रालय ने लाभ को अंतिम छोर तक त्वरित, पारदर्शी और कुशल तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी को व्यवस्थित रूप से एकीकृत किया है। हम अक्सर कहते हैं: "सशक्त महिलाएं, सशक्त भारत।" और सशक्तिकरण की शुरुआत पहुँच - अधिकारों, सेवाओं, सुरक्षा और अवसरों तक पहुँच से होनी चाहिए । आज, यह पहुँच तेज़ी से डिजिटल होती जा रही है। जो कभी आकांक्षापूर्ण था, वह अब क्रियाशील बन चुका है –ऐसा सरकार द्वारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, रियल-टाइम डेटा सिस्टम और उत्तरदायी शासन पर ज़ोर दिए जाने की बदौलत संभव हआ है। मंत्रालय ने देखरेख, संरक्षण और सशक्तीकरण पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित करते हुए - पोषण, शिक्षा, कानूनी सुरक्षा और आवश्यक अधिकारों तक पहुंच को मजबूत किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं और बच्चे न केवल अधिक स्वस्थ, अधिक सुरक्षित जीवन जी सकें, बल्कि वे आत्मविश्वासी नेतृत्वकर्ता और अमृत काल के परिवर्तनकर्ता के रूप में भी उभर सकें।

जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री ने बहुत सटीक रूप से कहा है, "मैं प्रौद्योगिकी को सशक्त बनाने के साधन के रूप में तथा आशा और अवसर के बीच की दूरी को पाटने वाले उपकरण के रूप में देखता हूं।" इस लोकाचार ने मैनुअल प्रक्रियाओं से लेकर रियल-टाइम डैशबोर्ड तक, असंबद्ध योजनाओं से लेकर एकीकृत प्लेटफार्मों तक हमारे परिवर्तन का मार्गदर्शन किया है। इस परिवर्तन की आधारशिला सक्षम आंगनवाड़ी पहल है। भारत भर में 2 लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक और सशक्त बनाने के लिए निरुपित यह कार्यक्रम बाल्यावस्था देखरेख और विकास की अगली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है। पोषण, स्वास्थ्य सेवा और पूर्व-विद्यालयी शिक्षा सेवाओं की ज़्यादा प्रभावी प्रदायगी संभव बनाते हुए इन केंद्रों को स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल डिवाइस और नए-नए लर्निंग टूल्स के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को पोषण ट्रैकर के साथ एकीकृत करने से रियल-टाइम डेटा एंट्री, कार्य निष्पादन की निगरानी और साक्ष्य-आधारित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो पाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन और व्यापक प्रशिक्षण से लैस करके, यह पहल अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करती है। यह 2014 से पहले मौजूद मैनुअल रिकॉर्ड-कीपिंग और डेटा ब्लाइंड स्पॉट से एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक है।

आज की बात



**श्रीमती अन्नपूर्णा देवी**
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

एक दशक पहले, आईसीडीएस प्रणाली असंबद्ध डेटा, विलंबित प्रतिक्रियाओं और रियल-टाइम ट्रैकिंग की कमी से दबी हुई थी। पोषण ट्रैकर ने - पोषण सेवा प्रदायगी में सटीकता, दक्षता और जवाबदेही की शुरुआत कर इस परिदृश्य को बदल दिया है। 10.14 करोड़ से ज़्यादा लाभार्थी अब इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं- जिनमें गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं, छह साल से कम उम्र के बच्चे और किशोरियाँ शामिल हैं। यह प्लेटफॉर्म विकास की निगरानी और पूरक पोषण प्रदायगी पर रियल-टाइम अपडेट को सक्षम बनाते हुए समय पर हस्तक्षेप और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण सुनिश्चित करता है। डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में आंगनवाड़ी केंद्रों की नए सिरे से परिकल्पना कर, शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटते हुए- पोषण ट्रैकर महत्वपूर्ण रूप से स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय विजन को आगे बढ़ा रहा है। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (2025) से सम्मानित यह मंच 'पोषण भी पढाई भी' का भी समर्थन करता है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करते हुए विकसित भारत के अमृत काल में समग्र देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) में पारदर्शिता को और मजबूत करने तथा लीकेज कम करने के लिए एक फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम शुरू किया गया है। इस डिलिवरी तंत्र को सुरक्षित, सटीक और सम्मानजनक बनाते हुए यह सुनिश्चित करता है कि पोषण सहायता केवल पात्र लाभार्थियों को ही मिले। प्रौद्योगिकी-आधारित प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से यह मंत्रालय पोषण से बढ़कर, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित कर रहा है। शी-बॉक्स पोर्टल हर महिला को, चाहे वह किसी भी रोजगार की स्थिति में हो या संगठित या असंगठित, निजी या सार्वजनिक क्षेत्र में काम करती हो, पॉश अधिनियम के तहत उसे शिकायत दर्ज कराने के लिए सिंगल-विंडो एक्सेस प्रदान करता है - जिससे ऑनलाइन निवारण और ट्रैकिंग संभव हो पाती है। इस बीच, मिशन शक्ति डैशबोर्ड एंड मोबाइल ऐप संकट से घिरी महिलाओं को एकीकृत सहायता प्रदान करता है, उन्हें निकटतम वन स्टॉप सेंटर से जोड़ता है - जो अब लगभग हर जिले में चालू है। ये कदम इस बात का उदाहरण हैं कि तकनीक का उपयोग न केवल दक्षता के लिए, बल्कि न्याय, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भी किया जा रहा है। एक दशक पहले, मातृत्व लाभ की निगरानी करना मुश्किल था और इसमें देरी होती थी। मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) की शुरूआत की है - जो मातृ कल्याण की दिशा में बहुत बड़ा बदलाव है।

पीएमएमवीवाई नियम, 2022 के तहत, गर्भवती महिलाओं को उनके पहले बच्चे के लिए 5,000 रुपये की राशि मिलती है । मिशन शक्ति के तहत, अगर दूसरा बच्चा लड़की है, तो - बेटियों के लिए सकारात्मक सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देते हुए लाभ की राशि 6,000 रुपये तक बढ़ जाती है। कागज रहित प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से वितरित, शुरुआत से अब तक 4 करोड़ से अधिक महिला लाभार्थियों तक 1,9000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहुँच चुकी है। पीएमएमवीवाई - आधार-आधारित प्रमाणीकरण, मोबाइल-आधारित पंजीकरण, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सहायता और रियल-टाइम डैशबोर्ड का लाभ उठाते हुए एक पूर्णतः डिजिटल कार्यक्रम है। एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल तथा पारदर्शिता, विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करने वाला नागरिकों से संबंधित पोर्टल है - जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## कलम का अपमान पदवी का सम्मान

ज्ञानपुर के बीचों-बीच, जर्जर सी, पर भव्य दिखने वाली इमारत, 'ज्ञानपुर साहित्य संगम' का पता देती थी। बाहर से तो उसकी रंगत, दीवारों पर उकेरी गई कविताओं की कंदलें, और नीम के पेड़ के नीचे बैठे कबूतरों का गुटरगूँ, किसी गुरुकुल का भ्रम पैदा कर सकता था। मगर अंदर का हाल पूछिए तो 'गिरा अर्थ जल बीचि सम' वाला तुलसी का प्रेम, किसी 'कोका कोला और भेलपूरी' के संगम में बदल चुका था। यहां 'हिंदी' तो बस नाम भर की थी, एक 'ब्रांडिंग' के लिए, जैसे किसी दाल-रोटी के ढाबे पर 'पेंटहाउस' लिखा हो। और 'साहित्य?' अरे, साहित्य तो बेचारा कब का अपना बोरिया-बिस्तर बांधकर, किसी अनजाने गाँव की कच्ची राह पर निकल चुका था, जहां मोबाइल नेटवर्क भी न पहुंच सके। यहाँ तो 'साहित्य निष्कासित कर दिया गया हो-सो हिंदी साहित्य संगम!' यह बहुब्रीहि समास का जीवंत उदाहरण था। कविराज दीनानाथ, जो अपनी कलम को अपनी साँसों से भी पवित्र मानते थे, अक्सर इस संगम के बाहर खड़े होकर एक लंबी आह भरते। उनकी कविताओं में जीवन की पीड़ा, समाज का यथार्थ और मनुष्य की आत्मा की अनकही कहानियां गूंजती थीं। पर इस संगम में, उनकी कविताओं के बोल, किसी सरकारी घोषणापत्र के सामने, मच्छर की भिनभिनाहट से भी कम सुनाई पड़ते थे। वे देखते कि कैसे साहित्य के नाम पर, साहित्यकारों का ही नहीं, बल्कि उस सरस्वती का भी अपमान हो रहा है, जिसकी वंदना करके सदियों से ये मंच पवित्र किए जाते थे। उनका हृदय इस विडंबना को देखकर रो उठता था, जैसे कोई बूढ़ा पिता अपने जवान बेटे को गलत राह पर जाते देख कराह उठे। ज्ञानपुर की गलियों में कविराज दीनानाथ के लिए सम्मान था, पर 'ज्ञानपुर साहित्य संगम' में वे बस एक 'फालतू' आदमी थे, जिसकी बात कोई सुनना नहीं चाहता। संगम में एक भव्य 'अभिनंदन समारोह' की घोषणा हुई। शहर में खबर फैलते ही, साहित्य प्रेमियों की आँखें चमक उठीं। "वाह! आखिर किसी सच्चे साहित्यकार को सम्मान मिलेगा!" कोई बोला। "कहीं कविराज दीनानाथ ही तो नहीं?" किसी के मुह से अनायास ही निकल गया। कल्पना कीजिए, एक साहित्यकार, जिसने अपनी पूरी उम्र, अपनी कलम के बल पर, फटेहाली और गुरबत में गुजारी हो, उसे इस उम्र में मान-सम्मान मिल जाए तो उसका हृदय कैसे प्रफुल्लित होगा? दीनानाथ जी के शिष्यों ने भी अपने गुरु की ओर आशा भरी नज़रों से देखा।

देश की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## झरिया की जलती धरती : कोयले की आग में झुलसती जिंदगी और पर्यावरण

खूबसूरत राज्य झारखंड को प्रकृति ने बड़ी फुर्सत से गढ़ा है। यहां की हरियाली, पहाड़, झरने और नदियाँ किसी को भी आकर्षित कर सकती हैं। लेकिन यह राज्य केवल अपनी प्राकृतिक संपन्नता के लिए ही नहीं, देश की ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने वाले कोयला भंडारों के लिए भी प्रसिद्ध है। झारखंड में देश का लगभग 19 प्रतिशत कोयला है, और जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार यहां करीब 86 हजार मिलियन टन कोयले का भंडार मौजूद है, जो अगले 70 वर्षों तक देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। सुनने में यह सब सुखद लगता है- लेकिन इस तस्वीर के पीछे एक धुएँ से ढँकी हुई, झुलसी और दरकी हुई सच्चाई है।

झरिया, जो धनबाद जिले का हिस्सा है, बीते 109 वर्षों से जल रहा है। 1916 में पहली बार भूमिगत आग की सूचना मिली थी, और तब से लेकर आज तक झरिया की धरती अंदर ही अंदर धधकती आ रही है। झरिया कोलफील्ड की शुरुआत निजी स्वामित्व वाली खदानों से हुई थी, जहाँ मुनाफा सर्वोपरि था और सुरक्षा, संरक्षण, या पर्यावरण की कोई परवाह नहीं की गई। अवैज्ञानिक और लापरवाह खनन ने आग को जन्म दिया और झरिया को एक पर्यावरणीय नरक में बदल दिया। आज झरिया के कई इलाके ऐसे हैं, जहाँ धुएं के गुबार और जहरीली हवा आम बात है। आग के कारण भूमि का क्षरण जारी है, ज़मीन धँसती जा रही है और घरों में दरारें पड़ती जा रही हैं। कभी-कभी अचानक भूधंसान से गोफ बनते हैं, जिनमें इंसान समा जाते हैं। यह सब इतना आम हो चला है कि लोग मौत को जीवन का हिस्सा मानकर जीने को विवश हैं। पूरे देश को ऊर्जा देने वाला झरिया, खुद अंधेरे और असुरक्षा में डूबा हुआ है। यहाँ के लोग रोज़ाना ज़मीन के नीचे की आग और ऊपर की विषैली हवा के बीच जीते हैं। लेकिन इसके बावजूद, कई लोग यह क्षेत्र छोड़कर जाना नहीं चाहते। एक वजह है- रोज़गार। झरिया न केवल एक खनन क्षेत्र है, बल्कि एक व्यावसायिक केंद्र भी है। यहां छोटे-बड़े कारोबारी, खोमचे वाले, मजदूर और दुकानदार अपनी आजीविका चलाते हैं। बेलगड़िया टाउनशिप में जिन लोगों को पुनर्वास के तहत घर मिले, वे कुछ समय बाद फिर से झरिया लौट आए, क्योंकि वहां रहने के लिए घर तो था, लेकिन रोज़गार और मूलभूत सुविधाएँ नहीं थीं। झरिया में भूमिगत आग से सबसे बड़ा असर पर्यावरण और मानवीय जीवन पर पड़ा है। आग से निकलती जहरीली गैसें जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड, न केवल हवा को जहरीला बना रही हैं, बल्कि सांस से जुड़ी गंभीर बीमारियाँ जैसे दमा, ब्रोंकाइटिस, फेफड़ों का कैंसर और त्वचा रोग यहाँ आम हो गए हैं। क्षेत्र में तापमान असमान्य रूप से बढ़ा है, मिट्टी बंजर हो चुकी है और भूमिगत जल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। यह सब मिलकर झरिया को एक जीवित पर्यावरणीय आपदा क्षेत्र बना चुका है। लेकिन यह आग केवल कोयले और पर्यावरण तक सीमित नहीं, यह लोगों के जीवन में भी धधकती है। 24 मई 2017 को झरिया के इंदिरा चौक (फुलारीबाग) क्षेत्र में एक भयावह हादसा हुआ, जब एक गैराज मिस्त्री बबलू गद्दी और उनका 14 वर्षीय पुत्र रहीम अचानक जमीन धँसने से उसमें समा गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जमीन धंसते ही ज़ोरदार गैस रिसाव हुआ और अगल-बगल की ज़मीन भी अत्यंत गर्म हो गई। यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस भयंकर स्थिति का संकेत है जिसमें झरिया के लोग हर दिन जी रहे हैं। वर्ष 2018 से आरएसपी कॉलेज, झरिया को भूमिगत आग के खतरे के कारण अस्थायी रूप से झरिया से स्थानांतरित कर बेलगड़िया टाउनशिप में संचालित किया जा रहा है। यह एक शिक्षण संस्थान के विस्थापन की दुर्लभ और चिंताजनक स्थिति है, जो बताता है कि झरिया की आग अब केवल घरों को ही नहीं, शिक्षा व्यवस्था को भी जला रही है। और इतना ही नहीं, 2020 में झरिया क्षेत्र के स्कूलों का बंद होना इन त्रासदियों का जीवंत प्रमाण है।

झरिया मास्टर प्लान, जिसे एशिया की सबसे बड़ी पुनर्वास योजना कहा जाता है, 2009 में प्रारंभ हुआ था और इसका लक्ष्य था कि 2021 तक झरिया के अग्निप्रभावित क्षेत्रों के सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाए। लेकिन आज भी पुनर्वास का कार्य अधूरा है। झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकरण के तहत अब तक केवल आंशिक सफलता मिली है। लगभग 32 हजार रैयत और एक लाख से अधिक गैर-रैयत, जो किसी न किसी रूप में झरिया की ज़मीन और अर्थव्यवस्था से जुड़े हैं, पुनर्वास के प्रति असमंजस में हैं।

आपकी बात



**मिथलेश दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

राजनीति कुछ खास की, खास ढंग की नाव।
देश देश में बिक रही, लोकतंत्र के भाव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## विश्व गुरु का संकल्प : आठ दिनों में पांच महादेशों को जोड़ता भारत

जब विश्व की निगाहें भारत पर टिकी हैं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ऐसी साहसिक और दूरदर्शी यात्रा पर निकले हैं, जो ग्लोबल साउथ में भारत की महत्त्वाकांक्षाओं को नया आयाम देगी और विश्व मंच पर भारत को एक सशक्त, अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करेगी। यह आठ दिवसीय यात्रा—घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील, और नामीबिया—मात्र कूटनीति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक कुशलता और वैश्विक नेतृत्व की प्रबल घोषणा है। ऐसे दौर में, जब वैश्विक भू-राजनीति अनिश्चितता के भंवर में उलझी है और अमेरिकी नीतियां नए वैश्विक समीकरण गढ़ रही हैं, यह यात्रा भारत को एक विश्वसनीय, प्रभावशाली और प्रेरक शक्ति के रूप में उभारती है। यह दौरा भारत के आर्थिक, सांस्कृतिक और रक्षा हितों को ग्लोबल साउथ के देशों के साथ जोड़ने का एक अभूतपूर्व प्रयास है, जो भारत की वैश्विक आवाज को और सशक्त करेगा। साथ ही, यह यात्रा भारत के 'विश्व गुरु' के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देती है, जो समावेशी विकास और वैश्विक एकता के प्रति अटल प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

घाना में पहला पड़ाव भारत के लिए पश्चिमी अफ्रीका के साथ एक अभूतपूर्व साझेदारी का स्वर्णिम अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह ऐतिहासिक द्विपक्षीय यात्रा भारत-घाना संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। 2024-25 में भारत घाना का सबसे बड़ा निर्यातक देश रहा, जिसमें घाना से भारत के आयात का 70% से अधिक हिस्सा सोने का है। इसके साथ ही, भारत ने घाना में डिजिटल बुनियादी ढांचे और स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की है, जिसने घाना की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नया बल दिया है। रक्षा सहयोग के तहत भारत द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और अत्याधुनिक उपकरण, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में रणनीतिक निवेश, इस यात्रा को और भी महत्वपूर्ण बनाते हैं। यह दौरा अफ्रीकी महाद्वीप में भारत की मित्रता को एक नया आलोक प्रदान करेगा, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक, परिवर्तनकारी साझेदारी का मजबूत आधार रचेगा। 3-4 जुलाई को त्रिनिदाद और टोबैगो की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मूल की 40-45% आबादी के साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों का एक सशक्त, आत्मीय और प्रेरक उत्सव रचेंगे। 1999 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, भारतीय प्रवासियों की 180 वर्षों की गौरवमयी विरासत को एक नया आलोक प्रदान करती है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच 341.61 मिलियन डॉलर का व्यापार इस रिश्ते की जीवंतता और गहराई को रंगीन कैनवास पर उकेरता है। भारत ने त्रिनिदाद और टोबैगो को नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग दिया है, जिसमें सौर ऊर्जा की क्रांतिकारी परियोजनाएं और डिजिटल शिक्षा की नवोन्मेषी पहल शामिल हैं। संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए और राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू व प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ विचार-विमर्श में, पीएम मोदी कैरेबियाई क्षेत्र में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ करेंगे। यह दौरा सांस्कृतिक एकता, व्यापारिक गतिशीलता और तकनीकी सहयोग का एक अनुपम समन्वय प्रस्तुत करता है, जो भारत के सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर एक चमकते सितारे की तरह देदीप्यमान बनाएगा।

4-5 जुलाई को अर्जेंटीना की धरती पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ रक्षा, कृषि, खनन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को एक नई, गतिशील दिशा देंगे। 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा, लिथियम जैसे रणनीतिक खनिजों में साझेदारी को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाएगी। लिथियम, भारत की इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति और हरित ऊर्जा के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का आधार है, और अर्जेंटीना विश्व के सबसे विशाल लिथियम भंडारों का धनी है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार, जो सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर केंद्रित है, 2.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है, जो भारत को दक्षिण अमेरिका में एक प्रमुख व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

अलग बात



**प्रो. आरके जैन**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# भारत में बैन हुए 18 हजार पाकिस्तानी कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में सभी पाकिस्तानी कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कुछ समय पहले इन अकाउंट्स से बैन हटाया गया, जिससे देश की जनता में नाराजगी देखने को मिली। ऑल इंडिया सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने भी इस फैसले की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था। अब एक बार फिर पाकिस्तानी कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भारत में बैन लगा दिया गया है। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर प्रतिक्रियाओं का सिलसिला जारी है। रिपोर्ट्स के अनुसार भारत सरकार ने एक आपातकालीन समीक्षा बैठक के बाद एक बार फिर कड़ा





कदम उठाते हुए 18 हजार से अधिक पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट्स को भारत में बैन कर दिया है। हाल ही में मावरा होकेन, हानिया आमिर और फवाद खान जैसे कई पाकिस्तानी कलाकारों और क्रिकेटरों के सोशल मीडिया प्रोफाइल भारतीय यूजर्स को दिखाई दे रहे थे, लेकिन अब सरकार की नई कार्रवाई के तहत इन सभी के इंस्टाग्राम अकाउंट्स को भारत में दोबारा ब्लॉक कर दिया गया है।

### आतंकी हमले के बाद कड़ा फैसला आया

जब कोई भारतीय यूजर पाकिस्तानी कलाकारों के सोशल मीडिया अकाउंट को खोलने की कोशिश करता है, तो स्क्रीन पर यह संदेश दिखाई देता है, "यह अकाउंट भारत में उपलब्ध नहीं है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमने कानूनी अनुरोध का पालन करते हुए इस कंटेंट को ब्लॉक किया है।" गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव काफी बढ़ गया है। इस राजनीतिक और कूटनीतिक टकराव का असर अब सीधे मनोरंजन जगत पर भी पड़ रहा है।

### 'आतंकवादियों का सफाया करने में कोई हिचकिचाहट नहीं, चाहे वे कहीं भी हों'

# राजनाथ की पाकिस्तान को चेतावनी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में अमेरिका के समर्थन के लिए अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ के प्रति आभार व्यक्त किया। टेलीफोन पर हुई बातचीत में, उन्होंने भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के लिए चल रही और नई पहलों की समीक्षा करने के लिए एक उत्कृष्ट चर्चा की। रक्षा मंत्री ने हेगसेथ को बताया कि सीमा पार आतंकवाद का पाकिस्तान का लंबा रिकॉर्ड विश्व स्तर पर सर्वविदित है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादियों के लिए पनाहगाह बन गया है। इससे पहले राजनाथ सिंह ने अपनी बिहार रैली के दौरान पाकिस्तान को बिना नाम लिए कड़ी चेतावनी दी है।

**आतंकवादियों का सफाया करने में संकोच नहीं** : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवादियों का सफाया करने में संकोच नहीं करेगी, चाहे वे कहीं भी हों, तथा सरगना और उन्हें प्रायोजित करने वाली सरकारों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाएगा। सिंह ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए, पड़ोसी देश का नाम लिए बिना पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश दिया। देश की सुरक्षा नीति में नया बदलाव के नेतृत्व में, 'सर्जिकल स्ट्राइक' और बालाकोट हवाई हमले जैसे कदमों के साथ देश की



सुरक्षा नीति में नया बदलाव आया है। रक्षा मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद चलाए गए सैन्य अभियान का जिक्र करते हुए कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहली बार हमने अपनी सीमा से 100 किलोमीटर दूर स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला किया। बेशक, हमने केवल उन लोगों पर हमला किया, जिन्होंने हम पर हमला किया था। यही कारण है कि किसी भी नागरिक या सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया।

### मोदी सरकार दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम करती है

उन्होंने कहा, "मोदी के नेतृत्व में, हमारी नीति आतंकवादियों को खत्म करने में संकोच न करने की रही है, चाहे वे कहीं भी हों। और हम यह आतंकवादी हमलों के सरगना और उन्हें प्रायोजित करने वाली सरकारों के बीच कोई भेद किए बिना करेंगे।" सिंह ने कहा कि मोदी के "स्वदेशीकरण" और "आत्मनिर्भर भारत" पर जोर देने के कारण देश के रक्षा निर्यात में तेज वृद्धि देखी गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "मोदी सरकार दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ काम करती है, जो पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकारों से बिल्कुल अलग है, जिनमें दिशाहीनता थी और जो वोट बैंक की चिंता से प्रेरित थीं।" सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की टिप्पणी पर उठे विवाद का भी परोक्ष संदर्भ दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि संविधान की प्रस्तावना से 'पंथनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि इन्हें आपातकाल के दौरान जोड़ा गया था।

### भारत ने हमेशा सभी धर्मों से सम्मान के साथ व्यवहार करने में विश्वास किया

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि पार्टी (भाजपा) पूरी दुनिया में एकमात्र राजनीतिक संगठन है जिसने पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई और सत्ता में आने पर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के रूप में एक ठोस कदम उठाया। उन्होंने कहा, "भारत ने हमेशा सभी धर्मों से सम्मान के साथ व्यवहार करने में विश्वास किया है। पारसियों को खुले दिल से स्वीकार किया गया। केरल में, दुनिया के सबसे पुराने गिरजाघरों में शामिल गिरजाघर भी है। हमारा एकमात्र ऐसा देश है जहां इस्लाम के सभी 72 फिरकों (पंथों) को मान्यता दी गई है। सिंह ने कहा कि इसके विपरीत, पाकिस्तान में अहमदिया मुसलमानों को भी उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

**संविधान में पंथनिरपेक्ष शब्द** : उन्होंने कहा, "मैं फर्जी धर्मनिरपेक्षतावादियों से पूछना चाहता हूं कि देश के संविधान में पंथनिरपेक्ष शब्द जुड़ने के बाद जम्मू कश्मीर के अलग संविधान में इसे क्यों नहीं जोड़ा गया? क्या उस राज्य को पंथनिरपेक्ष नहीं होना चाहिए था, जहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे थे?

## बिहार में अब घर बैठे ऑनलाइन बनेगा राशन कार्ड

**पटना** । बिहार के निवासी अब घर बैठे ही राशन कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। राज्य सरकार ने प्रक्रिया को आसान बनाने और सरकारी कार्यालयों में भीड़ को कम करने के लिए एक नई ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू की है। इस पहल से बुजुर्गों और महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें अक्सर ऐसी सेवाओं तक पहुँचने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवेदक rconline.bihar.gov.in पर जाकर 'मेरी पहचान' के तहत नए उपयोगकर्ता के रूप में साइन अप करके प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

पंजीकरण ओटीपी सत्यापन के माध्यम से पूरा होता है, जिसके बाद आवेदन पत्र को परिवार के विवरण और अपलोड किए गए दस्तावेजों के साथ भरा जा सकता है। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, पारिवारिक फोटो (JPG या JPEG प्रारूप), आवेदक का हस्ताक्षर फोटो और, यदि लागू हो, तो विकलांगता, आय या जाति प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी शामिल हैं। आवेदन जमा करने के बाद, आवेदन की स्थिति को ट्रैक करने के लिए एसएमएस के माध्यम से एक संदर्भ संख्या भेजी जाती है। 'वन नेशन वन राशन कार्ड' योजना के तहत, धारक बिहार या अन्य राज्यों के किसी भी राशन की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं।

# केजरीवाल ने किया साफ, बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी आप

### बोले- इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए था

**एजेंसी । गांधीनगर**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम बिहार में कांग्रेस या इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के समर्थन के बिना ही चुनाव में उतरेंगे। केजरीवाल ने कहा कि इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए था। अब कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर गठबंधन था तो कांग्रेस ने विसावदर उपचुनाव क्यों लड़ा। वे हमें हराने आए थे। भाजपा ने हमें हराने और वोट काटने के लिए कांग्रेस को भेजा था। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। हालांकि, चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि बिहार में सभी 243 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव अक्टूबर या नवंबर 2025 में होने हैं।

पिछले विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2020 में हुए थे। चुनाव के बाद, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई, जिसमें नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। बाद में, अगस्त 2022 में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने एनडीए से नाता तोड़ लिया और आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ सरकार बना ली। फिर, जनवरी 2024 में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन से नाता तोड़ लिया और फिर से बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ सरकार बना ली। इससे पहले गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता



- **बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव की उम्मीद है**
- **चुनाव आयोग ने अभी तक चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है**
- **बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटों के लिए चुनाव होंगे**

पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी कांग्रेस पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को भरोसा जताया कि लोग 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को सत्ता में लाएंगे। हाल में राज्य में विसावदर विधानसभा उपचुनाव में आप नेता गोपाल इटालिया की जीत से उत्साहित दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अतीत के विपरीत, लोगों के पास आम आदमी पार्टी के रूप में एक विकल्प है। वह गुजरात में अपनी पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत करने के बाद यहां बोल रहे थे।

## पांच अवैध मजारों पर चला बुलडोजर अब तक 537 अवैध मजारें हुई ध्वस्त

**उधमसिंहनगर/काशीपुर (हि.स.)**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सरकारी भूमि पर धार्मिक अतिक्रमण के खिलाफ प्रदेशभर में चल रहे अभियान के तहत काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र में प्रशासन ने पांच अवैध मजारों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई एसडीएम अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार सुबह की गई। बताया गया कि जिन मजारों को हटाया गया, वे सरकारी आमबाग भूमि पर बनी थीं।

प्रशासन की ओर से पहले नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का मौका दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में कोई वैध दस्तावेज नहीं पेश किए गए।

# दिल्ली में पुरानी गाड़ियों को ईंधन देने पर प्रतिबंध

### पेट्रोल पंप मालिकों की याचिका पर हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 1 जुलाई से पुरानी गाड़ियों (15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल/सीएनजी और 10 साल से अधिक पुरानी डीजल गाड़ियों) को ईंधन देने पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इस नीति के तहत पेट्रोल पंप मालिकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 192 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है, जिसके खिलाफ दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से इस पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। एसोसिएशन के वकील आनंद वर्मा ने समाचार



एजेंसी आईएएनएस को बताया कि पेट्रोल पंप मालिक इस नीति का समर्थन करते हैं, लेकिन धारा 192 के तहत उन पर कार्रवाई को गलत मानते हैं। यह धारा बिना रजिस्ट्रेशन के गाड़ी चलाने वाले मालिकों और चालकों पर लागू होती है। उन्होंने कहा, "पेट्रोल पंप मालिकों का काम बीपीसीएल, एचपीसीएल जैसी तेल कंपनियों के साथ लाइसेंस समझौते के तहत ईंधन बेचना है। हम आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत काम करते हैं।

अगर कोई ग्राहक जबरदस्ती ईंधन मांगे, कैमरे काम न करें, या सिस्टम में खराबी हो, तो ऐसी परिस्थितियां हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। ऐसी स्थिति में हम पर जुर्माना या कानूनी कार्रवाई ठीक नहीं है। दिल्ली सरकार के आदेश के मुताबिक, पेट्रोल पंपों को पुरानी गाड़ियों को ईंधन देने से रोकना है। इसके लिए 350 से अधिक पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर (एएनपीआर) कैमरे लगाए गए हैं। उल्लंघन करने पर पहली बार 5,000 रुपये का जुर्माना और दूसरी बार एक साल तक की जेल या 10,000 रुपये का जुर्माना हो सकता है। पेट्रोल पंप मालिकों का कहना है कि उनके पास इस नीति को लागू करने के लिए न तो कानूनी अधिकार है और न ही पर्याप्त संसाधन। वर्मा ने तर्क दिया कि दिल्ली में 61 लाख से अधिक वाहन हैं, लेकिन पिछले दो-तीन साल में ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने 1 फीसद से भी कम पुरानी गाड़ियों को जब्त किया है।

### सीबीआई की कार्रवाई

## 6 राज्यों में 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी, 6 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले में छह राज्यों में बड़ी कार्रवाई की है। कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश में 40 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर रिश्वत लेकर मेडिकल कॉलेजों को अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट देने का आरोप है।

सीबीआई ने यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ की। आरोप है कि इन लोगों ने मेडिकल कॉलेजों की मान्यता के लिए होने वाले वैधानिक निरीक्षण में हेरफेर किया। निरीक्षण करने वाले डॉक्टरों ने कथित तौर पर रिश्वत लेकर अनुकूल रिपोर्ट दी। सीबीआई को सूचना मिली थी कि संस्थान के पदाधिकारी निरीक्षकों को प्रभावित कर रहे थे। इसके आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया और 55 लाख रुपये की रिश्वत के लेन-देन के दौरान छह लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मध्य प्रदेश के इंदौर में इंडेक्स कॉलेज के प्रबंधक के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई। यह कार्रवाई सुबह 3 बजे शुरू हुई और 8 बजे तक चली।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें ।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

## आजम खान को जेल के लिए सपा भी जिम्मेदार, मुसलमान बेसहारा : तौकीर

**बरेली (आईएएनएस)**

मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना तौकीर रजा ने समाजवादी पार्टी और उसके अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जुबानी हमला किया।



उन्होंने कहा कि आजम खान को जेल में रखने के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं, बल्कि खुद अखिलेश यादव भी बराबर के जिम्मेदार हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में तौकीर रजा ने कहा कि जब आजम खान पहली बार जेल गए थे, तब सपा ने कोई प्रदर्शन नहीं किया, कोई आंदोलन नहीं किया।

अगर अखिलेश यादव चाहते तो आजम खान के लिए बहुत कुछ कर सकते थे, लेकिन उन्होंने सरकार से समझौता कर लिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हर मुसलमान को अल्लाह पर भरोसा है, लेकिन आजम खान ने सपा पर भरोसा किया और इसी कारण आज वो जेल की सजा भुगत रहे हैं।

## बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण से वंचित होंगे करोड़ों वोटर,

**नई दिल्ली** । बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के पुनरीक्षण के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में 8 करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण असंभव है। राजेश राम ने कहा कि आज से 22 साल पहले जब मतदाता सूची का कंप्यूटरीकरण हुआ था, तब से अब तक इतना गहन परीक्षण कभी नहीं हुआ।

## सिद्धारमैया को क्यों मिल रहा कांग्रेस का साथ

**कर्नाटक । एजेंसी**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वह पूरे पांच साल तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस शासित राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगा दिया। पत्रकारों द्वारा पूछे गए इस सवाल के जवाब में कि क्या वह पांच साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे, वरिष्ठ नेता ने कहा कि हां, मैं कर्नाटक का मुख्यमंत्री बनूंगा। आपको इसमें संदेह क्यों है? इससे पहले सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए कांग्रेस ने कहा कि पार्टी फिलहाल



सिद्धारमैया को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से हटाने की योजना नहीं बना रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि हम कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर कोई राय नहीं ले रहे हैं। सिद्धारमैया के डिप्टी डीके शिवकुमार ने जवाब देते हुए कहा कि उनके पास सीएम सिद्धारमैया का समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। शिवकुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है और उनका समर्थन करना है। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी आलाकमान जो भी कहेगा और जो भी फैसला करेगा, उसे पूरा किया जाएगा...मैं अभी इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। लाखों कार्यकर्ता इस पार्टी का समर्थन कर रहे हैं।

**बढ़ी परेशानी** मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में भूस्खलन के चलते बंद हुआ रास्ता

# भारी बारिश से केदारनाथ की यात्रा रही बाधित

- **सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम यात्रा को फिलहाल अस्थाई रूप से रोका गया**

**रुद्रप्रयाग (आईएएनएस)**

उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते बड़े पैमाने पर मलबा और पत्थर गिरने से केदारनाथ यात्रा एक बार फिर बाधित हो गई है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम यात्रा को फिलहाल अस्थाई रूप से रोक दिया है। रुद्रप्रयाग के मुनकटिया स्लाइडिंग जोन में भूस्खलन के बाद पहाड़ से मलबा और पत्थर पूरी सड़क पर आ गया। एहतियातन प्रशासन ने यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया। तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया, जो रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच केदारनाथ धाम से लौट रहे लगभग 40 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने सोनप्रयाग भूस्खलन क्षेत्र के पास से सुरक्षित रेस्क्यू किया। ये श्रद्धालु रात में अचानक हुए भूस्खलन के कारण रास्ते में फंस गए थे। भूस्खलन सोनप्रयाग के पास हुआ, जो केदारनाथ यात्रा मार्ग का एक अहम पड़ाव है। एसडीआरएफ की टीमों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अंधेरे में ही जोखिम भरा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

वीडियो फुटेज में एसडीआरएफ टीम को खतरनाक परिस्थितियों में मलबे के बीच से रास्ता बनाकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालते हुए देखा गया। बाद में इन यात्रियों को सुरक्षित रूप से सोनप्रयाग ले जाया गया।

उत्तराखंड के दूसरे इलाकों में भी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चमोली पुलिस के अनुसार, बदरीनाथ हाईकोर्ट उमट्टा में बद्रीश होटल के पास भूस्खलन के चलते बंद हो गया। इसी तरह यमुनोत्री हाईवे भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है, जहां सड़क का हिस्सा भारी बारिश के कारण बह गया। इस मौसम में बिजली और जल आपूर्ति जैसी जरूरी सुविधाएं भी प्रभावित हुई हैं।



### केदारनाथ लौटते श्रद्धालु स्लाइड जोन में फंसे

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम से लौट रहे 40 श्रद्धालु सोनप्रयाग स्लाइड जोन में फंस गए, जिन्हें अब रेस्क्यू कर लिया गया है। दरअसल, भारी बारिश के चलते सोनप्रयाग के पास स्थित स्लाइड जोन में अचानक भूस्खलन (लैंडस्लाइड) हो गया, जिससे केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालु फंस गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर तैनात राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के जवान तुरंत हरकत में आए।

### रूस से तेल खरीदने वालों पर भारी टैक्स लगाने की तैयारी में है यूएस

# इसका भी इलाज ढूंढ़ लेंगे : जयशंकर

ब्यूरो

**नई दिल्ली** । विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की वाशिंगटन में हुई प्रेस वार्ता ने भारत-अमेरिका संबंधों की परिपक्वता, वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका और समसामयिक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रेस वार्ता में उन्होंने भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताओं, सामरिक संतुलन, व्यापारिक संबंधों और ग्लोबल साउथ के साथ भारत की प्रतिबद्धता को मजबूती से रेखांकित किया साथ ही यह भी बताया कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका जो भारी भरकम टैक्स लगाने की तैयारी में है उसको लेकर भारत का रुख क्या है। प्रेस वार्ता के दौरान जयशंकर ने भारत पाकिस्तान, भारत चीन संबंधों और राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से युद्धविराम कराने के बार-बार किये जा रहे दावे के संबंध में भी सवालों के जवाब दिये।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध केवल रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह तकनीकी सहयोग, रक्षा विनिर्माण, शिक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और वैश्विक शासन संरचनाओं में सुधार जैसे विविध क्षेत्रों में विस्तार पा चुके हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच साझा मूल्य और पारस्परिक सम्मान इस रिश्ते की आधारशिला हैं।

प्रेस वार्ता में एक प्रमुख बिंदु यह रहा कि भारत साउथ के हितों की प्रभावी ढंग से वकालत कर रहा है। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत केवल अपने लिए नहीं, बल्कि उन विकासशील देशों के लिए भी बोल रहा है जिन्हें अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनदेखा कर दिया जाता है। भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान साउथ के मुद्दों को प्राथमिकता देना इसी नीति का प्रमाण है। चीन के संदर्भ में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में जयशंकर ने संयमित लेकिन स्पष्ट रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि भारत क्षेत्रीय स्थायित्व का पक्षधर है और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्रता और कानून आधारित व्यवस्था बनाए रखने के लिए अमेरिका और अन्य समान विचारधारा वाले देशों के साथ सहयोग करता रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को बनाए रखेगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में जयशंकर ने दोहराया कि भारत युद्ध का पक्ष नहीं लेता बल्कि शांति और संवाद के माध्यम से समाधान चाहता है। उन्होंने बताया कि भारत ने मानवीय सहायता के रूप में यूक्रेन को कई सहायता पैकेज भेजे हैं और युद्ध की विभीषिका से प्रभावित देशों की सहायता के लिए तत्पर है।

जयशंकर ने प्रेस वार्ता में बार-बार इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत की विदेश नीति 'भारत पहले' (India First) के सिद्धांत पर आधारित है। भारत किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनता बल्कि मुद्दा आधारित साझेदारी में विश्वास रखता है। यह स्पष्ट करता है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार निर्णय लेता है, न कि किसी दबाव में। इसके अलावा जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत ने अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम के साथ अपनी ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं को साझा कर दिया है। हम आपको बता दें कि ग्राहम ही उस विधेयक को लाये हैं जिसमें रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों— विशेषकर भारत और चीन पर 500% तक आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। जयशंकर ने कहा, "हमने अपनी चिंताएं और ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े हित उनके समक्ष रखे हैं। यदि यह स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान ढूंढ़ने का प्रयास करेंगे।" हम आपको बता दें कि इस विधेयक को ट्रंप प्रशासन का भी समर्थन प्राप्त है। यह विधेयक यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर दबाव बनाने के लिए लाया गया है।

### रूस से भारत का कच्चा तेल आयात 10 महीने में सबसे ऊंचे स्तर पर



जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत अमेरिकी कांग्रेस में हो रहे ऐसे किसी भी घटनाक्रम पर नजर रखता है जो भारत को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ा विषय है। हम आपको याद दिला दें कि रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद, जब पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे तो रूस ने भारत और चीन जैसे देशों को डिस्काउंट रेट पर कच्चा तेल देना शुरू किया था। इस अवसर का उपयोग करते हुए भारत ने मई 2025 में प्रतिदिन 1.96 मिलियन बैरल तेल रूस से आयात किया।

# क्या दलाई लामा का उत्तराधिकारी किसी अपने को बनवाएगा चीन?

ब्यूरो



- अपनी पुस्तक वॉयस फॉर द वॉयसलेस में दलाई लामा ने कहा है कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा
- चीन ने 2007 में आदेश दिया कि कोई भी समूह या व्यक्ति आत्मा की खोज व पहचान से संबंधित गतिविधियां नहीं कर सकता है, दलाई लामा का चयन करने के लिए गोल्डन अर्न विधि नामक लॉटरी की व्यवस्था की गई

**नई दिल्ली।** बौद्ध धर्म गुरु 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो 6 जुलाई को 90 वर्ष के हो जाएंगे। दलाई लामा अपने पुनर्जन्म पर एक बयान देंगे। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के कैबिनेट के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर समधोंग रिनपोछे और सीटीए के सिक्योंग या राजनीतिक नेता पेनपा त्सेरिंग उनका संदेश पढ़ेंगे। दलाई लामा का जन्म 6 जुलाई, 1935 को उत्तर-पूर्वी तिब्बत (अब चीन के किंघाई प्रांत) के तक्सेर नामक गांव में हुआ था। 2 वर्ष की आयु में उन्हें 13वें दलाई लामा थुबतेन ग्यात्सो के पुनर्जन्म के रूप में पहचाना गया था। चीन में कम्युनिस्टों के सत्ता में आने के एक साल बाद पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने तिब्बत पर आक्रमण किया। 1951 में तिब्बत पर चीन ने कब्जा कर लिया और मार्च 1959 में तिब्बती राष्ट्रीय विद्रोह को चीनी सैनिकों ने कुचल दिया।मार्च 1959 में दलाई लामा अपने अनुयायियों के एक समूह के साथ ल्हासा से भाग निकले और अरुणाचल प्रदेश के खेंजीमाने में भारत में प्रवेश किया। 1960 में जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने उन्हें धर्मशाला के मैकलोडगंज में बसाया, जहां निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना की गई। 14 मार्च 2011 को दलाई लामा ने तिब्बती पीपुल्स डेप्युटीज की असेंबली को पत्र लिखा, जिसे निर्वासित तिब्बती संसद के रूप में जाना जाता है। निर्वासन में रह रहे तिब्बतियों के लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेता को राजनीतिक सत्ता का औपचारिक हस्तांतरण उस वर्ष 29 मई को हुआ, जिससे 368 साल पुरानी परंपरा समाप्त हो गई। इस दौरान दलाई लामा तिब्बतियों के आध्यात्मिक और राजनीतिक दोनों प्रमुख थे।दलाई लामा (जिसका शाब्दिक अर्थ है 'ज्ञान का सागर, अवलोकितेश्वर या चेनरेज़िग) और इन्हें तिब्बत के संरक्षक संत का अवतार माना जाता है। बोधिसत्व वे व्यक्ति हैं जो बुद्ध बनने के मार्ग पर हैं, लेकिन जो स्वयं निर्वाण में प्रवेश करने से पहले अन्य संवेदनशील प्राणियों की मुक्ति को प्राथमिकता देते हैं।दलाई लामा की संस्था तिब्बती बौद्ध धर्म में तुल्कु अवधारणा का हिस्सा है, जिसमें आध्यात्मिक गुरुओं को उनकी मृत्यु के बाद पुनर्जन्म दिया जाता है। ऐसा इसलिए ताकि उनकी शिक्षाओं को संरक्षित किया जा सके और आगे बढ़ाया जा सके। पहले दलाई लामा गेदुन द्रुपा का जन्म 1391 में हुआ था। वंश के पांचवें लोबसंग ग्यात्सो (1617-82) से शुरू होकर, दलाई लामा तिब्बती बौद्धों के आध्यात्मिक और राजनीतिक नेता दोनों बन गए। वर्तमान दलाई लामा को 1939 में एक खोज दल द्वारा खोजा गया था। 13वें दलाई लामा थुप्टेन ग्यात्सो के 1933 में निधन के छह साल बाद उन्हें खोजा गया। पुनर्जन्म को कई संकेतों से पहचाना गया, जिसमें एक वरिष्ठ भिक्षु को दिखाई गई दृष्टि भी शामिल थी।

1940 में छोटे बालक को ल्हासा के पोताला पैलेस में ले जाया गया और आधिकारिक रूप से सिंहासन पर बैठाया गया। 1969 से ही दलाई लामा कहते रहे हैं कि उनके पुनर्जन्म को मान्यता दी जाए या नहीं, यह तिब्बती लोगों, मंगोलों और हिमालयी क्षेत्र के लोगों को तय करना है। 24 सितंबर 2011 को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, "जब मैं लगभग 90 साल का हो जाऊंगा तो मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामाओं, तिब्बती जनता और तिब्बती बौद्ध धर्म का पालन करने वाले अन्य संबंधित लोगों से सलाह लूंगा और इस बात का पुनर्मूल्यांकन करूंगा कि दलाई लामा की संस्था को जारी रखना चाहिए या नहीं। उसके आधार पर हम कोई फैसला लेंगे।" इस बयान की वजह से ही दलाई लामा का आने वाला जन्मदिन 6 जुलाई को महत्वपूर्ण हो गया है, जब वे 90 साल के हो जाएंगे। बयान में कहा गया है कि यदि यह तय किया जाता है कि दलाई लामा का पुनर्जन्म जारी रहना चाहिए और 15वें दलाई लामा को मान्यता दिए जाने की ज़रूरत है, तो ऐसा करने की ज़िम्मेदारी मुख्य रूप से दलाई लामा के गादेन फोडरंग ट्रस्ट के संबंधित अधिकारियों पर होगी।बीते सोमवार को दलाई लामा ने कहा, "कुछ ऐसा ढांचा होगा जिसके भीतर हम दलाई लामाओं की संस्था को जारी रखने के बारे में बात कर सकते हैं।" उधर चीन है कि 14वें दलाई लामा को विभाजनकारी, देशद्रोही और निर्वासित के रूप में निंदा करता है, जिसे तिब्बती लोगों का प्रतिनिधित्व करने का कोई अधिकार नहीं है।लेकिन अपने 2011 के बयान में दलाई लामा ने कहा था कि उनका पुनर्जन्म एक स्वतंत्र देश में होना चाहिए, न कि चीनी नियंत्रण में। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी सरकार द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए चुने गए पुनर्जन्म को कोई मान्यता नहीं दी जानी चाहिए। इस मार्च में प्रकाशित अपनी पुस्तक वॉयस फॉर द वॉयसलेस में दलाई लामा ने कहा कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर पैदा होगा। तिब्बतियों में यह डर है कि जैसे-जैसे दलाई लामा बड़े होते जाएंगे, चीन अपनी पसंद के उत्तराधिकारी की घोषणा कर सकता है, और इसका इस्तेमाल तिब्बती बौद्ध धर्म और संस्कृति पर अपना नियंत्रण मजबूत करने के लिए कर सकता है। उधर 2004 में चीनी सरकार ने दलाई लामा के चयन की प्रक्रिया निर्धारित करने वाले धार्मिक मामलों के नियमों को समाप्त कर दिया। चीन ने 2007 में आदेश दिया कि कोई भी समूह या व्यक्ति आत्मा की खोज और पहचान से संबंधित गतिविधियां नहीं कर सकता है। दलाई लामा का चयन करने के लिए गोल्डन अर्न विधि नामक लॉटरी की व्यवस्था की गई। 2015 में तिब्बती जातीयता के एक सेवानिवृत्त चीनी राजनीतिज्ञ और तिब्बत की पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष पद्मा चोलिंग ने दलाई लामा के इस आग्रह पर आपत्ति जताई कि किसी भी सरकार को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए अगले दलाई लामा को चुनने का अधिकार नहीं है।

## 'लापरवाही से गाड़ी चलाने वाले की मौत पर मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं बीमा कंपनी'

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** यदि आप अपना इंश्योरेंस कराए हैं , लेकिन कोई वाहन लापरवाही या स्टंटबाजी करते हुए चला रहे हैं , ग़लत साइट से चला रहे हैं , उस दौरान दुर्घटना हुई और आप दिवंगत हो गये तो इंश्योरेंस कंपनियां आपके परिवार को मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं हैं। सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा व आर. महादेवन की बेंच ने एक मामले में यह फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि यदि कोई ड्राइवर खुद की गलती से मर जाता है, तो इंश्योरेंस कंपनियां उसके परिवार को मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं हैं। इस बेंच ने एक ऐसे व्यक्ति के परिवार को राहत देने से मना कर दिया जिसकी मौत तेज गति से गाड़ी चलाने के दौरान हुई थी। गाड़ी चलाते समय उसने लापरवाही बरती थी, जिसके कारण गाड़ी पलट गई थी। मृतक के परिवार ने इंश्योरेंस कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस से 80 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी। बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की मौत उसकी अपनी गलती से होती है, तो उसके परिवार वाले इंश्योरेंस का पैसा नहीं मांग सकते।सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाई कोर्ट के पिछले साल 23 नवंबर के फैसले को सही ठहराया। कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया था। 18 जून 2014 को एन.एस. रविशा नाम का एक व्यक्ति अपनी फिएट लीनिया कार चला रहा था। उसके साथ उसके पिता, बहन और उसके बच्चे भी थे। रविशा तेज गति से गाड़ी चला रहा था और उसने ट्रैफिक नियमों को तोड़ा। उसने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क पर पलट गई। रविशा को इस हादसे में गंभीर चोट लगा और उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी, बेटे व माता-पिता ने 80 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि रविशा एक सफल ठेकेदार था और वह हर महीने 3 लाख रुपये कमाता था। पुलिस ने चार्जशीट में कहा कि यह दुर्घटना रविशा की लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई। मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल ने परिवार के मुआवजे के दावे को खारिज कर दिया। कर्नाटक हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। रविशा के परिवार ने कहा कि दुर्घटना टायर फटने के कारण हुई। लेकिन हाईकोर्ट ने इस दावे को खारिज कर दिया। हाई कोर्ट ने कहा कि जब मृतक के कानूनी प्रतिनिधि दावा करते हैं, तो उन्हें यह साबित करना होगा कि मृतक खुद अपनी लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना के लिए जिम्मेदार नहीं था। उन्हें यह भी साबित करना होगा कि मृतक पॉलिसी के अंतर्गत आता है, ताकि बीमा कंपनी कानूनी उत्तराधिकारियों को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हो। कोर्ट ने आगे कहा, "इस मामले में, यह माना गया है कि दुर्घटना मृतक की लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई। वह खुद ही अपनी मौत का कारण बना। इसलिए, कानूनी उत्तराधिकारी उसकी मौत के लिए कोई मुआवजा नहीं मांग सकते।

# बिहार में वोटर लिस्ट के सत्यापन के तरीके से भाजपा के सहयोगी दल भी नाराज

ब्यूरो



- कहने लगे- ये गरीबों, दलितों, आदिवासियों व ओबीसी समुदाय को वोट डालने से वंचित करने की साजिश
- मतदाता सूची का सत्यापन 25 जून को शुरू हुआ , 25 जुलाई तक पूरा किया जाना है, हर हालत में मात्र एक माह में

**नई दिल्ली।** बिहार में 21 अक्टूबर से 20 नवम्बर तक 6 चरणों में चुनाव और 24 नवंबर को परिणाम घोषित होने की चर्चा हो रही है। और बिहार में हालत यह है कि वहाँ इसे लेकर घमासान हो रहा है कि चुनाव आयोग वहां पर वोटर लिस्ट का सत्यापन लोकसभा चुनाव के बाद से नहीं कराकर अब संधान सभा चुनाव जब सिर पर आ गया तो इतनी जल्दी बाज़ी व कम समय में क्यों करा रहा है? क्या यह तथाकथित महाराष्ट्र व हरियाणा जैसा कुछ करने के लिए हो रहा है ? इसको लेकर विपक्षी दलों के कुछ नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात की ,लेकिन बिहार में भाजपा के सहयोगी दल हैं उनमें से चिराग़ पासवान सहित अन्य कई सहयोगी दल के नेता भी परेशान हैं।विपक्ष ने सवाल उठाया है कि वोटर लिस्ट के सत्यापन का जो काम पिछले 22 सालों में नहीं हुआ उसे बिहार में बिहार विस चुनाव के इतने कम समय में अब क्यों किया जा रहा है? और उसके लिए लोगों से जिस तरह के दस्तावेज मांगे गए हैं, अब जब चुनाव में कुछ ही माह का समय है, ऐसे में लोगों को उन दस्तावेज को देने में मुश्किल होगी और इससे बिहार में 2 से 3 करोड़ मतदाता वोट नहीं डाल पाएंगे।इसमें ज्यादातर मतदाता विपक्षी दलों व चिराग़ पासवान जैसे भाजपा के सहयोगी दलों के हो सकते हैं। कुछ सीटों पर भाजपा की सहयोगी पार्टी जदयू के भी मतदाता हो सकते हैं। इधर कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि क्या 2003 में मतदाता सूची के आतम रिवाजन के बाद से कराए गए सभी चुनाव गलत थे? इसी तरह तेजस्वी यादव ने कहा है कि ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन गया है।

हालत यह है कि अकेले बातचीत में भाजपा , जदयू व लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास) के कई नेताओं ने इसे लेकर संदेह जताया कि क्या इतने कम समय में चुनाव आयोग यह काम पूरा कर पाएगा ? मालूम हो कि मतदाता सूची के सत्यापन का यह काम 25 जून को शुरू हुआ था और इसे 25 जुलाई तक पूरा किया जाना है यानि हर हालत में मात्र एक माह में । इन नेताओं ने राज्य में साक्षरता, गरीबी व प्रशासनिक इंतजामों को लेकर बात की और कहा कि कई लोगों विशेषकर गरीबों के पास जन्म तिथि व जन्म स्थान के प्रमाण के रूप में चुनाव आयोग द्वारा मांगे गए 11 दस्तावेज में से कोई भी नहीं होगा। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एक नेता का कहना है कि क्योंकि वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने से वोटर को कोई सरकारी फायदा मिलता नहीं है, इसलिए बिहार के मतदाता भी इसके लिए अपनी ओर से कोई कोशिश नहीं करेंगे और उन्हें वोटर लिस्ट में शामिल करने की जिम्मेदारी राजनीतिक दलों को ही निभानी पड़ेगी। मालूम हो कि चुनाव आयोग ने अपने निर्देशों में कहा है कि हर मतदाता को व्यक्तिगत गणना फॉर्म जमा करना जरूरी है। 1987 के बाद जन्मे और 1 जनवरी 2003 के बाद मतदाता सूची में शामिल होने वाले लोगों को जन्मतिथि प्रमाण पत्र , पासपोर्ट या किसी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के मार्फत अपनी नागरिकता का प्रमाण देना होगा।चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए जन्म तिथि और जन्म स्थान का प्रमाण देने के लिए जुलाई 1987 की कट ऑफ तिथि निर्धारित की है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल के आंकड़ों से पता चलता है कि 2000 में राज्य में केवल 1.19 लाख जन्म पंजीकृत हुए थे, जो उस साल बिहार में अनुमानित हुए कुल जन्म का मात्र 3.7% था जबकि तब राष्ट्रीय औसत 56% था।2001 की जनगणना के अनुसार, 1 मार्च 2001 को बिहार की आबादी 8.3 करोड़ थी, जो 2011 में बढ़कर 10.4 करोड़ हो गई यानी राज्य की आबादी में 2.11 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। लेकिन इस दौरान बिहार 73.91 लाख ही जन्म पंजीकरण हुए।

## सिंधु जल संधि पर भारत के ऐक्शन से पाक में बढ़ा खौफ

**इस्लामाबाद** । पिछले सप्ताह स्थायी मध्यस्थता न्यायालय द्वारा अपने पक्ष में दिए गए फैसले के बाद, पाकिस्तान अब भारत से द्विपक्षीय जल-बंटवारे संधि के कार्यान्वयन को फिर से शुरू करने का आह्वान कर रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि फैसले से इस्लामाबाद की कानूनी स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन नई दिल्ली द्वारा संधि का पालन करने की संभावना नहीं है। 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि (IWT) पाकिस्तान को सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी पर अधिकार देती है, जबकि भारत को रावी, सतलुज और ब्यास नदियों पर नियंत्रण प्रदान करती है। अप्रैल के महीने में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में भारत ने सिंधु जल संधि को निरस्त करने की घोषणा कर दी थी।

### दिल्ली उच्च न्यायालय से रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद को झटका

# डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ टीवी विज्ञापन दिखाने पर रोक

ब्यूरो

- पतंजलि अपने च्यवनप्राश को 51 से ज़्यादा जड़ी-बूटियों से बना हुआ बता रहा है जबकि उसमें सिर्फ 47 जड़ी-बूटियां ही हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने योग गुरु से धंधा गुरू बन गये रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को झटका देते हुए पतंजलि को डाबर इंडिया के च्यवनप्राश उत्पादों के विरूद्ध टीवी पर कोई भी विज्ञापन दिखाने से रोक दिया है। डाबर ने कोर्ट में कहा था कि पतंजलि के विज्ञापन उनके उत्पाद को बदनाम कर रहे हैं।कोर्ट ने डाबर की याचिका पर पतंजलि को फ़ौरन ऐसे विज्ञापन दिखाने से मना कर दिया है। इस मामले की सुनवाई बीते 24 दिसंबर को शुरू हुई थी। तब कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को नोटिस भेजा था। डाबर ने न्यायालय को बताया कि नोटिस मिलने के बाद भी पतंजलि आयुर्वेद ने पिछले कुछ सप्ताह में 6,182 बार विज्ञापन दिखाए। डाबर का कहना है कि इन विज्ञापनों में गलत जानकारी दी जा रही है। पतंजलि अपने प्रोडक्ट को 51 से ज़्यादा जड़ी-बूटियों से बना हुआ बता रहा है, जबकि उसमें सिर्फ 47 जड़ी-बूटियां ही हैं। डाबर का कहना है कि पतंजलि ऐसा करके ग्राहकों को गुमराह कर रहा है। पिछली सुनवाई में डाबर इंडिया ने कहा था, "वे हमें साधारण बताते हैं। वे एक मार्केट लीडर को साधारण बना रहे हैं।" मालूम हो कि कि च्यवनप्राश के बाज़ार में डाबर की हिस्सेदारी 61.6% है। डाबर ने यह भी कहा कि पतंजलि के विज्ञापन में यह दावा किया जा रहा है कि असली च्यवनप्राश तो वही बना सकते हैं जिन्हें आयुर्वेद और वेदों का ज्ञान हो। इससे यह ज़ाहिर होता है कि डाबर का प्रोडक्ट घटिया है। इसके अलावा, डाबर ने यह भी आरोप लगाया कि पतंजलि के प्रोडक्ट में पारा ( मरकरी ) है और यह बच्चों के लिए ठीक नहीं है।

# मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी 2011 के फोन-टैपिंग आदेश को रद्द कर दिया

### हर बार नहीं किया जा सकता फोन टैप, सीबीआई को फटकार, केंद्र को झटका

ब्यूरो



*निजता का अधिकार 2017 में के एस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में 9 न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के बाद मौलिक अधिकार बन गया है*

**नई दिल्ली।** मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी 2011 के फोन-टैपिंग आदेश को रद्द कर दिया। इसमें कहा गया कि निगरानी संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन करती है। अपने फैसले में जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने कहा कि आज के कानून के अनुसार अपराधों का पता लगाने के उद्देश्य से गुप्त ऑपरेशन या गुप्त स्थितियों के उद्देश्य से टेलीफोन पर बातचीत या संदेशों की टैपिंग की अनुमति नहीं है। 94 पेज के आदेश में अदालत ने कहा कि फोन टैपिंग इस तरह से किसी व्यक्ति की गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन है, जब तक कि इसे कानून द्वारा उचित नहीं ठहराया जाता है। यह मामला याचिकाकर्ता पी किशोर (एवरॉन एजुकेशन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक) से संबंधित है, जिन्होंने 12 अगस्त, 2011 के गृह मंत्रालय के आदेश को चुनौती दी थी। इसमें भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की धारा 5(2) और भारतीय टेलीग्राफ नियम, 1951 के नियम 419-A के तहत उनके मोबाइल फ़ोन को इंटरसेप्शन के लिए अधिकृत किया गया था। एक वरिष्ठ आयकर अधिकारी को कथित तौर पर 50 लाख रुपये की रिश्वत से जुड़ी सीबीआई जांच के सिलसिले में निगरानी का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि निगरानी के लिए राज्य का औचित्य (भ्रष्टाचार का पता लगाने की आवश्यकता) फोन टैपिंग के माध्यम से किसी व्यक्ति की गोपनीयता पर आक्रमण करने के लिए आवश्यक कानूनी सीमा को पूरा नहीं करता है।

जस्टिस वेंकटेश ने 1997 के पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज बनाम भारत संघ के फैसले का हवाला देते हुए लिखा, "मौजूदा मामले में आरोपित (चुनौती के तहत) आदेश न तो सार्वजनिक आपातकाल के दायरे में आता है और न ही सार्वजनिक सुरक्षा के हित में, जैसा कि पीयूसीएल मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने समझाया है।" जस्टिस ने कहा कि निजता का अधिकार 2017 में के एस पुट्टस्वामी बनाम भारत संघ मामले में 9 न्यायाधीशों की पीठ के फैसले के बाद मौलिक अधिकार बन गया है। जस्टिस ने कहा, "मामले के तथ्य बताते हैं कि यह एक गुप्त ऑपरेशन या अपराध का पता लगाने के लिए एक गुप्त स्थिति थी, जो किसी भी समझदार व्यक्ति के लिए स्पष्ट नहीं होगी। वर्तमान कानून के अनुसार इस तरह की स्थिति अधिनियम की धारा 5(2) के दायरे में नहीं आती है, जैसा कि पीयूसीएल में सुप्रीम कोर्ट व्याख्या की गई है। इसे एस पुट्टस्वामी के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने मंजूरी दी है।" अदालत ने उन शर्तों को भी निर्धारित किया, जिनके तहत फोन टैपिंग वैलिड रूप से की जा सकती है। यह सार्वजनिक आपातकाल के दौरान या सार्वजनिक सुरक्षा के हित में की जा सकती है।



# केंद्रीय निरीक्षण दल ने खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा को लेकर 3 जुलाई को जिले में केंद्रीय निरीक्षण दल का भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस निरीक्षण अभियान की शुरुआत मेदिनीनगर स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के एफएसडी डिपो से हुई, जहां टीम ने गोदाम में रखे खाद्यान्न की भंडारण स्थिति की जांच की और मंडल प्रबंधक आशीष कुमार को आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात टीम चैनपुर प्रखंड पहुंची, जहां व्यापार मंडल स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। वहां 2024–25 खरीफ सत्र के अंतर्गत धान की खरीद, उठाव और किसानों को किए गए भुगतान की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही टीम ने राज्य खाद्य निगम के चैनपुर स्थित गोदाम का भी दौरा किया और खाद्यान्न रख-रखाव की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।



**जन वितरण प्रणाली दुकानों का भी निरीक्षण :** टीम ने चैनपुर के दो जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर कार्डधारियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने राशन उठाव, वितरण, फोर्टीफाइड चावल और 'वन नेशन, वन राशन कार्ड' योजना की जानकारी लाभुकों को दी। दुकान पर उपस्थित लाभुकों से यह भी पूछा गया कि उन्हें समय पर राशन मिल रहा है या नहीं।

**पीवीटीजी परिवारों से किया सीधा संवाद :** निरीक्षण के दौरान टीम कटीन टोला (चैनपुर) के पीवीटीजी समुदाय से भी मिली और उनसे अगस्त 2025 तक के खाद्यान्न प्राप्ति की जानकारी ली। कार्डधारियों ने बताया कि उन्हें प्रत्येक माह नियमित रूप से खाद्यान्न घर तक उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर उपस्थित बच्चों को खाद्य सामग्री भी वितरित की गई।

**पीजी पोर्टल शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद :** परिसदन भवन में पीजी पोर्टल के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के समाधान की स्थिति को लेकर टीम ने शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया और समाधान से संतुष्टि की जानकारी ली।

**उपायुक्त से की समीक्षा बैठक**

निरीक्षण उपरांत केंद्रीय दल ने उपायुक्त से भेंट कर अब तक किए गए निरीक्षण की विस्तृत जानकारी साझा की और विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। इस दौरान केंद्रीय टीम में निदेशक गोकुल नागरकोटी और एफडी-3 सेक्शन के अधिकारी रामानंद मीणा शामिल रहे।

**जिला स्तरीय उपस्थिति :** जिला स्तर से जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, भारतीय खाद्य निगम मंडल प्रबंधक रंधीर कुमार, चैनपुर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन कुमार, पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अक्षय कुमार, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार तथा कंप्यूटर ऑपरेटर अंजय कुमार सहित अन्य कर्मी निरीक्षण में शामिल रहे।

## भोगनाडीह कांड को लेकर झामुमो ने साधा भाजपा पर निशाना, किया पुतला दहन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** भोगनाडीह की घटना को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गुरुवार को समाहरणालय गेट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने किया। उन्होंने इस घटना को पूर्व नियोजित साजिश करार देते हुए भाजपा के शीर्ष नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए।

बैद्यनाथ राम ने कहा कि संथाल परगना को मणिपुर की तर्ज पर दंगाग्रस्त बनाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस साजिश में गोड्डा के वर्तमान सांसद और एक पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की, ताकि साजिश की परतें खुलकर सामने आ सकें।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कोई राजनीतिक कार्यकर्ता आखिर अवैध हथियार लेकर राजकीय कार्यक्रम में क्यों पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग गिरफ्तार हुए हैं, वे सिर्फ मोहरे हैं, असली साजिशकर्ता पर्दे के पीछे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि झामुमो झारखंड को मणिपुर नहीं बनने देगा, और राज्य में शांति व सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होने दी जाएगी।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव ने भाजपा पर आदिवासी हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि भाजपा सच में आदिवासियों के हितैषी है, तो वह झारखंड विधानसभा से पास हुए सरना धर्मकोड को केंद्र से मंजूरी क्यों नहीं दे रही है। उन्होंने इसे भाजपा की दोहरी नीति करार देते हुए राज्य सरकार को बदनाम करने की गंदी साजिश बताया प्रेस वार्ता के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं ने समाहरणालय गेट पर भाजपा का पुतला जलाया और जमकर नारेबाजी की। इस कार्यक्रम में बैद्यनाथ राम, जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दुबे, रिंकू कच्छप, अंकित पांडेय, दीपक कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 5जी की दौड़ में पिछड़ा बारियातू का मकरा नेटवर्क संकट से ग्रामीण परेशान

**बारियातू।** शिबला पंचायत के मकरा गांव के बघौता, नावाडीह, झिरमतकोमा और चपरी टोले के ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क की समस्या से बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जियो और एयरटेल टावर की सीमित पकड़ के कारण पढ़ाई, स्वास्थ्य सुविधा और सरकारी योजनाओं तक पहुंच बाधित हो रही है। इंटरनेट न होने से ऑनलाइन क्लास और सरकारी आवेदन नहीं हो पा रहे। बीमार और गर्भवती महिलाओं को आपातकाल में एम्बुलेंस बुलाने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द मोबाइल नेटवर्क सुधार की मांग की है।

## मध्यस्थता को लेकर डालसा सचिव ने मीडिएटरों संग की समीक्षा बैठक



● न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा मामलों के निपटारे पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के तत्वावधान में 'मेडिएशन फॉर द नेशन – राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान के तहत 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता कार्यक्रम का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), पलामू के सचिव राकेश रंजन ने बुधवार को जिले में कार्यरत मध्यस्थों (मीडिएटर) के साथ बैठक कर अभियान की प्रगति और आगामी रणनीति पर चर्चा की।

बैठक में सचिव ने सभी मीडिएटरों से आग्रह किया कि अभियान की भावना को साकार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लंबित वादों का आपसी समन्वय से समाधान किया जाए। उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, ऋण वसूली, सुलहनीय आपराधिक और दीवानी वाद जैसे मामलों को मध्यस्थता के जरिये सुलझाने की विशेष पहल की जा रही है। सचिव राकेश रंजन ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विवादों का तेज, सुलभ और आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे पक्षकारों को न्यायालयीय प्रक्रिया में समय, खर्च और मानसिक तनाव से मुक्ति मिले। उन्होंने यह भी कहा कि मध्यस्थता विवाद सुलझाने का एक मानवीय और संवेदनशील तरीका है, जो समाज में समरसता और शांति स्थापित करता है।

# मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार की देर शाम टंडवा थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रविवार को आयोजित होने वाले मोहर्रम पर्व की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को लेकर कई निर्देश जारी किए गए।

बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सभी अखाड़ों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा आयोजन से एक दिन पूर्व थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे और लोगों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो।



**प्रशासन ने आमजनों से की अपील :** प्रशासन की ओर से आम नागरिकों से अपील की गई कि वे पर्व को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों से बचें और आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए पर्व को मिलजुलकर मनाएं।

### सोशल मीडिया पर रखी जाएगी नजर

बैठक में यह भी तय किया गया कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। अफवाह अथवा भ्रामक सूचना मिलने पर आमजन से तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

बैठक में बीडीओ देवलाल उरांव, सीओ विजय दास, थाना प्रभारी उमेश राम, कई जनप्रतिनिधि, स्थानीय बुद्धिजीवी, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि और नागरिक शामिल हुए।

## 5जी की दौड़ में पिछड़ा बारियातू का मकरा नेटवर्क संकट से ग्रामीण परेशान



**बारियातू।** शिबला पंचायत के मकरा गांव के बघौता, नावाडीह, झिरमतकोमा और चपरी टोले के ग्रामीण मोबाइल नेटवर्क की समस्या से बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जियो और एयरटेल टावर की सीमित पकड़ के कारण पढ़ाई, स्वास्थ्य सुविधा और सरकारी योजनाओं तक पहुंच बाधित हो रही है। इंटरनेट न होने से ऑनलाइन क्लास और सरकारी आवेदन नहीं हो पा रहे। बीमार और गर्भवती महिलाओं को आपातकाल में एम्बुलेंस बुलाने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जल्द मोबाइल नेटवर्क सुधार की मांग की है।

## 90 दिवसीय 'मध्यस्थता के लिए' अभियान को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की बैठक, लातेहार को बनाना है अग्रणी जिला

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों और मीडिएटर्स की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस, ऋण वसूली जैसे मामलों को 90 दिन में सुलझाने का लक्ष्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रहे। सुलह-समझौते से वादों का निष्पादन प्राथमिकता हो। बैठक में कई न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे।

## महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आम्रपाली परियोजना का शिविर, बांटे गए पोषाहार और सेनेटरी किट

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना प्रबंधन द्वारा पोकला पंचायत सचिवालय में महिलाओं और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 750 महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन और पोषाहार बांटा गया। कार्यक्रम में सीएसआर अधिकारी मोहसिन रज़ा, मुखिया सरिता कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि और स्वयंसेवी शामिल हुए।

## मुहर्रम को लेकर पुलिस की हाई अलर्ट बैठक अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने की। बैठक में जिले के सभी एसडीपीओ, थाना प्रभारी, निरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस कप्तान ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा और ड्रोन कैमरे से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी ताकि किसी प्रकार की अफवाह की स्थिति में सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल को अलर्ट रखा गया है ताकि किसी भी भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो सके। खुफिया विभाग को सक्रिय किया गया है। पुलिस कप्तान ने आमजन से भी अपील की कि वे पर्व को सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या कंट्रोल रूम को दें।



## दहेज उत्पीड़न का मामला, महिला के पिता ने पति और ससुरालवालों पर लगाए गंभीर आरोप

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुगना निवासी बैजनाथ पाठक ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2009 में अलीगंज के लोहड़ी निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। आवेदन में बताया गया कि दामाद वर्तमान में रांची में रहता है और लड़की के दो बेटियां हैं। पुत्र न होने पर ससुराल वाले उसकी बेटी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पिता ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री के साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकालने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में महिला ने पति, सास, ससुर और पति की भतीजी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

## डीसी-एसपी ने सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की

● जुलूस खत्म होने तक भारी वाहनों को शहर से दूर रखें : एसपी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी मोहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि पलामू जिला त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने के लिए जाना जाता है, और इस परंपरा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने समिति के सदस्यों से आपसी सहयोग और समन्वय के साथ इस बार भी मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का आह्वान किया। बैठक में उपायुक्त ने सिविल सर्जन को ऑन कॉल एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने और सहायक नगर आयुक्त को सफाई के लिए डेडीकेटेड टीम तैनात करने का निर्देश दिया। साथ ही टाउन थाना में फायर ब्रिगेड वाहन को रेडी टू यूज़ की स्थिति में रखने पर भी जोर दिया गया। त्योहार के दौरान साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जुलूस मार्गों की सुरक्षा, ड्रोन और सीसीटीवी निगरानी, अफवाहों की रोकथाम, यातायात नियंत्रण और सोशल मीडिया की निगरानी जैसे विषयों पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। मोहर्रम जुलूस के दौरान शाम के समय भारी वाहनों को शहर में प्रवेश न दें। जुलूस समाप्त होने के बाद ही मार्ग पर इन्हें अनुमति दें। सीमा क्षेत्रों के थाना प्रभारी अपने निकटवर्ती दूसरे राज्य के थानों से समन्वय बनाए रखें। उन्होंने एनएचएआई प्रतिनिधियों से समन्वय कर निर्माण कार्यों में लगे वाहनों को व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने यह भी कहा कि जुलूस अगर नदी या तालाब के समीप से गुजरता है तो पुलिसकर्मी सतर्क रहें और सुरक्षा सुनिश्चित करें। सभी पेट्रोलिंग वाहनों में फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध हो, इस पर सिविल सर्जन को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर रखने की बात कही गई। बैठक में मोहर्रम इंतजामिया कमिटी, अखाड़ा समिति के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और आवश्यक व्यवस्थाओं से डीसी-एसपी को अवगत कराया।

## पेज एक के शेष

**40 साल से...**

आज वो सपना पूरा हो गया। उन्होंने नितिन गडकरी से आउटर रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरिडोर पर के पिलर पर सोहराय पेंटिंग, रांची अनगड़ा सिल्ली मुरी सड़क को फोरलेन करने के साथ रांची में इलेक्ट्रिक बस के संचालन की मांग की।

**फ्लाइओवर बनने से...**

देश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। नितिन गडकरी सड़कों का जाल बिछा रहे हैं।' हेमंत सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा ने केंद्र को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि घंटों की दूरी मिनटों में तय होगी।

**सीएम के निर्देश...**

मजदूरों ने जानकारी दी कि उन्हें पिछले कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। बार-बार अनुरोध के बावजूद कंपनी की ओर से वेतन भुगतान में टालमटोल की जा रही है। कंपनी की ओर से किसी प्रकार का वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिन मकानों में वे रह रहे हैं, वहां मकान का किराया नहीं देने पर पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई है। वे वतन वापसी करना चाहते हैं ।

**बकाया पारिश्रमिक का हुआ भुगतान :** मुख्यमंत्री के मिले निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष की ओर से मजदूरों को भोजन, पानी और आवश्यक दैनिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराने, कंपनी से बकाया वेतन दिलाने एवं मजदूरों के जल्दप वतन वापसी के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास, अबूधाबी, दूतावास, दुबई से अनुरोध किया गया। इसके बाद दो जुलाई को कंपनी ने अप्रैल 2025 का वेतन कुल पांच लाख 55 हजार 242 रुपए भुगतान कर दिया। कंपनी ने शेष बकाया पारिश्रमिक का भुगतान करने और भारत वापसी की व्यवस्था का आश्वासन कंपनी के प्रतिनिधि एनटी रेड्डी (महाप्रबंधक) ने भारतीय दूतावास के अधिकारियों को दिया है।

**साहिबगंज में मालगाड़ी...**

इसके बाद देखते ही देखते मालगाड़ी की कई बोगियां आपस में टकरा गईं और पलटकर क्षतिग्रस्त हो गईं। मालगाड़ी में पत्थर चिप्स लोड था। दुर्घटना की आवाज सुनकर गांव वाले उधर की तरफ भागे तो देखा कि एक के बाद एक मालगाड़ी की बोगियां आपस में टकरा कर पलटी हुई हैं। वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। कुछ ही देर बाद वहां पर सुरक्षा बल, प्रशासनिक और रेलवे के अधिकारी पहुंच गए। उन्होंने घटना की जानकारी अपने वरिष्ठों को दी। मालदा डीआरएम मनीष गुप्ता घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। कितनी क्षति हुई है, इसका आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आस्था

धार्मिक उल्लास के साथ निकली जैन समाज की भव्य कलश यात्रा

# सिद्धचक्र विधान का शुभारंभ, तीन सौ से अधिक श्रद्धालु शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को मेदिनीनगर में जैन समाज के श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा स्थानीय जैन मंदिर से प्रारंभ होकर छमुहान, ओवरब्रिज, रेड़मा होते हुए गणेश लाल सरावगी स्मृति परिसर, आबादगंज में संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाओं ने एक जैसे पारंपरिक परिधान में अभिमंत्रित जल से भरे कलश सिर पर लेकर भाग लिया। वहीं पुरुष केसरिया धोती-दुपट्टा पहनकर भक्ति में लीन रहे। रथ में भगवान की प्रतिमा को विराजमान कर बैंड बाजा के साथ अनुष्ठान स्थल तक लाया गया। यात्रा में अष्टकुमारियों और लोकांतिक देव स्वरूप बच्चों ने विशेष आकर्षण पैदा किया।



समारोह में बाल ब्रह्मचारी अन्नू भैया के सान्निध्य में अगले आठ दिनों तक विधान संपन्न होगा। प्रतिदिन संध्या सात बजे भक्तामर स्तोत्र के 48 दीपों के साथ आरती और प्रश्न मंच कार्यक्रम भी होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में जैन समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं अध्यक्ष सरस जैन की उपस्थिति रही। आयोजन में भक्ति, अनुशासन और भव्यता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

### प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था

कलश यात्रा के मार्ग में पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। यातायात नियंत्रण के लिए कुछ जवान यात्रा के साथ-साथ मौजूद रहे ताकि आमजन को असुविधा न हो और जुलूस सुचारु रूप से आगे बढ़ सके। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने जानकारी दी कि कलश यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। उन्होंने बताया कि अबादगंज में यात्रा का समापन सफलता पूर्वक कर लिया गया। इस दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली, और पूरा आयोजन प्रशासन एवं जैन समाज के सहयोग से सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## बिजली सरचार्ज प्रस्ताव पर चेंबर का विरोध आंदोलन की चेतावनी

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा निगम क्षेत्र में बिजली पर 5% सरचार्ज लगाए जाने के प्रस्ताव पर पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने कड़ा विरोध जताया है। चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने इसे जनता के साथ अन्याय करार देते हुए कहा कि सरकार नागरिकों को 'दुधारू गाय' समझ रही है। उन्होंने कहा कि पहले ही व्यापारी वर्ग ऑनलाइन मार्केट और बड़े मॉल से परेशान हैं, ऊपर से गुणवत्ता विहीन बिजली मिलने के बावजूद सरकार अतिरिक्त चार्ज लगाने की तैयारी कर रही है। यदि सरकार यह प्रस्ताव वापस नहीं लेती है, तो राज्यव्यापी आंदोलन तय है, जिसमें पलामू चेंबर भी भागीदार होगा। बैठक में रीजनल उपाध्यक्ष रिंकू दुबे, अविनाश वर्मा, कृष्ण अग्रवाल, महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल, अरविंद गुप्ता, राजदेव उपाध्याय, राकेश सोनी समेत अन्य सदस्यों ने भी विरोध जताया।



269 रन

# तिहरे शतक से चूके शुभमन गिल

## पहली पारी में भारत 587 रन पर आउट

**एजबेस्टन।** कप्तान शुभमन गिल के 269, रवींद्र जडेजा के 89 और यशस्वी जायसवाल के 87 रनों की मदद से भारतीय टीम ने एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए। दूसरे दिन चायकाल के बाद जब खेल शुरू हुआ तो सबकी नजर भारतीय कप्तान शुभमन गिल पर थी। वह 265 पर नाबाद थे। उम्मीद की जा रही थी कि वह तिहरा शतक पूरा करेंगे। लेकिन, तीसरा सेशन शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही वह 269 रन के स्कोर पर आउट हो गए। 387 गेंद की पारी में गिल ने तीन छक्के और 30 चौके लगाए। टेस्ट में गिल का यह पहला दोहरा शतक है। साथ ही किसी भी भारतीय कप्तान का बनाया यह सर्वाधिक स्कोर भी है। इस पारी के दौरान शुभमन गिल ने इंग्लैंड में भारतीय बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में मैनचेस्टर में 179 रन बनाए थे। वहीं, 2018 में विराट कोहली के बनाए 149 के आंकड़े को पार करते ही एजबेस्टन के मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बन गए। भारतीय टीम को 587 रन तक पहुंचाने में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रवींद्र जडेजा का अहम रोल रहा। जायसवाल ने 107 गेंद पर 87 रन की पारी खेली। इस दौरान करुण नायर के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 80 और गिल के साथ तीसरे विकेट के लिए 66 रन की अहम साझेदारियां निभाईं। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रवींद्र जडेजा ने 89 रन की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने कप्तान गिल के साथ छठे विकेट के लिए 203 रन की अहम साझेदारी की। वाशिंगटन सुदंर ने 42 रन बनाए और गिल के साथ सातवें विकेट के लिए 114 रन जोड़े। करुण नायर ने 31, ऋषभ पंत ने 25 रन बनाए। इंग्लैंड ने सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। शोएब बशीर ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स-जोश टंग को दो-दो विकेट मिले। स्टोक्स, कार्स, जो रुट ने एक-एक विकेट चटकाए। टॉस इंग्लैंड ने जीता था।

## नीरज चोपड़ा से मिले कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया

**कर्नाटक।** ओलंपिक पदक विजेता और वर्ल्ड नंबर-1 जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से उनके कावेरी स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नीरज चोपड़ा को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य गोविंदराजू भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर नीरज चोपड़ा से मुलाकात की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में सिद्दारमैया नीरज चोपड़ा को माला, शॉल और पगड़ी पहनाते दिखे। मुख्यमंत्री ने तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, "दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया के सबसे बेहतरीन जेवलिन थ्रो खिलाड़ियों में से एक नीरज चोपड़ा ने मुझसे मुलाकात की। इस मौके पर मैंने उनको खेल करियर में निरंतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।" इस मौके पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य गोविंदराजू भी मौजूद थे। पांच जुलाई को कांतिरवा स्टेडियम में होने वाली 'नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो कॉम्पिटिशन' में हिस्सा लेने के लिए नीरज चोपड़ा बेंगलुरु में हैं। 'नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो कॉम्पिटिशन' भारत में होने वाला पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स 'ए' कैटेगरी या कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल का इवेंट होगा।



## सात साल में थामा बैडमिंटन रैकेट जोड़ीदार के साथ मिलकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** चार जुलाई 1997 को मुंबई के मलाड में जन्मे चिराग शेट्टी भारत के स्टार शटलर हैं। विश्व स्तर पर कई बड़े टूर्नामेंट्स जीत चुके चिराग ने महज सात साल की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू किया था। चिराग गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब में उदय पवार बैडमिंटन अकादमी में बैडमिंटन के गुर सीखने पहुंचे। इसके बाद चिराग ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेनी शुरू की, जहां उनकी मुलाकात सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी से हुई। चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने यहां बैडमिंटन के गुर सीखे। इसी जोड़ी ने आगे भारत का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया। जोड़ी ने कड़ी मेहनत और शानदार तालमेल के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई। कोर्ट पर अपनी ताकत और स्किल के दम पर कई टूर्नामेंट जीते। इस जोड़ी को 'सात्ची' के नाम से बुलाया जाता है। चिराग शेट्टी ने साल 2016 में एशियन टीम चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके बाद साल 2018 में कॉमनवेल्थ के दौरान मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड और मेंस डबल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। इसके बाद चिराग शेट्टी ने एशियन टीम चैंपियनशिप-2020 में एक बार फिर ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। साल 2022 चिराग शेट्टी के लिए बेहद खास रहा। इस साल उन्होंने देश को थॉमस कप में गोल्ड, जबकि वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज दिलाया। 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ में उन्होंने गोल्ड और सिल्वर जीते। इसके अलावा एशियन गेम्स और एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड जीते। साल 2023 में चिराग शेट्टी एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। चिराग ने साल 2023 में सात्विक के साथ तीन बीडब्ल्यूएफ खिताब जीते। इनमें इंडोनेशिया ओपन, कोरिया ओपन और स्विस ओपन थे। अक्टूबर 2023 में यह जोड़ी बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया की नंबर-1 जोड़ी बन गई। यह कारनामा किसी भारतीय जोड़ी ने पहली बार किया था। चिराग शेट्टी ने 2020 टोक्यो ओलंपिक और 2024 पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया।

## 'पुरानी दिल्ली 6' से जुड़े रहेंगे ऋषभ पंत



**नई दिल्ली।** 'पुरानी दिल्ली 6' ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को टीम में बनाए रखने का ऐलान किया है। पंत को मार्की खिलाड़ी के तौर पर टीम में बनाए रखा गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन सेमीफाइनल मुकाबला बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। ऐसे में टीम दुर्भाग्यवश खिताब से दूर रह गई। ऋषभ पंत के टीम में बने रहने से उम्मीद है कि 2025 सत्र में पुरानी दिल्ली 6 और अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगी। ऋषभ पंत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "डीपीएल युवा प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इस लीग के सफल आयोजन का श्रेय रोहन जेटली और डीडीसीए को जाता है। डीपीएल के जरिए प्रदान किए गए मौकों से देशभर के कई खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं, जैसे कि दिग्वेश राठी और प्रियांश आर्य।" पंत ने कहा, "मेरे लिए पुरानी दिल्ली 6 सच में घर जैसा है। पिछले साल एक शानदार सीजन के बाद, सफल होने का हमारा दृढ़ संकल्प और भी मजबूत हुआ है। हम इस साल और भी मजबूत होकर लौटना चाहते हैं।" पुरानी दिल्ली 6 के मालिक आकाश नांगिया ने कहा, "ऋषभ पंत न केवल एक विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और स्वभाव से हमें बढ़त मिलती है। हम उनके इर्द-गिर्द एक मजबूत टीम बना रहे हैं। हमें इस साल आगे बढ़ने का पूरा भरोसा है।"

## फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत



**जमोरा (स्पेन)।** लिवरपूल और पुर्तगाल के फॉरवर्ड डिओगो जोटा की स्पेन में गुरुवार को 28 साल की उम्र में कार दुर्घटना में मौत हो गई। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के अनुसार दुर्घटना के समय जोटा अपने भाई के साथ कार में थे। प्रीमियर लीग और लिवरपूल फुटबॉल क्लब ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर फुटबॉलर के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय



'नारी शक्ति के लिए नए अवसर'

सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान,
के क्षेत्रीय केंद्र, रांची के उद्घाटन के अवसर पर
समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ

"हमारी माताएं, बहनें, बेटियां, विकसित भारत के संकल्प में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रही हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी नारी शक्ति की सफलताएं देशवासियों को गौरवान्वित करने वाली हैं।"
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

रांची केंद्र के खुलने से लाभ:

- देश के पूर्वी क्षेत्र के राज्यों - झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को मिलेगा लाभ और मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विशिष्ट प्रशिक्षण और अनुसंधान आवश्यकताओं को किया जाएगा पूरा।
- केंद्र द्वारा बाल मार्गदर्शन एवं परामर्श में एडवांस डिप्लोमा पाठ्यक्रम और अग्रिम पंक्ति के कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

उद्घाटन समारोह
मुख्य अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

गरिमामयी उपस्थिति
श्री संजय सेठ
माननीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय
श्रीमती सावित्री ठाकुर
माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
श्री नवीन जयसवाल
माननीय विधायक, हटिया
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी

दिनांक : 4 जुलाई 2025, शुक्रवार
स्थान : सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, झारखंड शहरी नियोजन एवं प्रबंधन संस्थान, एचईसी मुख्यालय के पास, धुर्वा, रांची, झारखंड

CBC 46101/13/0013/2526